www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर, शुक्रवार, 1 दिसंबर 2023 । वर्ष – 33 । अंक –212 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु





सीएम सिद्दारमैया बोले, बेंगलुरु में 188 और इंदिरा कैंटीन खुलेंगी पृष्ठ 3
■ खेल में खनकती पूंजी
■ खनिज तेल आपूर्ति में कटौती का सवाल, सभी निगाहें ओपेक की ... पृष्ठ 4
■ अमेरिका के आरोपों पर जांच रिपोर्ट के बाद कार्रवाई करेगा भारत
■ सीओपी-28 में भाग लेंगे मोदी पृष्ठ 9
बाबर की स्थिति से तुलना करना लगभग स्थिति की कोहली से तुलना करने जैसा है : उस्मान ख्वाजा पृष्ठ 10

# तेलंगाना में 5 बजे तक 64 फीसदी मतदान

## कई जगहों पर कांग्रेस व बीआरएस कार्यकर्ताओं में हुई भिड़ंत

**हैदराबाद**, 30 नवम्बर (एजेंसियां)। तेलंगाना की 119 विधानसभा सीटों पर 5 बजे 63.94 फीसदी मतदान दर्ज किया गया। आदिलाबाद में मतदान करने आए दो बुजुर्गों टोकला गंगम्मा (78) और राजन्ना (65) की मौत हो गई। मतदान के दौरान लाइन में खड़ी टोकला गंगम्मा को हार्ट अटैक आया। वहीं, लाइन में खड़े राजन्ना चक्कर आने की वजह से गिर गए। अस्पताल ले जाते वक्त रास्ते में उनकी मौत हो गई। वहीं पोलिंग बूथ में मीडिया से बात करने की वजह से बीआरएस नेता के कविता के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई है। मतदान के दौरान तीन से चार जगह कांग्रेस से बीआरएस और बीजेपी-बीआरएस के कार्यकर्ता भिड़ गए। कुछ जगहों पर लाठीचार्ज भी हुआ।



**2290 उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में कैद**

तेलंगाना में कुल 2290 उम्मीदवार मैदान में हैं। इनकी किस्मत ईवीएम में कैद हो गई है। राज्य में चुनाव के लिए 35 हजार 655 मतदान केंद्र बनाए गए थे। इनमें 511 केंद्र संवेदनशील रहे। ये सभी छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र की सीमा से लगे हैं और नक्सल प्रभावित हैं। सुरक्षा के लिए सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स की 100 से ज्यादा कंपनियां तैनात की गई थी। नतीजे 3 दिसंबर को आएंगे।

**बीआरएस व कांग्रेस के बीच मुख्य मुकाबला**

तेलंगाना विधानसभा का कार्यकाल 16 जनवरी 2024 को खत्म होने वाला है। यहां पिछली बार दिसंबर 2018 में विधानसभा चुनाव हुए थे और तेलंगाना राष्ट्र समिति ने सरकार बनाई थी। चंद्रशेखर राव दूसरी बार मुख्यमंत्री बने थे। टीआरएस का नाम अब बीआरएस (भारत राष्ट्र समिति) हो गया है। इस बार के चुनाव में सत्तारूढ़ बीआरएस, कांग्रेस और भाजपा के बीच सीधा मुकाबला है। साल 2018 में बीआरएस को 88, कांग्रेस को 19 सीटें मिली थीं। वहीं, भाजपा के खाते में केवल एक सीट आई थी।

# एग्जिट पोल में कांग्रेस को बढ़त पर कांटे की टक्कर भी

## एग्जिट पोल के अनुसार वोट शेयर में भाजपा को बढ़त, कांग्रेस को नुकसान

**रायपुर**, 30 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभ चुनाव के एग्जिट पोल में वोट शेयर के मामले में भाजपा को बढ़त मिलती दिख रही है। वहीं, वोट शेयर के लिहाज से कांग्रेस को नुकसान होता दिख रहा है। हालांकि अधिकांश पोल में सीटों के लिहाज से कांग्रेस को बढ़त मिलती दिख रही है।

आज तेलंगाना में मतदान समाप्त होने के साथ ही एग्जिट पोल के नतीजे आ गए हैं। अधिकांश सर्वे में छत्तीसगढ़ में कांग्रेस और भाजपा के बीच कांटे की टक्कर बताई जा रही है। वोट शेयर के लिहाज से भाजपा को फायदा होता दिख रहा है। वहीं, 2018 के विधानसभा चुनाव के नतीजों के हिसाब से कांग्रेस को थोड़ा नुकसान हो रहा है।

2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का वोट शेयर लगभग 44 प्रतिशत और भाजपा का साढ़े 33 प्रतिशत था। तब कांग्रेस 68 और भाजपा 15 सीट जीती थी। इस बार के चुनावी सर्वे में भाजपा का वोट शेयर 41 प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान बताया जा रहा है, जबकि कांग्रेस का वोट शेयर घटकर 42 प्रतिशत रह सकता है।

एग्जिट पोल कराने वाली संस्थाओं के अनुसार इसमें 3 से 6 प्रतिशत ऊपर-नीचे होने की संभावना बनी ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

रहती है। यानी पोल के नतीजे

**एग्जिट पोल केआंकड़े एक समान नहीं : भूपेश**

*मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, एग्जिट पोल के आंकड़ों में समानता नहीं है लेकिन 2 दिन बाद तो सभी आंकड़े एक समान होंगे। एग्जिट पोल चलने दीजिए, सरकार हमारी बनेगी, भारी बहुमत से बनेगी। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा, अभी 6-7 सर्वे हुए हैं और किसी के भी आंकड़े एक समान नहीं है। हमने 75 पार का लक्ष्य रखा था, हम उसी के आसपास रहेंगे।*

| छत्तीसगढ़ | कांग्रेस | भाजपा | अन्य |
|---|---|---|---|
| डीबी लाइव | 51-57 | 30-36 | 1-5 |
| जन की बात | 42-53 | 34-45 | 3 |
| इंडिया टीवी सीएनएक्स | 46-56 | 30-40 | 3-5 |
| एबीवी-सी वोटर | 41-53 | 36-48 | 0-4 |
| टाउम्स नाऊ-ईटीजी | 8-56 | 32-40 | 2-4 |

| मध्यप्रदेश | कांग्रेस | भाजपा | अन्य |
|---|---|---|---|
| डीबी लाइव | 116-130 | 92-106 | 2-14 |
| जन की बात | 102-12 | 100-123 | 0-5 |
| इंडिया टीवी सीएनएक्स | 70-89 | 140-149 | 0-2 |
| न्यूज 24 टुडेज चाणक्य | 74 | 151 | 5 |
| टाउम्स नाऊ-ईटीजी | 109-125 | 105-117 | 1-5 |

| राजस्थान | कांग्रेस | भाजपा | अन्य |
|---|---|---|---|
| डीबी लाइव | 93-107 | 72-86 | 16-24 |
| जन की बात | 62-85 | 100-122 | 14-15 |
| इंडिया टीवी सीएनएक्स | 94-104 | 80-90 | 14-18 |
| एबीवी-सी वोटर | 71-91 | 94-114 | 9-19 |
| टाउम्स नाऊ-ईटीजी | 56-72 | 108-128 | 13-21 |

| तेलंगाना | कांग्रेस | भाजपा | बीआरएस |
|---|---|---|---|
| डीबी लाइव | 72-78 | 2-4 | 30-36 |
| जन की बात | 48-64 | 7-13 | 40-45 |
| इंडिया टीवी सीएनएक्स | 63-79 | 2-4 | 31-47 |
| न्यूज 24 टुडेज चाणक्य | 71 | 7 | 33 |
| टाउम्स नाऊ-ईटीजी | 60-70 | 6-8 | 37-45 |

| मिजोरम | कांग्रेस | भाजपा | एमएनएफ | जेपीएम |
|---|---|---|---|---|
| डीबी लाइव | 12-16 | 0-0 | 10-14 | 10-14 |
| जन की बात | 5-9 | 0-2 | 10-14 | 15-25 |
| इंडिया टीवी सीएनएक्स | 8-10 | 0-2 | 14-18 | 12-16 |
| एबीवी-सी वोटर | 8-10 | 0-2 | 14-18 | 12-16 |
| टाउम्स नाऊ-ईटीजी | 8-10 | 0-2 | 14-18 | 12-16 |

## सार संक्षेप

### ज्ञानवापी सर्वेक्षण रिपोर्ट : कोर्ट ने एएसआई को दिया 10 दिन का समय

**वाराणसी**। वाराणसी अदालत ने गुरुवार को एएसआई को ज्ञानवापी सर्वेक्षण पूरा करने और रिपोर्ट जमा करने के लिए और 1 दिन का समय दे दिया। हिंदू पक्ष के वकील मदन मोहन यादव ने यह जानकारी दी। एएसआई ने तकनीकी देरी का हवाला देते हुए रिपोर्ट सौंपने के लिए तीन सप्ताह का समय मांगा था, लेकिन मस्जिद समिति ने इसका विरोध किया, कोर्ट ने सुनवाई की अगली तारीख 11 दिसम्बर तय की है।

### अमेरिका के पूर्व विदेश मंत्री हेनरी किसिंजर का निधन

**न्यूयॉर्क**। अमेरिका के पूर्व विदेश मंत्री हेनरी किसिंजर का बुधवार को 1 साल की उम्र में कनेक्टिकट स्थित घर पर निधन हो गया। राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन और जेराल्ड फोर्ड के कार्यकाल में विदेशमंत्री के तौर पर काम करने वाले डॉ. किसिंजर ने चीन के लिए रास्ता खोलने, मध्य पूर्व में योम किप्पुर युद्ध की समाप्ति पर बातचीत करने और वियतनाम युद्ध में अमेरिका की भूमिका को समाप्त करने में मदद करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। बयान के मुताबिक डॉ. किसिंजर ने राष्ट्रीय सुरक्षा मामलों पर 21 किताबें लिखी हैं।

### कन्नूर विवि के कुलपति की पुनर्नियुक्ति रद्द

**नई दिल्ली**। सुप्रीम कोर्ट ने ने कन्नूर विश्वविद्यालय के कुलपति पद पर डॉ. गोपीनाथ रवींद्रन की पुनर्नियुक्ति गुरुवार को रद्द कर दिया। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने डॉ. रवींद्रन की पुनर्नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिकाओं की समीक्षा के बाद यह फैसला सुनाया।

### आरबीआई ने एचडीएफसी बैंक पर जुर्माना लगाया

**मुंबई**। भारतीय रिजर्व बैंक ने फेमा की धाराओं के माध्यम से प्राप्त शक्तियों के तहत एचडीएफसी बैंक और बैंक ऑफ अमेरिका पर जुर्माना लगाया है। एचडीएफसी पर प्रवासियों से जमा स्वीकार करने पर आरबीआई के निर्देशों के उल्लंघन के लिए जुर्माना लगाया गया है। बैंक ऑफ अमेरिका पर फेमा 1999 की उदारीकृत प्रेषण योजना के तहत रिपोर्टिंग आवश्यकताओं पर निर्देशों का उल्लंघन करने के लिए जुर्माना लगाया गया है। दोनों पर 1-1 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

### गैंगस्टर सोनू खत्री का गुर्गा पंजाब में गिरफ्तार

**चंडीगढ़**। पंजाब पुलिस ने विदेश स्थित गैंगस्टर राजेश कुमार उर्फ सोनू खत्री के गुर्गे गैंगस्टर करणजीत सिंह उर्फ जस्सा हप्पोवाल और जसप्रीत सिंह उर्फ जस्सा मोहनवालिया को गिरफ्तार किया है।

**संसद का शीतकालीन सत्र 4 से हो रहा शुरू**

# सरकार ने संसद सत्र के लिए सूचीबद्ध किए 18 विधेयक

**नई दिल्ली**, 30 नवम्बर (देशबन्धु)। संसद का शीतकालीन सत्र अगले सप्ताह 4 दिसम्बर से शुरू हो रहा है। सरकार की ओर से इस सत्र के लिए जम्मू-कश्मीर और पुडुचेरी में महिला आरक्षण अधिनियम के प्रावधानों को बढ़ाने वाले दो और आपराधिक कानूनों को बदलने वाले तीन विधेयकों सहित कुल 18 विधेयकों को सूची बद्ध किया गया है। इसकी जानकारी लोकसभा सचिवालय द्वारा जारी बुलेटिन में बताया गया है कि सरकार कश्मीरी प्रवासियों, पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के विस्थापितों और अनुसूचित जनजातियों को प्रतिनिधित्व प्रदान करने के लिए जम्मू-कश्मीर विधानसभा के सदस्यों की

■ **लोकसभा सचिवालय द्वारा जारी बुलेटिन में दी गई जानकारी**



संख्या 107 से बढ़ाकर 114 करने के लिए एक विधेयक लाने की तैयारी कर रही है। जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2023, जम्मू और कश्मीर विधानसभा में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटें आरक्षित करने का प्रावधान करता है। इसके अलावा पुडुचेरी विधानसभा में महिलाओं के लिए समान आरक्षण प्रावधानों को प्रस्ताव करते हुए केंद्रशासित प्रदेश प्रदेश सरकार (संशोधन) विधेयक, 2023 को भी पेश किए जाने की योजना है।

**विधायी दस्तावेज में सात नए विधेयक शामिल** -शीतकालीन सत्र के लिए विधायी दस्तावेज में सात नए विधेयक शामिल हैं। इनमें से दो महिला कोटा विधेयक भी शामिल हैं। सरकार के ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

# प्रधानमंत्री ने 50 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे



■ **मोदी ने कहा, जनता के जीवन में सुगमता के लिए समर्पित हों कर्मचारी**
■ **देश भर के 37 स्थानों पर आयोजित किया गया रोजगार मेला**

**नई दिल्ली**, 30 नवम्बर (देशबन्धु) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के 50 हजार से अधिक युवाओं को सरकार के विभिन्न विभागों में नियुक्ति के पत्र वितरित किए और उनका आह्वान किया कि वे देश की जनता जनार्दन के जीवन में सुगमता लाने के लिए सत्य निष्ठा से खुद को खपाने के लिए तैयार रहें। श्री मोदी ने यहां एक कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नवनियुक्त कर्मियों को 51,000 से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद उन्हें संबोधित करते हुए यह कहा। यह रोजगार मेला देश भर के 37 स्थानों पर आयोजित किया गया। इस पहल में केन्द्र सरकार के विभागों के साथ-साथ राज्य सरकारों/केन्द्र- शासित प्रदेशों में भर्ती कर्मचारी भी शामिल थे। देश भर से चुने गए नए कर्मचारी सरकार के राजस्व विभाग, गृह मंत्रालय, उच्च शिक्षा विभाग, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, वित्तीय सेवाएं विभाग, रक्षा मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय तथा श्रम और रोजगार मंत्रालय सहित विभिन्न मंत्रालयों/विभागों में योगदान करेंगे। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर अपने संबोधन में नवनियुक्त कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि देश में लाखों युवाओं को भारत सरकार द्वारा नौकरी देने का अभियान लगातार जारी है। आज 50 हजार से ज्यादा युवाओं को सरकारी नौकरी के लिए नियुक्ति पत्र दिए गए हैं। ये नियुक्ति पत्र उनके परिश्रम और प्रतिभा का नतीजा है।

**भारत ने ब्राजील को सौंपी जी-20 की अध्यक्षता**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि जी-20 की अध्यक्षता के दौरान भारत ने बहुपक्षवाद में नई जान फूंकी, ग्लोबल साउथ की आवाज बुलंद की, विकास की हिमायत की, और हर जगह महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए लड़ाई लड़ी। श्री मोदी ने भारत की जी 20 अध्यक्षता के कार्यकाल के अंतिम दिन एक लेख में उम्मीद जताई कि इन इन क्षेत्रों में आगे भी तेजी से काम किया जाएगा। श्री मोदी ने कहा, अब जबकि हम जी-20 की अध्यक्षता ब्राजील को सौंप रहे हैं तो हम इस विश्वास के साथ ऐसा कर रहे हैं कि समस्त लोगों, धरती, शांति और समृद्धि के लिए हमारे सामूहिक कदमों की गूंज आने वाले वर्षों में निरंतर सुनाई देती रहेगी।

# देश में अब हाइड्रोजन ट्रेन दौड़ाने की तैयारी : वैष्णव

**नई दिल्ली**, 30 नवम्बर (देशबन्धु)। देश के अधिकांश हिस्सों में रेलवे का विद्युतीकरण हो जाने के बाद अब हाइड्रोजन ईंधन से रेलगाड़ियों को दौड़ाने की है। इसके लिए स्वदेशी प्रौद्योगिकी का निर्माण किया जा रहा है। उम्मीद जताई जा रही है कि पहली हाइड्रोजन रेलगाडी 2024 से के आखिर तक हरियाणा के जिंद से चलाई जा सकती है। यह जानकारी रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने दी। उन्होंने बताया कि कुछ देशों ने हाइड्रोजन से चलने वाली रेलगाडियों की प्रौद्योगिकी हासिल कर ली है। भारत भी इस दिशा में सकारात्मक रूप से आगे बढ़ रहा है। संभावना है कि चालू वित्त वर्ष के अंत तक रेलवे एक प्रोटोटाइप का विकास करने में सफल हो जाएगा। वैष्णव ने कहा कि इस तकनीक के आधार पर रेलगाड़ियों का निर्माण घरलू और अंतरराष्ट्रीय रेलवे प्रणाली निर्माताओं के साथ साझेदारी में किया जाएगा। प्रोटोटाइप तैयार हो जाने के बाद ग्लोबल फर्मों की रुचि के लिए आमंत्रण अगले साल जारी किया जा सकता है। मालूम हो कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने भी फरवरी 2023 के अपने बजट भाषण में विरासत के लिए हाइड्रोजन योजना की घोषणा थी। जो पर्यावरण की दृष्टि से संवेदनशील चुनिंदा विरासत और पहाड़ी मार्गों पर हाइड्रोजन से चलने वाली रेलगाड़ियों को संचालित करने की महात्वाकांक्षी योजना है। बतादें कि अभी सिर्फ जर्मनी ही है जहां व्यावसायिक रूप से हाइड्रोजन से चलने रेलगाड़ी का संचालन किया जा रहा है। जबकि अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस और जापान में इसके लिए परीक्षण चल रहा है।

**राजस्थान के मुख्यमंत्री गहलोत का दावा**

# कांग्रेस सभी पांच राज्यों में सरकार बनाएगी

**नई दिल्ली**, 30 नवम्बर (देशबन्धु)। एग्जिट पोल से पहले गुरुवार शाम को राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने दावा किया कि कांग्रेस उन सभी पांच राज्यों में सरकार बनाएगी जहां इस महीने चुनाव हुए हैं। राष्ट्रीय राजधानी में पार्टी मुख्यालय में मीडिया से बात करते हुए गहलोत ने कहा, कांग्रेस सभी पांच राज्यों में सरकार बनाएगी। मुझे लगता है कि भाजपा पांचों राज्यों में से किसी में भी नहीं जीतेगी।

उन्होंने कहा, राजस्थान में, एग्जिट पोल जो भी कहते हैं, और सट्टा बाजार जो भी कहता है, मीडिया जो भी कहता है और आपका सर्वेक्षण जो भी कहता है, मेरा अनुमान कहता है – जैसा कि मैंने पिछले छह महीनों में गांवों और शहरों में लोगों की



टिप्पणियां सुनीं, कांग्रेस सरकार बनाएगी।

मुख्यमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता की टिप्पणी उस दिन आई है जब दक्षिणी राज्य तेलंगाना में विधानसभा की 119 सीटों के लिए मतदान हो रहा था। मिजोरम की 40 विधानसभा सीटों के लिए मतदान 7 नवंबर को हुआ था, जबकि 90 सदस्यीय छत्तीसगढ़ विधानसभा के लिए मतदान 7 और 17 नवंबर को हुआ था। मध्य प्रदेश विधानसभा की 230 सीटों के लिए मतदान 17 नवंबर और 200 सदस्यीय राजस्थान विधानसभा के लिए मतदान 25 नवंबर को हुआ था। वोटों की गिनती 3 दिसंबर को होगी। कांग्रेस के लिए दांव ऊंचे हैं क्योंकि वह छत्तीसगढ़ और राजस्थान में सत्तारूढ़ पार्टी है और दोनों राज्यों में लगातार दूसरे कार्यकाल पर नजर गड़ाए हुए है। मध्य प्रदेश में पार्टी सत्ता में लौटने की उम्मीद कर रही है, जहां 2018 में जीतने के बावजूद मार्च 2020 में ज्योतिरादित्य सिंधिया और 22 विधायकों के पार्टी छोड़कर भाजपा में शमिल होने के बाद उसने बहुमत खो दिया। तेलंगाना में कांग्रेस सत्तारूढ़ बीआरएस को हराने की कोशिश कर रही है, जो राज्य में लगातार तीसरे कार्यकाल पर नजर गड़ाए हुए है।

# गुजरात में जहरीला सिरप पीने से 5 की मौत

**अहमदाबाद**, 30 नवम्बर (एजेंसियां)। गुजरात के खेड़ा जिले में कथित तौर पर मिथाइल अल्कोहल युक्त आयुर्वेदिक सिरप पीने से पिछले दो दिन में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और दो लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि खेड़ा जिले में नडियाड शहर के निकट बिलोदरा गांव में एक दुकानदार द्वारा 'कालमेघसव- आसव अरिष्ट' नामक आयुर्वेदिक सिरप लगभग 50 लोगों को बेचा गया था। खेड़ा के पुलिस अधीक्षक राजेश गढ़िया ने कहा कि एक ग्रामीण के रक्त के नमूने



की रिपोर्ट से पुष्टि हुई कि सिरप बेचने से पहले उसमें मिथाइल अल्कोहल मिलाया गया था। उन्होंने कहा कि पिछले दो दिन में सिरप पीने से पांच लोगों की मौत हो चुकी है और दो अन्य का अभी भी इलाज किया जा रहा है।

**मोरबी ब्रिज हादसा : ओरेवा ग्रुप के मालिक को सुप्रीम कोर्ट से जमानत नहीं**

गुजरात के मोरबी में 30 अक्टूबर 2022 को एक सस्पेंशन ब्रिज गिर गया था। हादसे में 135 लोगों की मौत हो गई थी। ब्रिज का मैंटेनेंस करने वाली कंपनी ओरेवा ग्रुप के मालिक जयसुख पटेल ने सुप्रीम कोर्ट में जमानत के लिए याचिका लगाई थी, जिस पर सुनवाई से कोर्ट ने इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने जयसुख पटेल के वकील से कहा- आप जमानत के लिए फिलहाल निचली अदालत या हाईकोर्ट जाएं।

# जोशीमठ के लिए 1658 करोड़ की योजना को मंजूरी

**नई दिल्ली**, 30 नवम्बर (देशबन्धु)। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समिति ने उत्तराखंड के जोशीमठ के लिए 1658.17 करोड़ रुपए की एक योजना को मंजूरी दे दी है। इस योजना के तहत राष्ट्रीय आपदा मोचन कोष से 1079.96 करोड़ रुपए की केन्द्रीय सहायता प्रदान की जाएगी। राज्य सरकार राहत के लिए राज्य आपदा मोचन कोष से 126.41 करोड़ रुपए और राज्य के बजट से 451.80 करोड़ रुपए प्रदान करेगी, जिसमें पुनर्वास के लिए 91.82 करोड़ रुपए भूमि अधिग्रहण लागत भी शामिल है। उत्तराखंड का जोशीमठ भूस्खलन और ज़मीन धंसने से प्रभावित हुआ है और केन्द्र सरकार ने राज्य सरकार को सभी आवश्यक तकनीकी और लॉजिस्टिक सहायता प्रदान की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के मार्गदर्शन में सभी तकनीकी एजेंसियों ने त्वरित कार्रवाई कर जोशीमठ के लिए योजना तैयार करने में राज्य सरकार की मदद की है। इस योजना को तीन वर्ष की अवधि में लागू किया जाएगा।

**मौसम** — बर्फ के गिरते ही सैलानियों को पुकारने लगा कश्मीर, सर्दियों में एक प्रमुख पर्यटक आकर्षण बन चुका गुलमर्ग

# धरती के स्वर्ग ने ओढ़ी बर्फ की सफेद चादर

सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, 30 नवम्बर (देशबन्धु)। धरती का स्वर्ग कहे जाने वाला कश्मीर बर्फ की चादर में लिपटा हुआ है। कश्मीर के ऊंचे इलाकों में बर्फबारी हुई तो वहीं मैदानी इलाकों में बारिश हुई। उत्तरी कश्मीर के गुलमर्ग और सोनमर्ग में जमकर बर्फबारी हुई है।**

बर्फ के गिरते ही विश्व प्रसिद्ध पर्यटनस्थल गुलमर्ग सैलानियों को पुकारने लगा है क्योंकि जम्मू कश्मीर के पहाड़ी इलाके में बसा गुलमर्ग सर्दियों और प्रकृति प्रेमियों के लिए एक प्रमुख गंतव्य के रूप में उभरा है। उत्तरी कश्मीर में स्थित यह सुरम्य स्थान, बर्फ से ढके परिदृश्यों से सुसज्जित एक मनोरम स्वर्ग में बदल चुका है, जो रोमांच और शांति की तलाश करने वाले पर्यटकों को आकर्षित कर रहा है। यह सच है कि बर्फ से ढका गुलमर्ग पर्यटकों और साहसिक खेलों के प्रेमियों को



मंत्रमुग्ध कर देने वाला अनुभव प्रदान कर रहा है।

**समुद्र तल से 8,694 फीट की ऊंचाई पर**

समुद्र तल से लगभग 8,694 फीट की ऊंचाई पर, गुलमर्ग सर्दियों के महीनों के दौरान एक प्रमुख पर्यटक आकर्षण बन चुका है। बर्फ से ढका यह इलाका आगंतुकों और साहसिक प्रेमियों को एक मंत्रमुग्ध कर देने वाला अनुभव प्रदान कर रहा है, जो इसे एक पसंदीदा गंतव्य बना रहा है। बर्फबारी के बाद राष्ट्रीय स्तर के शीतकालीन खेलों की मेजबानी के लिए प्रसिद्ध गुलमर्ग, खुद को शीतकालीन खेल केंद्र के रूप में स्थापित कर चुका है। इस क्षेत्र में विश्व स्तरीय स्की रिसॉर्ट हैं, जो स्कीइंग, स्नोबोर्डिंग और विभिन्न शीतकालीन खेलों के अवसर प्रदान कर रहे हैं। इसका आकर्षक इलाका दुनिया भर से साहसिक चाहने वालों और पेशेवर एथलीटों को आकर्षित कर रहा है। गुलमर्ग में केबल कार की सवारी गोंडोला दुनिया की सबसे ऊंची केबल कारों में से एक है, जो लुभावनी यात्रा पर निकलने वाले आगंतुकों को एक शानदार अनुभव प्रदान कर रही है।

# नौकरी तलाशने के बजाय नौकरी देने वाला मालिक बनाने का अभियान है स्वावलंबी भारत

**गौरेला पेंड्रा मरवाही** 30 नवंबर (देशबन्धु)। स्वदेशी जागरण मंच और स्वावलंबी भारत अभियान के अंतर्गत 30 नवंबर को जिला स्तरीय बैठक सरस्वती शिशु मन्दिर पेंड्रा में आयोजित हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय संगठन मंत्री केशव दुबोलिया ने बताया कि स्वावलंबी भारत अभियान युवाओं में नौकरी तलाशने की मानसिकता को बदलकर नौकरी देने वाला उद्यम का मालिक बनने की अग्रसर करने का अभियान है, रोजगार सृजन केंद्र के माध्यम से बड़ी संख्या में युवाओं को उद्यमिता के विभिन्न आयामों जैसे 64-कलाओं आधारित सांस्कृतिक स्टार्टअप, सोलह सिंगार स्टार्टअप, हर्बल ब्यूटी - डेकोरेटिव प्रोडक्ट्स फैशन एसेसरीज मातृशक्ति उद्यमिता, 108 जड़ी-बूटी आधारित हर्बल स्टार्टअप, मोटाअनाज आधारित 1008 भारतीय व्यंजनों का रेडी टू ईट स्टार्टअप, छप्पन-भोग खानपान उधमिता, 108 भारतीय मसाला स्टार्टअप, वनौषधि- आयुष स्टार्टअप, ट्रेडिंग, जनजातीय उधमिता, हथकरघा-बुटीक गारमेंट्स स्टार्टअप, हस्तशिल्प, गोबर उत्पाद, पूजन सामग्री स्टार्टअप, फूड प्रोसेसिंग स्टार्टअप, शिल्प एवं हथकरघा, डेयरी स्टार्टअप, बेकरी स्टार्टअप, महुआ स्टार्टअप, जैव उर्वरक, घरेलू / दैनिक उपयोग की वस्तुओं का स्टार्टअप, चमरा - फुटवियर, बायोप्लास्टिक, स्पोर्ट्स आइटम स्टार्टअप्स, घरेलू इलेक्ट्रॉनिक स्टार्टअप, सेमीकंडक्टर - मेडिकल इलेक्ट्रॉनिक स्टार्टअप, नेचुरोपैथी एक्यूप्रेशर स्टार्टअप, संगीत एवं मनोरंजन उपकरण स्टार्टअप, रियल स्टेट सामग्री स्टार्टअप, 3डी प्रिंटिंग, सौर ऊर्जा, बैटरी इलेक्ट्रिकल वाहन स्टार्टअप सहित उनके अभिरुचि के अनुसार उद्यम शुरू करने स्टार्टअप-उद्यमिता-पारिस्थितिकी-तंत्र को विकसित किया जा सकता है।



### आर्थिक विकेंद्रीकरण, सहकारिता आधारित उद्यमिता से स्वराज का मॉडल

केशव ने आगे बताया कि प्रत्येक गाँव / जिला में उपभोक्ता आधारित दैनिक आवश्यकताओं की अधिकांश वस्तुओं की आपूर्ति करने के लिए उन्हीं गाँव / जिला में स्वदेशी उत्पादन, लोकल के लिए वोकल, सहकारिता आधारित आर्थिक विकेंद्रीकरण पर बल दिया जा रहा है जिससे स्थानीय उत्पाद प्राथमिकता की श्रेणी में आ जाएगी। प्रत्येक गाँव / जिला में इमर्जिंग बिजनेस इकोसिस्टम को विकसित किया जायेगा जिसका उद्देश्य सहकारिता उद्यमिता के विश्वास को बढ़ावा देना, क्वालिटी कण्ट्रोल के अनुकूल माहौल तथा मार्केटिंग के स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ाना है जिससे समाज के अंतिम छोर के युवा स्वावलंबी होंगे तभी सही मायने में भारत स्वावलंबी होगा।

**अमृतकाल में 16-30 वर्ष के 38 करोड़ युवाओं को स्वावलंबी बनाने का अभियान**

नीरज जैन ने बताया कि भारत के पास मौजूदा वक्त में 16 से 30 वर्ष के 38 करोड़ युवा-शक्ति का सामर्थ्य हैं तथा प्रत्येक वर्ष सवा करोड़ युवा रोजगार के लिए बाजार में आ रहे हैं। इनके रोजगार की पूर्ति अकेले सरकार या कंपनियां नहीं कर सकती हैं, इसके लिए स्वउद्यमिता को बढ़ावा देने को ध्यान में रखकर भाजपा आगे बढ़ रही हैं, युवाओं में उद्यमिता, स्वरोजगार व अर्थसृजन करने को एक जनआंदोलन बनाना प्रमुख उद्देश्य है, ज्ञात हो कि इस दिशा में मोदी सरकार के द्वारा उठाए जा रहे कदमों से ईंज आफ डूईंग बिजनेस की रैंकिंग में भारत ने प्रभावी बढ़त बना ली है।

आशीष गुप्ता ने बताया कि भारत सरकार की अनेक योजनाएं संचालित हो रही है, योजना के माध्यम से जिले में उधमिता स्थापित कराने का लक्ष्य है। इसके अलावा पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्रोदय योजना, प्रधानमंत्री उद्यमिता योजना के तहत युवाओं को उद्यमिता स्थापित करवाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, तथा वर्तमान में औद्योगिक भूमि पर्याप्त उपलब्ध है। जिससे आने वाले समय में जिले के युवा औद्योगिक भूमि आबंटित कराने के लिए आवेदन कर सकते हैं। उद्यमी बनने के लिए बैंक को का अपना अपना बहुत सी योजनाएं हैं जिसमें डीपीआर के आधार पर बैंक से लोन प्रदान किया जाता है युवाओं को इसमें आगे बढ़कर बैंक से सहायता लेकर उद्यमी बनना चाहिए इसके लिए बैंक युवाओं की सहायता के लिए सदैव तत्पर हैं।

### 2030 तक गरीबी मुक्त भारत बनाने का लक्ष्य

जिला संयोजक नीरज जैन ने बताया कि आजादी के बाद पहली बार इसप्रकार के अभिनव सबसे बड़े अभियान के लिए सामाजिक, शैक्षणिक व शासकीय योजनायें एक मंच पर आए हैं। जिसका उद्देश्य संपूर्ण भारत को गरीब मुक्त व हर हाथ को काम देना है। देश में गरीबी तथा बेरोजगारी एक राक्षस के रूप में खड़ी है, जिस तरह भगवान श्रीराम ने राक्षस का वध कर बुराई पर अच्छाई को स्थापित किया, उसी तरह प्रत्येक युवा में स्व का जागरण कर स्वावलंबी बनने से गरीबी और बेरोजगारी की समस्या का स्थायी समाधान मिल जायेगा। आनेवाले 25 वर्षों अमृतकाल यानी स्वाधीनता के 100 वर्ष होने तक विश्व के श्रेष्ठ राष्ट्रों में भारत स्थापित होगा इसके लिए युवाओं को स्व के जागरण के इस विजयरथ पर सवार होकर नौकरी कर नौकर बनने की मानसिकता को बदलते हुए उन्हें अपने स्वयं के उद्यम का मालिक बनने के लिए प्रेरित किया जायेगा तथा प्रत्येक युवा गरीबी पर विजय पाने का प्रण लेगा, इस सामूहिकता से निश्चिततौर पर भारत की अर्थव्यवस्था वर्ष 2030 तक 10 ट्रिलियन डालर से ज्यादा हो जायेगा।

**कार्यक्रम में प्रमुख रूप से समेत विभिन्न अनुषांगिक संगठन**

स्वदेशी जागरण मंच, लघु उद्योग भारती, सहकार भारती, ग्राहक पंचायत, राष्ट्रीय सेवा भारती, भारतीय किसान संघ, भारतीय मज़दूर संघ, अखिल भारतीय विध्यार्थी परिषद, विश्व हिंदू परिषद (सेवा विभाग), वनवासी कल्याण आश्रम, भारतीय शिक्षण मंडल भारतीय जनता पार्टी, विकास भारती के कार्यकर्ता प्रत्यक्ष तथा आभासी माध्यम से उपस्थित थे।

## हल्की बारिश से ठंडा रहा मौसम, धूप निकली तो 4 डिग्री चढ़ गया पारा

**बिलासपुर,** 30 नवम्बर (देशबन्धु)। दो दिन बाद शहर में धूप निकलने की वजह से अधिकतम तापमान में वृद्धि हुई। ये 23.4 डिग्री से बढ़कर 27.4 डिग्री पर पहुंचा। पर हल्की बारिश होने की वजह से दिन में भी मौसम ठंडा ही रहा। अधिकांश समय लोग गर्म कपड़ों में नजर आए। न्यूनतम तापमान में डेढ़ डिग्री की वृद्धि हुई। ये 16.4 डिग्री दर्ज हुआ जबकि एक दिन पहले ये 17.8 डिग्री था। बुधवार की तरह गुरुवार का मौसम रहने की संभावना है। बंगाल की खाड़ी और अरब सागर से आ रही नमी के कारण शहर का मौसम तीन दिनों से बदल चुका है। वहीं लगातार दूसरे दिन शहर में हल्की बारिश हुई। दिन की शुरुआत कोहरे से हुई। सुबह 8:30 बजे 92 फीसदी नमी रही। जिसकी वजह से काफी समय तक कोहरा छाया रहा। सुबह के समय ठिठुरन ज्यादा रही। वहीं धूप निकलने के बाद कोहरा तो छंट गया लेकिन ठंड बनी रही। इसके बाद कभी धूप निकली तो कभी आसमान पर मौजूद बादलों ने सूरज को ढंक लिया।

**दिन का तापमान चार डिग्री बढ़ा, रात का डेढ़ डिग्री घटा**

मौसम विभाग के मुताबिक दक्षिण पूर्व बंगाल की खाड़ी और अंडमान सागर के आसपास एक सिस्टम बना हुआ है जो कि प्रबल होकर आगे बढ़ते ही 30 नवंबर को बंगाल की खाड़ी के ऊपर पहुंचेगा। इसके बाद यह और ज्यादा प्रबल होकर गहरा अवदाब और फिर चक्रवाती तूफान (मिचौंग) के रूप में 2 दिसंबर को दक्षिण पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उससे लगे दक्षिण पूर्व बंगाल की खाड़ी में पहुंचने की संभावना है। इसका असर 4 दिसंबर को बिलासपुर संभाग के जिलों में होगा।

## *प्रथम पृष्ठ का शेष*

**एग्जिट पोल में कांग्रेस को...**

रहती है। यानी पोल के नतीजे बदल सकते हैं। लगभग सभी सर्वे में राज्य की ज्यादातर सीटों पर कांग्रेस और भाजपा के बीच सीधी टक्कर की बात कही गई है। 3 से 5 सीटों पर बसपा और जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ भी टक्कर में रही। इन सीटों पर त्रिकोणीय मुकाबला रहा।

**वोट शेयर और सीटों की संख्या का गणित**

राज्य बनने के बाद से अब तक चार बार विधानसभा के चुनाव हुए हैं। 2023 का चुनाव पांचवां है। इससे पहले हुए 4 चुनाव के वोट शेयर और सीटों की संख्या का गणित देखें तो अधिक वोट शेयर के बावजूद सीटों की संख्या कम रही है। 2013 के विधानसभा चुनाव में भाजपा तीसरी बार सरकार बनाने में सफल रही थी। उस चुनाव में भाजपा को 49 सीट मिले थे, जबकि पार्टी का वोट शेयर 42 प्रतिशत से अधिक था। वहीं, 2008 में भाजपा के खाते में 40 प्रतिशत वोट गए थे, जबकि पार्टी को 50 सीट मिले थे, 2003 में भी भाजपा को 50 सीटें मिली थी, लेकिन तक पार्टी का वोट शेयर 39 प्रतिशत था। इधर, कांग्रेस को 2003 में लगभग 37 प्रतिशत वोट शेयर के साथ कांग्रेस 37 सीट जीत पाई थी। 2008 में कांग्रेस 38 सीट जीती थी। इस चुनाव में कांग्रेस का वोट शेयर लगभग 39 प्रतिशत था। 2013 में कांग्रेस का वोट शेयर लगभग 42 प्रतिशत था, लेकिन सीट केवल 39 ही मिल पाई थी।

सभी एग्जिट पोल में कांग्रेस को बढ़त मिलते दिख रही है। टाइम्स नाउ के एग्जिट पोल में कांग्रेस को बढ़त मिल रही है। सर्वे के अनुसार कांग्रेस को 48-56 सीटें मिलने का अनुमान है। जबकि भाजपा के खाते में 32-40 सीटें आ सकती हैं। अन्य को दो से चार सीटें मिल सकती हैं। न्यूज 24 चाणक्य टुडेज के सर्वे में छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को जबरदस्त बढ़त मिल रही है। कांग्रेस को 57 सीटें मिल सकती हैं, जबकि भाजपा को 33 सीटें मिलने का अनुमान है। जन की बात के एग्जिट पोल के अनुसार कांग्रेस को जोरदार बढ़त मिल रही है। जन की बात के अनुसार कांग्रेस को 42-53 सीटें मिल रही हैं। जबकि भाजपा 34-45 जीत रही है। अन्य को तीन सीटें मिल रही हैं। सीवोटर के एग्जिट पोल में छत्तीसगढ़ के 90 विधानसभा सीटों में कांग्रेस को 41-53 सीटें मिल रही हैं। भाजपा के खाते में 36-48 सीटें आ रही हैं। वहीं अन्य को चार सीटें मिलते दिख रही हैं। सीएनएक्स के एग्जिट पोल के अनुसार कांग्रेस को बढ़त मिल रही है। सीएनएक्स के अनुसार भाजपा को 30-40 सीटें मिल रही हैं। जबकि कांग्रेस को 46-56 सीटें मिल रही हैं। जबकि अन्य को तीन से पांच सीटें मिल रही हैं।

इंडिया टुडे-माई एक्सिस के सर्वे के अनुसार कांग्रेस को 42 फीसदी वोट शेयर मिल रहा है ।जबकि भाजपा को 41 फीसदी वोट मिल रहा है। इस बार यहां कांटे की टक्कर है। भाजपा को 36 से 46 सीटें मिल सकती हैं। कांग्रेस को 40 से 50 सीटें मिलने का अनुमान है। एक्सिस इंडिया के एग्जिट पोल के अनुसार छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को 40-50, भाजपा 36-46 और अन्य को 1 से 5 सीटें दी हैं।

**बहुमत के लिए चाहिए 46 सीटें**

छत्तीसगढ़ की कुल 90 सीटों पर बहुमत के लिए किसी भी पार्टी को 46 सीटें जीतनी होंगी। मतदाताओं के रुझान के आधार पर कड़े मुकाबले की चर्चा हो रही है। कांग्रेस 75 पार तो भाजपा 55 सीट के साथ जीतने का दावा करती दिख रही है।

**सरकार ने संसद सत्र के लिए...**

एजेंडे में 33 लंबित विधेयकों के बैकलॉग को संबोधित करना भी शामिल है,जिनमें से 12 विचार और पारित कराने के लिए सूचीबद्ध हैं। लंबित विधेयकों में तीन आपराधिक कानून संशोधन विधेयक भी शामिल हैं, जिन्हें मानसूत्र में ही लोकसभा में पेश किया गया था। बाद में इन्हें स्थायी समिति के पास भेज दिया गया था। फिलहान समिति ने अपनी रिपोर्ट गृहमंत्रालय को सौंप दी है।

**सरकार ने कल बुलाई सर्वदलीय बैठक**

सरकार ने संसद सत्र के सुचारू संचालन के बारे में बातचीत के लिए शनिवार को सभी राजनीतिक दलों की बैठक बुलाई है। संसदीय कार्य मंत्रालय ने गुरुवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी संसद का शीतकालीन सत्र शुरु होने से पहले संसद के दोनों सदनों में राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ मुलाकात करेंगे। मंत्रालय ने कहा है कि सर्वदलीय बैठक 2 दिसंबर को संसद पुस्तकालय भवन में होगी। शीतकालीन सत्र 4 दिसम्बर को शुरू होगा और सरकारी कामकाज की उपलब्धता के अनुसार यह 22 दिसंबर तक चलेगा। सत्र की 19 दिनों की अवधि में कुल 15 बैठकें होंगी।

## खेल मानसिक शारीरिक और सामाजिक विकास के लिए महत्वपूर्ण- विनय




**तखतपुर** 30 नवंबर (देशबन्धु)। डी ए वी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल देवरी खुर्द में क्लस्टर स्तर पर दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतिस्पर्धा का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. एस एन पांडेय प्राचार्य डी ए वी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल गोढ़ी ,डी ए वी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल वेद परसदा की प्राचार्या श्वेता श्रीवास्तव एवम संस्था प्रमुख विनय कुमार श्रीवास्तव की गरिमामय उपस्थिति में आगाज हुआ।

वार्षिक खेलकूद प्रतिस्पर्धा का आगाज संस्था प्रमुख विनय कुमार श्रीवास्तव एवम मुख्य अथितियों के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन करके शाला नायक अर्जुन सिंह ठाकुर एवम छात्रा संचित कौशिक के साथ मशाल पर अग्नि प्रज्वलित करके किया । तत्पश्चात प्रतियोगिता में शामिल डी ए वी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल के बारह विद्यालयों ने अपने विद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए खेल भावना के सम्मान में मुख्य अथितियों एवम संस्था प्रमुख को सलामी देते हुए मार्च पास्ट किया। इस दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतिस्पर्धा में विभिन्न स्तर पर कुल सात खेलों का आयोजन किया गया जिनमें वॉलीबाल, ताइक्वांडो, कराटे, जूडो, विशु, शतरंज, एवम योगा प्रमुख है। इस वार्षिक खेलकूद प्रतिस्पर्धा में बड़े उत्साह के बालिका एवम बालक वर्ग में कुल 103 प्रतिभागियों ने भाग लिया। डी ए वी विद्यालय देवरीखुर्द के छात्रों ने कराटे प्रतिस्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जिसमे शिवम सिंह ने अंडर-17 बालक वर्ग के श्रेणी में प्रथम एवम बालिका वर्ग में तनुश्री यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं जूडो अंडर-14 बालक वर्ग के श्रेणी में तन्मय सिंगरौल प्रथम एवम जूडो अंडर-17 बालिका वर्ग में संचिता कौशिक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। योगा अंडर-17 बालिका वर्ग में प्रज्ञा पहाड़ी, एवम अंडर- 14 बालिका प्रियंजली ने पहला स्थान प्राप्त किया। ताइक्वांडो अंडर- 17 बालिका वर्ग में संचिता एवम बालक वर्ग में अथर्व द्विवेदी, निशांत देवांगन ने अपने अपने भार वर्ग श्रेणी में पहला और अर्जुन सिंह ठाकुर ने अंडर -19 में पहला मुकाम दर्ज किया। इसी तरह शतरंज अंडर-17 शानिया ध्रुवंसी ,तनुश्री यादव, श्रुति गायकवाड ने क्रमशः प्रथम , द्वितीय एवम तृतीय स्थान को प्राप्त किया एवम् इसी तरह बालिका वर्ग अंडर-14 में पीहू बंसल, वर्तिका दुबे,आयुषी सिंह ने क्रमशः प्रथम , द्वितीय एवम तृतीय स्थान को प्राप्त किया।

वालीवॉल प्रतिस्पर्धा में विपक्षी टीम न होने के कारण जोनल स्तर के लिए विद्यालयीन टीम को विजेता घोषित किया गया। ताइक्वांडो अंडर- 14 बालक वर्ग के अलग अलग भार श्रेणियों में प्रांजल कौशिक, अविनाश कौशिक, शुभम सिंह, तन्मय सिंगरौल एवम अक्षत सिंह ठाकुर ने अपने अपने वर्ग में प्रथम प्राप्त कर विद्यालय को गौरांवित किया। इसी प्रकार ताइक्वांडो अंडर- 14 बालिका वर्ग के अलग अलग भार श्रेणियों में आस्था यादव, लिसिता, ललिता सिंगरौल, आरती रजक, हर्षिता सिंगरौल, प्रज्ञा पहाड़ी ने उच्च स्थान को प्राप्त किया एवम संजनी, प्रियंजलि ने द्वितीय स्थान पर सफलता अर्जित की। वार्षिक खेलकूद प्रतिस्पर्धा का समापन डी ए वी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल से आए हुए प्रतिभागियों के द्वारा जैबलिंग करते हुए किया गया। वार्षिक खेलकूद प्रतिस्पर्धा के समापन समारोह में संस्था प्रमुख ने अपने उद्बोधन में कहा कि खेल मानसिक शारीरिक और सामाजिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है। यह हमे स्वस्थ रखने, दिमाग की क्षमता को विकसित करने , सामारिकता का अभ्यास करने और टीमवर्क करने का अवसर प्रदान करता है ।यह हमारी जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाता है एवम सकारात्मक सोच, संघर्ष करने की प्रवृति और जीतने की कौशलता को प्रगाढ़ बनाती है।

उपरोक्त कार्यक्रम को सफल बनाने के में अन्य विद्यालय से आए हुए खेल शिक्षकों की प्रमुख भागीदारी एवम विद्यालयीन शिक्षक और शिक्षिका रीना सिंह, एकता सिंह, कृष्ण कौशिक, अंकुश जैन, प्रशांत सिंह ठाकुर, रश्मि सोनी, ज्योति तिवारी दीपिका यादव , गुलबर्ग टांडे , तानिया तिवारी, पूर्णिमा वैश्य, ऐश्वर्या साहू, निशा राय, मुकेश कुमार, आदित्य चंदेल, राहुल यादव, यतेंद्र कुमार, गौरव तिवारी, हर्षिता राजपूत, प्रियंका निराला, स्वलेहा खान एवं विद्यालय के चतुर्थ के कर्मचारियों की प्रमुख सहभागिता रही।

## सार-संक्षेप

### शिक्षक कुरैशी को सेवानिवृत्त होने पर दी गई विदाई



**तखतपुर** 30 नवंबर (देशबन्धु) । पूर्व माध्यमिक शाला बरेला में पदस्थ शिक्षक उमर कुरैशी 30 नवम्बर को सेवानिवृत हो गया। सेवानिवृती दिवस पर शाला परिवार की ओर से विदाई दी गई।

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बरेला में कार्यरत शिक्षक उमर कुरैशी 40 वर्ष की शिक्षकीय सेवा देने के बाद 30 नवम्बर को सेवानिवृत हो गए। इस अवसर पर शाला में कार्यक्रम का आयोजन किया गया और उन्हें स्मृति चिंह शाला श्रीफल देकर विदाई दी गई। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी प्रतिभा मण्डलोई ने कहा कि शिक्षक अपने सेवा के दौरान एक कुम्हार की तरह बच्चों की जीवन में नयापन लेकर आते है और जो उन बच्चों को भविष्य में हर तरह से मददगार साबित होता है। शिक्षक आजीवन मार्गदर्शक बना रहता है। उमर कुरैशी ने कहा कि मैं 43 वर्ष शिक्षा विभाग में सेवा दिया 1981 से शिक्षकीय कार्य का शुरूआत किया था और 2023 में अपनी अधिवार्षिकीय पूरा कर सेवा निवृत हो रहा हूं इस दौरान बच्चों को बेहतर से बेहतर शिक्षा देने का प्रयास किया। इस अवसर पर प्रभाकांत शर्मा, विवेक निर्मलकर सहित अन्य उपस्थित रहे।

### महिला डॉक्टर हुई ऑनलाइन ठगी का शिकार

**बिलासपुर,** 30 नवम्बर (देशबन्धु)। एक महिला डॉक्टर ऑनलाइन ठगी का शिकार हो गई। उन्हें साइबर ठग ने शेयर मार्केट में हुए नुकसान की भरपाई कराने का झांसा दिया और उनके अकाउंट संबंधित ओटीपी लेकर 3 लाख 20 हजार रुपए ट्रांसफर कर लिए। उन्होंने धोखाधड़ी की शिकायत पुलिस से की है, जिस पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामला सरकंडा थाना क्षेत्र का है। मोपका स्थित शिवम वाटिका कालोनी निवासी मनीषा विजयवर्गीय (47) डाक्टर हैं। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया कि वे एक साल से शेयर मार्केट में ट्रेडिंग कर रही हैं। इस दौरान शेयर मार्केट में पैसे लगाने पर उन्हें नुकसान हुआ। इस बीच उनकी पहचान शेयर मार्केट से जुड़े जितेंद्र गढ़ामोडे से हुई। उसने डाक्टर को शेयर मार्केट में हुए नुकसान की भरपाई कराने का झांसा दिया। महिला डॉक्टर उसकी बातों में आ गई। फिर उसके कहने पर अपने शेयर एकाउंट का ओटीपी उसे दे दी।

**ओटीपी देने के बाद अकाउंट से उड़ गए 3.20 लाख रुपए**

महिला डॉक्टर से ओटीपी लेकर ठग ने उसका दुरुपयोग शुरू कर दिया। फिर उनके बैंक अकाउंट से उसने तीन लाख 20 हजार रुपए ट्रांसफर कर लिया। जिसके बाद डॉक्टर के मोबाइल पर अकाउंट से पैसे कटने की जानकारी मिली, जिसके बाद उन्होंने पुलिस से शिकायत की। इस पर पुलिस ने धोखाधड़ी का केस दर्ज कर मामले की जांच शुरूकर दी है।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202310073200045/अ क्रमांक/क/वा./अति.तह./2023 बिलासपुर, दिनांक 11.10.2023

ग्राम लगरा के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि छ.ग.शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन नया रायपुर अटल नगर के पत्र क्र. 2430/एफ-4/सात-/ 2020 नया रायपुर अटल नगर दिनांक 13.08.20 के अनुसार आपस में संलग्न खसरा नंबर की भूमि के साथ नक्शा को सम्मिलित किये जाने हेतु आवेदक मेसर्स श्री वैभव एसोसिएट द्वारा श्री राकेश दुआ पिता प्राणनाथ निवासी मुंगेली नाका संजय तरण पुष्कर के सामने नेहरू नगर बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) की भूमि ग्राम लगरा प.ह.नं. 27 रा.नि.मं. मोपका तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 672/2, रकबा 0.0770 हेक्टे. खसरा नंबर 678 रकबा 0.3080 हेक्टे. खसरा नंबर 681/1 रकबा 0.1260 हेक्टे. खसरा नंबर 682/1, रकबा 0.1780 हेक्टे. खसरा नंबर 682/2, रकबा 0.0650 हेक्टे. खसरा नंबर 682/5, रकबा 0.0930 हेक्टे. खसरा नंबर 689/2, रकबा 0.1210 हेक्टे. खसरा नंबर 689/5, रकबा 0.610 हेक्टे. खसरा नंबर 690 रकबा 0.1460 हेक्टे. खसरा नंबर 494/1, रकबा 0.1460 हेक्टे. खसरा नंबर 494/5, रकबा 0.1540 हेक्टे. खसरा नंबर 682/3, रकबा 0.1380 हेक्टे. खसरा नंबर 682/4, रकबा 0.2910 हेक्टे. खसरा नंबर 686 रकबा 0.1170 हेक्टे. खसरा नंबर 687/1, रकबा 0.0810 हेक्टे. खसरा नंबर 689/1, रकबा 0.0810 हेक्टे. खसरा नंबर 689/4, रकबा 0.0610 हेक्टे. खसरा नंबर 689/6, रकबा 0.0610 हेक्टे. खसरा नंबर 691/1, रकबा 0.850 हेक्टे. कुल खसरा योग 19 कुल रकबा 2.3900 हेक्टे. भूमि को एकीकृत किये जाने हेतु आवेदन पत्र, शपथ पत्र बी-1, खसरा, नक्शा सहित प्रस्तुत किया है।

यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 06/12/12023 को सुबह 11.00 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेंगे।

आज दिनांक 11.10.2023 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

सील

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

**शपथ-पत्र**

मैं, मौतृषा राव उम्र 47 वर्ष पति स्व. नगाम रितेश राव, निवासी शांतिनगर न्यू लाईफ हॉस्पिटल के पास, बिलासपुर तहसील एवं जिला बिलासपुर (छ.ग.) की हूं जो कि निम्नानुसार कथन शपथ पूर्वक करती हूं कि मेरा आधार नंबर 735118436331 है।

(1) मेरे पति के द्वारा जीवन बीमा निगम बिलासपुर में एक पॉलिसी क्रय किया गया है , जिसका नंबर 373665598 है। उक्त पॉलिसी में मेरा नाम नामिनी के रूप में सागरिका (एन.सागरिका) अंकित करा दिया गया है। (2) मौतृषा राव एवं सागरिका मेरा ही नाम है और वह मैं ही हूं।

(3) यह शपथपत्र मैं जीवन बीमा निगम बिलासपुर के समक्ष अपने नाम के संबंध में निष्पादित करती हूं कि – मौतृषा राव एवं सागरिका (एन. सागरिका) एक ही व्यक्ति की नाम है। यदि मेरे नाम के संबंध में किसी प्रकार का विवाद होता है तो उसके लिये मैं स्वयं जवाबदार रहूंगी।

**शपथकर्ती**
**मौतृषा राव**
**शांतिनगर न्यू लाईफ हॉस्पिटल के पास, बिलासपुर (छ.ग.)**

ICICI Home Finance
आईसीआईसीआई होम फाइनैंस
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड, आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, अंधेरी – कुर्ला रोड, अंधेरी (ईस्ट), मुंबई–400059, भारत
शाखा कार्यालय : प्रथम तल, इंदिरा टावर, ए–26, जोन–।।, मेन रोड, व्यापार विहार, बिलासपुर (सी.जी.) 495001

**खनियम 8 (6) का परंतुक देखें,**
**अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई–नीलामी बिक्री सूचना। एतद्द्वारा सर्वसाधारण को तथा विशेष रूप से कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत क्रेडिटर के पास बंधक रखी/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका सांकेतिक कब्जा आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, "जैसी है जहां है", जैसी है जो भी है" तथा "जो भी है वहां है" आधार पर नीचे दिए संक्षिप्त विवरण के अनुसार बेची जाएगी ;

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/सह–कर्जदारों/गारंटरों/कानूनी वारिसों का नामऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि | सुरक्षित मूल्य / धरोहर राशि जमा | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | तीजराम (कर्जदार), हीराबाई डहरिया (सह–कर्जदार) ऋण खाता सं. एलएचबीएसआर00001311973 एलएचबीएसआर00001302730 | मूजा मल्हार पीएच नंबर 35, खसरा नंबर 486/4, आरएनएम मस्तूरी नगर पंचायत मल्हार निकट पट्टेश्वर महादेव मंदिर मल्हार बिलासपुर मस्तूरी खसरा नंबर 486/4, बिलासपुर–495553 | रू. 44,32,274/– 22–11–2023 | रू. 24,89,611/– / रू. 2,48,970/– | 11–12–2023 को पूर्वा.11.00 बजे से अप. 03.00 बजे तक | 19–12–2023 को अप.2.00 बजे से अप. 3.00 बजे तक |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी ग्लोब टेक की वेबसाइट (यूआरएल लिंक – https://BestAuctionDeal.com) पर सम्पन्न होगी। बंधकदाताओं/सूचनाप्रेषिती को 18–12–2023 को अप. 5.00 बजे से पूर्व कुल बकाया उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी। संभावित बिडर (बिडर्स) को धरोहर राशि जमा (ईएमडी) आरटीजीएस/डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) (कालम ई देखें) आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड, प्रथम तल, इंदिरा टावर, ए–26, जोन–।।, मेन रोड, व्यापार विहार, बिलासपुर (सी.जी.) 495001 में 18–12–2023 को अथवा पूर्व अप. 04.00 बजे से पहले जमा करनी होगी। संभावित बिडर (बिडर्स) को पंजीकरण प्रपत्र एवं बोली के नियम एवं शर्तों की हस्ताक्षरित प्रति भी आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड, प्रथम तल, इंदिरा टावर, ए–26, जोन–।।, मेन रोड, व्यापार विहार, बिलासपुर (सी.जी.) 495001 में 18–12–2023 को अथवा पूर्व अप. 05.00 बजे से पहले जमा करनी होगी। धरोहर राशि जमा हेतु डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) किसी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से "आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड–नीलामी" के पक्ष में बिलासपुर में देय होना चाहिए।

निरीक्षण, नीलामी के निबंधन और शर्तों या निविदा जमा करने के संबंध में किसी अतिरिक्त स्पष्टीकरण के लिए कृपया आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड से 7021072869 पर अथवा हमारे सेल्स एवं मार्केटिंग पार्टनर नेक्सजेन सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड से सम्पर्क करें।

प्राधिकृत अधिकारी के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बिड्स को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है। बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया देखें : https://www.icicihfc.com/

तिथि : 01–12–2023
स्थान : बिलासपुर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड

ICICI Home Finance
आईसीआईसीआई होम फाइनैंस
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड, आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, अंधेरी – कुर्ला रोड, अंधेरी (ईस्ट), मुंबई–400059, भारत
शाखा कार्यालय : प्रथम तल, इंदिरा टावर, ए–26, जोन–।।, मेन रोड, व्यापार विहार, बिलासपुर (सी.जी.) 495001
शाखा कार्यालय : क्रीसेंट प्लाजा, यूनिट–एच4, द्वितीय तल, निकट स्वरूप टॉकीज, स्टेशन रोड, दुर्ग, छत्तीसगढ़–491001

**खनियम 8 (6) का परंतुक देखें,**
**अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई–नीलामी बिक्री सूचना। एतद्द्वारा सर्वसाधारण को तथा विशेष रूप से कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत क्रेडिटर के पास बंधक रखी/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका भौतिक कब्जा आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, "जैसी है जहां है", जैसी है जो भी है" तथा "जो भी है वहां है" आधार पर नीचे दिए संक्षिप्त विवरण के अनुसार बेची जाएगी ;

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/सह–कर्जदारों/गारंटरों/कानूनी वारिसों का नाम ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि | सुरक्षित मूल्य / धरोहर राशि जमा | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | राधेश्याम देवांगन (कर्जदार), प्रभा देवांगन (सह–कर्जदार), ऋण खाता संख्या एलएचबीएसआर00001330025 | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : सम्पत्ति परिवर्तित भूमि शीट नंबर 31, प्लॉट नंबर 10, राजस्व सर्वे नंबर 1704/3, मौजा निरातू, पटवारी सर्किल नंबर 31/53, ग्राम पंचायत क्षेत्र की सीमांतर्गत, आरआई सर्किल सकरी, ब्लॉक तखतपुर तहसील तखतपुर, जिला बिलासपुर (छतीसगढ़) | रू. 20,65,579/– 17–11–2023 | रू. 17,22,263/– / रू. 1,72,230/– | 11–12–2023 को पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 03.00 बजे तक | 19–12–2023 को अप. 2.00 बजे से अप. 3.00 बजे तक |
| 2. | सुरजीत सिंह संधू (कर्जदार), कुलदीप कौर संधू (सह–कर्जदार), ऋण खाता संख्या एलएचआरपीआर00001299525 | ग्राम कुंडा वार्ड नंबर 19, आदर्श नगर, कुगदा, तहसील पाटन दुर्ग पाटन खसरा नंबर 50/10, दुर्ग, छत्तीसगढ़–491001 | रू. 29,49,806/– 23–11–2023 | रू. 19,13,844/– / रू. 1,91,390/– | 11–12–2023 को पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 03.00 बजे तक | 19–12–2023 को अप. 2.00 बजे से अप. 3.00 बजे तक |
| 3. | कैलाश चन्द दुबे (कर्जदार), गायत्री दुबे (सह–कर्जदार), ऋण खाता संख्या एलएचबीएसआर00001448415 एवं एलएचबीएसआर00001448416 | मौजा बोदरी पीएच नंबर 1 केएच नंबर 528/2 पार्ट, वार्ड नंबर 2, रविशंकर शुक्ला वार्ड, नगर पंचायत बोदरी, तहसील और जिला बिलासपुर सीजी, बिलासपुर 528/2, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ – 495001 | रू. 29,79,542/– 23–11–2023 | रू. 24,05,700/– / रू. 2,40,570/– | 11–12–2023 को पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 03.00 बजे तक | 19–12–2023 को अप. 2.00 बजे से अप. 3.00 बजे तक |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी ग्लोब टेक की वेबसाइट (;wvkj,y fyad & https://BestAuctionDeal.com) पर सम्पन्न होगी। बंधकदाताओं/सूचनाप्रेषिती को 18–12–2023 को अप. 5.00 बजे से पूर्व कुल बकाया उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी। संभावित बिडर (बिडर्स) को धरोहर राशि जमा (ईएमडी) आरटीजीएस/डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) (कालम ई देखें) आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड, प्रथम तल, इंदिरा टावर, ए–26, जोन–।।, मेन रोड, व्यापार विहार, बिलासपुर (सी.जी.) 495001 में 18–12–2023 को अथवा पूर्व अप. 04.00 बजे से पहले जमा करनी होगी। संभावित बिडर (बिडर्स) को पंजीकरण प्रपत्र एवं बोली के नियम एवं शर्तों की हस्ताक्षरित प्रति भी आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड, प्रथम तल, इंदिरा टावर, ए–26, जोन–।।, मेन रोड, व्यापार विहार, बिलासपुर (सी.जी.) 495001 में 18–12–2023 को अथवा पूर्व अप. 05.00 बजे से पहले जमा करनी होगी। धरोहर राशि जमा हेतु डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) किसी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से "आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड–नीलामी" के पक्ष में बिलासपुर, दुर्ग में देय होना चाहिए।

निरीक्षण, नीलामी के निबंधन और शर्तों या निविदा जमा करने के संबंध में किसी अतिरिक्त स्पष्टीकरण के लिए कृपया आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड से 022–69974300 पर अथवा हमारे सेल्स एवं मार्केटिंग पार्टनर नेक्सजेन सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड से सम्पर्क करें।

प्राधिकृत अधिकारी के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बिड्स को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।

बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया देखें : https://www.icicihfc.com/

तिथि : 01–12–2023
स्थान : बिलासपुर , दुर्ग
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड

# देश

उवाच

‘एम्बुलेंस चालकों का निजी अस्पतालों के साथ गुप्त समझौता होता है और वे सभी दुर्घटनाग्रस्त मरीजों को सरकारी अस्पतालों के बजाय निजी अस्पतालों में ले जाते हैं।’ ऐसी बहुत सारी घटनाएं हैं। एक बार जब उन्हें निजी अस्पतालों में ले जाया जाता है, तो मरीज़ों को भारी बिल चुकाना पड़ता है, जबकि उन्हें सरकारी अस्पताल में बहुत कम कीमत पर इलाज मिल सकता था:- डीके शिवकुमार, डिप्टी सीएम कर्नाटक



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 25.1 | 12.6 |
| मुंबई | 31.5 | 19.7 |
| कोलकाता | 3`.` | 2.8 |
| चेन्नई | 28.4 | 22.9 |

# समृद्धि के लिए देश की सीमाओं के साथ आंतरिक सुरक्षा जरूरी: मुर्मु



■ ‘शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए देश की सीमाओं और उसकी आंतरिक सुरक्षा बहुत आवश्यक है। हम ‘वसुधैव कुटुंबकम’ की परंपरा का पालन करते हैं, लेकिन हमारी सेनाएं उन बाहरी या आंतरिक ताकतों का सामना करने में पूरी तरह से सक्षम और तैयार हैं :- द्रौपदी मुर्मु

**नई दिल्ली,** 30 नवम्बर (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज कहा कि शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए देश की सीमाओं और उसकी आंतरिक सुरक्षा बहुत आवश्यक है। श्रीमती मुर्मु ने पुणे के खड़कवासला में गुरूवार को राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) के 145वें कोर्स की दीक्षांत परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने सेना की 5वीं बटालियन के भवन की आधारशिला भी रखी। राष्ट्रपति ने इस मौके पर कहा, ‘शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए देश की सीमाओं और उसकी आंतरिक सुरक्षा बहुत आवश्यक है। हम ‘वसुधैव कुटुंबकम’ की परंपरा का पालन करते हैं, लेकिन हमारी सेनाएं उन बाहरी या आंतरिक ताकतों का सामना करने में पूरी तरह से सक्षम और तैयार हैं जो देश की एकता और अखंडता की भावना को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करती हैं।’

राष्ट्रपति ने कहा कि एनडीए नेतृत्व का एक ऐसा उद्गम स्थल है जिसने महान योद्धाओं को जन्म दिया है। यह अकादमी देश के सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण संस्थानों में भी विशिष्ट स्थान रखती है और इसकी सशस्त्र बलों के लिए देश के एक मजबूत स्तंभ के रूप में मान्यता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि एनडीए से प्राप्त प्रशिक्षण और जीवन मूल्य कैडेटों को अपने जीवन में आगे बढ़ने में हमेशा सहायता प्रदान करते हैं। उन्होंने कैडेटों को भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए नई प्रौद्योगिकियों को सीखकर और उन्हें अपनाकर आगे बढ़ने की सलाह दी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि वे सशस्त्र सेवाओं के मूल्यों को आगे बढ़ाते हुए पूरे साहस और बहादुरी के साथ हर चुनौती का सामना करेंगे।

राष्ट्रपति एनडीए की पासिंग आउट परेड के मार्चिंग दस्ते में महिला कैडेटों की पहली बार भागीदारी देखकर बहुत प्रसन्न हुई। उन्होंने कहा कि आज का यह दिन सच्चे अर्थों में ऐतिहासिक है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी महिला कैडेट भविष्य में देश और एनडीए को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगी।

# सीएम सिद्दारमैया बोले, बेंगलुरु में 188 और इंदिरा कैंटीन खुलेंगी

**बेंगलुरु,** 30 नवम्बर (एजेंसियां)। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने कहा कि लोगों के फायदे के लिए इस वर्ष बेंगलुरु में 188 अतिरिक्त इंदिरा कैंटीन खोली जाएंगी। इंदिरा कैंटीन सरकार द्वारा संचालित कैंटीन हैं और लोगों को सब्सिडी वाला भोजन उपलब्ध कराती हैं। सीएम ने यह जानकारी गुरुवार को विधान भवन परिसर में संत कनकदास की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद मीडिया से बात करते हुए दी।

इस दौरान इंदिरा कैंटीन के बारे में एक सवाल का जवाब देते हुए सीएम ने कहा कि बेंगलुरु के 225 वार्डों में इंदिरा कैंटीन शुरू की जाएगी। इसके अलावा जहां जरूरी होगा, वहां कैंटीन शुरू की जाएगी। जहां इंदिरा कैंटीन के लिए जगह की कमी है, वहां मोबाइल कैंटीन स्थापित की जाएगी। सीएम ने कहा कि कनकदास एक समाज सुधारक थे। उन्होंने अपने साहित्य के माध्यम से मानवता का उपदेश दिया। वह एक सार्वभौमिक व्यक्ति थे जिन्होंने भेदभाव रहित समतामूलक समाज के निर्माण के लिए कड़ी मेहनत की। उन्होंने रामधन्य चरित, मोहनतरंगिणी सहित कई कृतियों की रचना की। गुरुवार को सरकार कनकदास की जयंती मना रही है, जिन्होंने समाज में भेदभाव खत्म करने के लिए लड़ाई लड़ी। उन्होंने साहित्य के माध्यम से लोगों को अपने आदर्शों से अवगत कराया। उन्होंने अपने दास साहित्य की रचना सरल भाषा में की ताकि लोग समझ सकें। मुख्यमंत्री ने सभी प्रदेशवासियों को कनकदास जयंती की शुभकामनाएं दीं।



लोगों के फायदे के लिए इस वर्ष बेंगलुरु में 188 अतिरिक्त इंदिरा कैंटीन खोली जाएंगी। इंदिरा कैंटीन सरकार द्वारा संचालित कैंटीन हैं और लोगों को सब्सिडी वाला भोजन उपलब्ध कराती हैं:-सिद्दारमैया, मुख्यमंत्री कर्नाटक

## कर्नाटक के मुख्यमंत्री ने डॉक्टरों से कहा: पुराने, गंदे कपड़े पहनकर आने वालों के साथ मानवीय व्यवहार करें

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने गुरुवार को डॉक्टरों से उन गरीब लोगों का मानवता के साथ इलाज करने का आह्वान किया, जो उनके पास पुराने और गंदे कपड़ों में आते हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें बिना भेदभाव के अच्छी स्वास्थ्य सेवा मिलनी चाहिए। मुख्यमंत्री सिद्दारमैया स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा कर्नाटक विधान सौध की सीढ़ियों पर आयोजित एक कार्यक्रम में 262 अत्याधुनिक एम्बुलेंस को सार्वजनिक सेवा में समर्पित करने के बाद बोल रहे थे। सिद्दारमैया ने कहा कि यह देखना सरकार का लक्ष्य है कि बेंगलुरु के विश्व स्तरीय जयदेव अस्पताल में प्रदान की जाने वाली गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ सभी सरकारी अस्पतालों में भी उपलब्ध हों। उन्होंने कहा कि सरकार राज्य के लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। स्वास्थ्य सेवा में आपातकालीन एम्बुलेंस को जोड़ा गया है ताकि इलाज के अभाव में किसी की जान न जाए। उन्होंने कहा कि राज्य में 840 से अधिक एम्बुलेंस की आवश्यकता है और प्रत्येक तालुक में चार एम्बुलेंस काम कर रही हैं और हर दिन सैकड़ों लोगों को आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रही हैं। उन्होंने बताया कि प्राथमिक आपातकालीन उपचार जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सिद्दारमैया ने कहा कि हर जिले में एमआरआई स्कैनिंग की सुविधा होनी चाहिए क्योंकि निजी डायग्नोस्टिक केंद्रों में सेवाओं की उच्च लागत के कारण गरीबों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।

## सार संक्षेप

### मध्य प्रदेश में 3 दिसंबर को ‘ड्राई डे’ की घोषणा

भोपाल। मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनाव की मतगणना 3 दिसम्बर को होने जा रही है। इस दिन शराब, भांग आदि की दुकानें बंद रहेंगी। कुल मिलाकर 24 घंटे ड्राई डे रहेगा। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी भोपाल आशीष सिंह ने मतगणना दिवस 3 दिसम्बर के संपूर्ण दिवस यानि 24 घंटे के लिए ड्राई डे घोषित किया है। भोपाल जिले की सभी सातों विधानसभा क्षेत्रों की 87 शराब दुकानों पर मदिरा के क्रय-विक्रय और भंडारण आदि पर प्रतिबंध लगाया गया है। इस दौरान जिले की परिसीमा में स्थित एवं संचालित सभी शराब दुकानों, रेस्टोरेंट बार, होटल बार, सिविलियन क्लब, सैनिक थोक कैंटीन, फुटकर कैंटीन, वाइन विक्रय के लिए स्वीकृत रिटेल आउटलेट एवं अन्य लाइसेंस केंद्र बंद रहेंगे। इसी तरह जिंसी चैराहा स्थित देशी शराब भंडारागार और गांधीनगर स्थित विदेशी शराब भंडारागार से शराब के आयात, निर्यात, परिवहन, क्रय, विक्रय एवं प्रदाय पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। कलेक्टर सिंह ने आबकारी विभाग को निर्देश दिए हैं कि उक्त आदेश का सख्ती से पालन किया जाए एवं उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जाए।

### ईडी ने जम्मू-कश्मीर में आठ ठिकानों पर ली तलाशी

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 223 करोड़ रुपए से अधिक की जम्मू-कश्मीर सहकारी बैंक धोखाधड़ी की जांच के सिलसिले में गुरुवार को जम्मू-कश्मीर में कई ठिकानों पर तलाशी ली। यह धोखाधड़ी रिवर झेलम कोऑपरेटिव हाउस बिल्डिंग सोसायटी के नाम पर की गई थी। सोसायटी सिर्फ कागजों पर ही है। सूत्रों ने कहा कि वित्तीय जांच एजेंसी जम्मू-कश्मीर में आठ से अधिक ठिकानों पर तलाशी ले रही है। हालांकि, अधिकारी घटनाक्रम पर चुप्पी साधे हुए हैं। इससे पहले ईडी ने मामले में कार्रवाई की थी और कई लोगों से पूछताछ की थी।

### महिलाओं की 13, अश्लील तस्वीरें रखने के आरोप में बेंगलुरु से बीपीओ कर्मचारी गिरफ्तार

बेंगलुरु। महिलाओं की 13, अश्लील तस्वीरें रखने और उन्हें अपनी महिला सहकर्मियों के चेहरे के साथ फोटोशॉप करने के आरोप में बेंगलुरु से 25 वर्षीय बीपीओ कर्मचारी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि उसने कबूल किया है कि उसे ऐसा करने में मजा आता था। आरोपी बीपीओ कर्मचारी की पहचान आदित्य संतोष के रुप में हुई है। उसे बेंगलुरु साइबर क्राइम पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी वर्तमान कंपनी में पिछले पांच महीने से ग्राहक सेवा एजेंट के रूप में काम कर रहा था।

# भारत भूमि, आकाश, समुद्र, अंतरिक्ष के क्षेत्र में राष्ट्रों की अग्रणी पंक्ति में: धनखड़

**नई दिल्ली,** 30 नवम्बर (एजेंसियां)। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि भारत भूमि, आकाश, समुद्र और अंतरिक्ष के क्षेत्र में ‘राष्ट्रों की अग्रणी पंक्ति’ में है और यह उपलब्धि पिछले साल आईएनएस-विक्रांत के प्रक्षेपण और कई स्वदेशी रक्षा उपकरणों के विकास से सिद्ध हुई है। श्री धनखड़ ने बृहस्पतिवार को यहां में भारतीय लोक प्रशासन संस्थान (आईआईपीए) के 49 वें एडवांस्ड प्रोफेशनल प्रोग्राम इन पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन (एपीपीपीए) के प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत आज पांचवीं सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था है और 2030 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के विकास के लिए ‘निर्णय लेने’ के महत्व का उल्लेख करते हुए उच्चतम स्तर के प्रदर्शन और कर्तव्य के प्रति अपनी अटूट भावना का उदाहरण पेश करने के लिए रक्षा कर्मियों की सराहना की। श्री धनखड़ ने कहा कि भारतीय मानव प्रतिभा दुनिया में बेजोड़ है। उन्होंने कहा कि आबादी के सभी वर्गों की प्रौद्योगिकी अपनाने की इच्छा के परिणामस्वरूप प्रति व्यक्ति इंटरनेट डेटा खपत आश्चर्यजनक रूप से अमेरिका और चीन की तुलना में अधिक हो गई है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य एक ‘बड़े बदलाव’ को दर्शाता है। अब सत्ता के गलियारे सत्ता के दलालों, संपर्क एजेंटों और बिचौलियों से पूरी तरह मुक्त हो गए हैं। चंद्रयान -3 के सफल प्रक्षेपण का उल्लेख करते हुए कहा कि इसरो ने सबसे अधिक प्रतिस्पर्धी बाजार मूल्य पर कई विकसित देशों के उपग्रहों का प्रक्षेपण करके अपने लिए एक जगह बनाई है।



भारत भूमि, आकाश, समुद्र और अंतरिक्ष के क्षेत्र में ‘राष्ट्रों की अग्रणी पंक्ति’ में है और यह उपलब्धि पिछले साल आईएनएस-विक्रांत के प्रक्षेपण और कई स्वदेशी रक्षा उपकरणों के विकास से सिद्ध हुई:-जगदीप धनखड़, उप राष्ट्रपति

## लालू यादव के बयान पर प्रशांत किशोर का तंज, एक एमपी नहीं और तय कर रहे देश का पीएम

**पटना,** 30 नवम्बर (एजेंसियां)। राजद के अध्यक्ष लालू प्रसाद ने बुधवार को जहां मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की तारीफ करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का खेल खत्म होने की बात कही थे, वहीं इस बयान पर चर्चित चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने कटाक्ष किया है। जन सुराज अभियान के सूत्रधार किशोर ने कहा कि जिनके पास एक भी सांसद नहीं, वे देश का पीएम तय कर रहा है। दरअसल, राजद के अध्यक्ष लालू प्रसाद ने बुधवार को पांच राज्यों में हुए चुनाव को लेकर कहा था कि पीएम नरेंद्र मोदी का खेल खत्म है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का कोई मुकाबला नहीं है। लालू प्रसाद के इस बयान पर प्रशांत किशोर ने गुरुवार को कहा कि अगर खुद के मुंह से प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री बनना होता, तो किसी दूसरे के प्रयास करने की बात ही कहां थी। उन्होंने कहा कि लालू यादव की पार्टी के पास लोकसभा में जीरो एमपी हैं, लेकिन वो तय करेंगे कि प्रधानमंत्री कौन बनेगा?, नीतीश कुमार के 42 विधायक हैं और मुख्यमंत्री बनने के लिए कभी लालटेन पर लटकते हैं, तो कभी कमल के फूल पर बैठते हैं, वह देश के पीएम बनेंगे।

# राजस्थान के सीएम का दावा, कांग्रेस सभी पांच राज्यों में सरकार बनाएगी

**नई दिल्ली,** 30 नवम्बर (एजेंसियां)। एग्जिट पोल से पहले गुरुवार शाम को राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने दावा किया कि कांग्रेस उन सभी पांच राज्यों में सरकार बनाएगी जहां इस महीने चुनाव हुए हैं। राष्ट्रीय राजधानी में पार्टी मुख्यालय में मीडिया से बात करते हुए गहलोत ने कहा, ‘कांग्रेस सभी पांच राज्यों में सरकार बनाएगी। मुझे लगता है कि भाजपा पांचों राज्यों में से किसी में भी नहीं जीतेगी।’ उन्होंने कहा, ‘राजस्थान में, एग्जिट पोल जो भी कहते हैं, और सट्टा बाजार जो भी कहता है, मीडिया जो भी कहता है और आपका सर्वेक्षण जो भी कहता है, मेरा अनुमान कहता है – जैसा कि मैंने पिछले छह महीनों में गांवों और शहरों में लोगों की टिप्पणियां सुनीं –कांग्रेस सरकार बनाएगी।’ मिजोरम की 40 विधानसभा सीटों के लिए मतदान 7 नवम्बर को हुआ था, जबकि 90 सदस्यीय छत्तीसगढ़ विधानसभा के लिए मतदान 7 और 17 नवम्बर को हुआ था। मध्य प्रदेश विधानसभा की 230 सीटों के लिए मतदान 17 नवम्बर और 200 सदस्यीय राजस्थान विधानसभा के लिए मतदान 25 नवम्बर को हुआ था। वोटों की गिनती 3 दिसंबर को होगी। कांग्रेस के लिए दांव ऊंचे हैं क्योंकि वह छत्तीसगढ़ और राजस्थान में सत्तारूढ़ पार्टी है और दोनों राज्यों में लगातार दूसरे कार्यकाल पर नजर गड़ाए हुए है।

मध्य प्रदेश में पार्टी सत्ता में लौटने की उम्मीद कर रही है, जहां 2018 में जीतने के बावजूद मार्च 2020 में ज्योतिरादित्य सिंधिया और 22 विधायकों के पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल होने के बाद उसने बहुमत खो दिया।



‘कांग्रेस सभी पांच राज्यों में सरकार बनाएगी। मुझे लगता है कि भाजपा पांचों राज्यों में से किसी में भी नहीं जीतेगी, ‘राजस्थान में, एग्जिट पोल जो भी कहते हैं :- अशोक गहलोत, मुख्यमंत्री

## मतदान के दिन नागार्जुन सागर में तनाव एक साजिश: रेवंत रेड्डी

**हैदराबाद,** 30 नवम्बर (एजेंसियां)। तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) के अध्यक्ष ए. रेवंत रेड्डी ने गुरुवार को आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के बीच नागार्जुन सागर बांध पर तनावपूर्ण स्थिति को राज्य सरकार की साजिश करार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि के. चंद्रशेखर राव का ये हताश प्रयास कामयाब नहीं होगा। उन्होंने तेलंगाना के लोगों से इस तरह के बहकावे में न आने की अपील की और वादा किया कि सत्ता में आने के बाद कांग्रेस सभी अंतरराज्यीय विवादों को बातचीत से सुलझाने की कोशिश करेगी। कांग्रेस नेता तेलंगाना के अधिकारियों द्वारा आंध्र प्रदेश को पानी छोड़ने के लिए बांध के दरवाजे खोलने से रोकने के बाद दोनों राज्यों के पुलिस बलों के बीच तनाव की खबरों पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। उन्होंने मांग की कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) को इस समस्या पर ध्यान देना चाहिए क्योंकि सरकार उनके अधीन काम कर रही है। उन्होंने दावा किया कि बांध पर हुई घटना पिछले नौ वर्षों से अंतर-राज्यीय समस्याओं को हल करने में केसीआर की विफलता को साबित करती है। ‘उनकी असफलताएं सबके सामने हैं। उन्होंने केवल अपने परिवार और निजी हितों की परवाह की है।’

जाति जनगणना पर पीएम मोदी का पलटवार, कहा -

# मेरी लिए सबसे बड़ी जाति गरीब, युवा, महिलाएं और किसान

**नई दिल्ली,** 30 नवम्बर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में जाति जनगणना की मांग कर रहे कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दलों पर पलटवार करते हुए कहा है कि उनके लिए सबसे बड़ी जाति गरीब, युवा, महिलाएं और किसान हैं और इन चार जातियों का उत्थान ही भारत को विकसित बनाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने गुरुवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के विभिन्न राज्यों के लाभार्थियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बातचीत के दौरान उन्हें संबोधित किया।



पीएम मोदी ने कहा, ‘विकसित भारत का संकल्प- 4 अमृत स्तंभों पर टिका है। ये अमृत स्तंभ हैं – हमारी नारी शक्ति, हमारी युवा शक्ति, हमारे किसान और हमारे गरीब परिवार। मेरे लिए सबसे बड़ी जाति है- गरीब। मेरे लिए सबसे बड़ी जाति है- युवा। मेरे लिए सबसे बड़ी जाति है- महिलाएं। मेरे लिए सबसे बड़ी जाति है- किसान। इन चार जातियों का उत्थान ही भारत को विकसित बनाएगा। जब तक इन चारों जातियों को मैं सभी समस्याओं से, सभी मुश्किलों से उबार नहीं देता हूं तब तक मैं चैन से बैठने वाला नहीं हूं। बस आप मुझे आशीर्वाद दीजिए। जब ये चारों जाति सशक्त होगी तो निश्चित तौर पर देश की सभी जातियां सशक्त होगी।’ प्रधानमंत्री ने पिछली सरकारों के रवैये पर सवाल उठाते हुए कहा कि देश के लोगों ने वह दौर भी देखा है, जब पहले की सरकारें खुद को जनता का माई बाप समझती थी। इस कारण आजादी के अनेक दशकों बाद तक देश की बहुत बड़ी आबादी मूल सुविधाओं से वंचित रही। लोग सरकार से पूरी तरह हताश और निराश हो गए थे। उस समय सरकारें भी सिर्फ चुनाव और वोट बैंक पर ही ध्यान रखती थी।

# तेलंगाना के सीएम केसीआर ने पैतृक गांव में किया मतदान

**हैदराबाद,** 30 नवम्बर (देशबन्धु)। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) और उनकी पत्नी शोभा ने गुरुवार को सिद्दीपेट जिले के चिनरामाडाका गांव में मतदान किया। मुख्यमंत्री ने तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए 28 नवम्बर तक चले प्रचार अभियान के दौरान भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के लिए 96 जनसभाओं को संबोधित किया। इससे पहले बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव, उनकी बहन और विधान परिषद सदस्य के. कविता, एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी सुबह सात बजे शुरू हुए मतदान में सबसे पहले अपने मताधिकार का उपयोग करने वाले नेताओं में शामिल रहे। राज्य की 106 विधानसभा में मतदान शाम पांच बजे तक चला, वहीं वामपंथी उग्रवाद प्रभावित 13 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान शाम चार बजे समाप्त हो गया।



**केसीआर ने 32 दिनों में 96 जन आशीर्वाद सभाएं की**

राव ने विधानसभा चुनाव प्रचार अभियान के दौरान 32 दिनों में 96 जन आशीर्वाद सभाओं में हिस्सा लिया। बीआरएस प्रमुख केसीआर ने जनता के लिए चलाए जा रहे कल्याण कार्यक्रमों के विषय में जागरूकता लाने के लिए राज्य भर में सार्वजनिक आशीर्वाद बैठकें आयोजित कीं। इन सभाओं में उन्होने लोगों को बीआरएस उम्मीदवार को जिताने का आग्रह किया। उन्होंने 15 अक्टूबर, 2023 को हुस्नाबाद निर्वाचन क्षेत्र में आयोजित जन आशीर्वाद सभा में भाग लिया और लगातार प्रत्येक दिन दो से चार बैठकों में भाग लिया और प्रत्येक दिन विशाल जनसमूह को संबोधित किया। सबसे पहले 15 अक्टूबर को हुस्नाबाद, 16 को जनागम, 17 को भुवनगिरि, 18 को सिरिसिल्ला, सिद्दीपेट , 26 को अचम्पेट और वानापर्थी में आशीर्वाद सभा आयोजित की गई। इसके बाद उन्होने पलेरू, महबुबाबाद, वर्धन्नापेट, कोडाडा, तुंगतुर्थी, अलेरू, जुक्कल, बांसुवाड़ा, नारायणखेड, हुजूरनगर, मिर्यालागुडा, देवरकोंडा, निर्मल, बालकोंडा, धर्मपुरी, (मुधोल), आर्मूआर, कोरुटला, कोठागुडेम , खम्मम, देवरकोंडा, गडवाल, मकतल, नारायणपेट, चेन्नूर, मंथनी, पेद्दापल्ली, सिरपुर, आसिफाबाद एवं बेल्लमपल्ली विधानसभा क्षेत्रों में आयोजित जन आशीर्वाद सभाओं में भाग लिया।

मंजूरी | सरकार ने रक्षा क्षेत्र में सशस्त्र सेनाओं के आधुनिकीकरण की दिशा में बड़ा कदम उठाया

# करीब सवा दो लाख करोड़ रूपए के रक्षा सौदों को मंजूरी

**नई दिल्ली, 3 नवम्बर (एजेंसियां)। सरकार ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने और सशस्त्र सेनाओं के आधुनिकीकरण की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए 2.23 लाख करोड़ रूपए के रक्षा सौदों को मंजूरी दे दी है। इनमें वायु सेना के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम हिन्दुस्तान ऐरोनॉटिक्स लिमिटेड से हल्के लड़ाकू विमान, हल्के लड़ाकू हेलिकॉप्टर के अलावा नौसेना के लिए युद्धपोत रोधी मिसाइलों तथा तोपों की खरीद के प्रस्ताव शामिल हैं।**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में गुरूवार को हुई रक्षा खरीद परिषद की बैठक में इस आशय से संबंधित खरीद प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी।

रक्षा मंत्रालय के अनुसार इन प्रस्तावों को जरूरत के आधार पर खरीद की मंजूरी दी गयी है और इनमें से 2.20 लाख करोड़ रूपए की खरीद घरेलू उद्योगों से की जायेगी। इससे रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता करने के लक्ष्य को हासिल करने में मदद मिलेगी। इनमें हल्के लड़ाकू विमान, हल्के लड़ाकू हेलिकॉप्टर, युद्धपोत रोधी मिसाइलों तथा तोपों की खरीद के प्रस्ताव शामिल हैं। इन प्रस्तावों में सेना के लिए टाइप-2 और टाइप-3 की टैंक रोधी तोप की खरीद का प्रस्ताव शामिल है । ये तोप बख्तरबंद वाहनों और टैंकों को ध्वस्त करने में सक्षम होगी।



उपक्रम हिन्दुस्तान ऐरोनॉटिक्स लिमिटेड से हल्के लड़ाकू विमान, हल्के लड़ाकू हेलिकॉप्टर के अलावा नौसेना के लिए युद्धपोत रोधी मिसाइलों तथा तोपों की खरीद के प्रस्ताव शामिल

रक्षा परिषद ने हिन्दुस्तान ऐरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) से वायु सेना और सेना के लिए हल्के लड़ाकू हेलिकॉप्टर और वायु सेना के लिए हल्के लड़ाकू विमान एम के 1ए की जरूर के आधार पर खरीद की भी मंजूरी दी है। इसके अलावा एचएएल सुखोई -30 एम के आई लड़ाकू विमानों को उन्नत बनाने का कार्य भी करेगा।

परिषद ने नौसेना के लिए युद्धपोत रोधी मिसाइलों की खरीद के प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी है। सेना के लिए टी 90 टैंकों के लिए ऑटोमेटिक टारगेट ट्रेकर और डिजिटल बसाल्टिक कंप्यूटर की खरीद को भी जरूरत के आधार पर मंजूरी दी गयी है। इससे टी 90 टैंकों की मारक क्षमता बढाने में मदद मिलेगी।

देशबन्धु

बिलासपुर, शुक्रवार 1 दिसम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# मौतों वाली कार्य संस्कृति

अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) की ताज़ा रिपोर्ट बतलाती है कि दुनिया की एक बड़ी आबादी बहुत खराब हालात में काम करती है। स्थितियां इतनी बुरी हैं कि उनके कारण लाखों श्रमिक और कर्मचारी किसी न किसी वज़ह से दम तोड़ देते हैं, फिर वह चाहे काम का बोझ हो या कार्य स्थलों पर होता प्रदूषण। यह एक तरह से क्रूर पूंजीवाद के उसी चेहरे का प्रतिबिम्ब है जो मुनाफा कमाने के लिये अमानवीयता की तमाम सरहदें लांघता है। पिछले कुछ अरसे से पूंजी के मुकाबले श्रम की घटती महत्ता का भी यह साक्ष्य है।

आईएलओ की इस 2019 की रिपोर्ट के मुताबिक काम से सम्बन्धित दुर्घटनाओं और विभिन्न तरह की बीमारियों के चलते विश्व में 30 लाख लोगों ने जान गंवाई। यह आंकड़ा साल 2000 के मुकाबले 12 फीसदी ज्यादा तथा 2015 की तुलना में 5 प्रतिशत अधिक है जो यह बतलाने के लिये पर्याप्त है कि लोगों का मरना बदस्तूर जारी है। जो तथ्य प्रमुखता से सामने आया वह यह है कि मौतों का सबसे बड़ा कारण है प्रति सप्ताह 55 घंटों से अधिक समय तक की काम की अवधि का होना। अकेले इसी कारण से करीब 7.5 लाख कर्मचारियों व श्रमिकों ने प्राण खोये। ऐसे में इंफोसिस के संस्थापक नारायण मूर्ति के उस बयान का भी स्मरण हो आता है जिन्होंने हाल ही में एक चर्चा के दौरान कहा था कि 'अगर भारत को चीन से मुकाबला करना है तो यहां के प्रत्येक युवा को सप्ताह में कम से कम 60 घंटे काम करना चाहिये।' दुनिया जब 55 घंटे से अधिक अवधि तक काम करने का नतीज़ा बड़ी संख्या में लोगों की मौत के रूप में देख रही है, तो नारायण मूर्ति का यह बयान निष्ठुर ही कहा जा सकता है। यह पूंजीवाद का वह विद्रूप पक्ष है जिसमें कारोबारियों को लोगों की जान की परवाह नहीं होती और वे आर्थिक लाभ को ही तरज़ीह देते हैं। ये वे मौतें हैं जिनकी रिपोर्ट हुई है या जानकारियां दस्तावेज़ों तक पहुंच सकी हैं। बड़ी संख्या में ऐसे गैर-संगठित क्षेत्र के लोग हैं जो जान तो गंवाते हैं परन्तु वे घोषित आंकड़ों के हिस्से नहीं बन पाते। यह पूरी दुनिया का हाल है, लेकिन तीसरी दुनिया कहे जाने वाले देशों में श्रमिकों की स्थिति बहुत ही दयनीय व चिंतनीय है जो 21वीं सदी में हासिल की गई वैज्ञानिकता, तकनीकी विकास एवं आधुनिक प्रबंधन शैली के भी विपरीत है। एशियाई, अफ्रीकी एवं लातिन अमेरिका के कई अविकसित व विकासशील देशों में लोगों को खतरनाक परिस्थितियों में काम करना पड़ता है। ये मौतें व्यापक पैमाने पर मानवाधिकार की दुर्दशा को भी बयान करती हैं।

वर्गीकृत मौतों के अलावा सोचे-समझे बिना थोपे जाने वाले सरकारी निर्णयों के कारण भी बड़ी संख्या में कार्य स्थलों पर मौतें होती हैं। भारत में नोटबंदी एक ऐसा ही उदाहरण है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सनक व अदूरदर्शिता से उपजे इस फैसले का नतीज़ा देश ने बैंकों के बाहर लोगों की तथा बैंकों के भीतर कर्मचारियों की मौतों के रूप में देखा था। इसी प्रकार कोरोना काल में भी लोगों से लिये जा रहे काम के दौरान भी हजारों लोगों ने जानें गंवाई थीं। उत्तर प्रदेश में कोविड के दौरान स्थानीय निकायों के चुनाव कराये गये थे। नौकरी खोने के डर से राज्य सरकार के हजारों कर्मचारियों व अधिकारियों ने दूर-दराज जाकर चुनावी ड्यूटी की थी। पर्याप्त ऐहतियात बरतने की सुविधा न होने और इलाज की अनुपलब्धता के कारण बड़ी तादाद में मौतें हुई थीं।

आईएलओ की रिपोर्ट के अनुसार अन्य कारण तथा उनसे मरने वाले लोगों की संख्याएं इस प्रकार हैं- गैस रिसाव व आगजनी से 4.5 लाख, काम के दौरान घायल होकर 3.63 लाख, एसबेस्टस 2.09 लाख, सिलिका 42 हजार से ज्यादा, कार्य जनित अस्थमा लगभग 30 हजार, विकिरण 18 हजार, डीज़ल इंजिन एग्जास्ट 14700, अर्सेनिक 7600 एवं निकल से 7300। जो सेक्टर सर्वाधिक खतरनाक माने गये हैं और जिनमें सर्वाधिक घटनाएं हुई हैं, उनमें खनन, विनिर्माण, बिजली तथा प्राकृतिक गैस हैं। इस रिपोर्ट पर सिडनी में चल रही 23वीं कांग्रेस में चर्चा होगी जिसमें सुरक्षित कार्य पद्धति विकसित करने सम्बन्धी उपाय सुझाए जायेंगे। काम के दौरान घायल होने वालों की संख्या तो करोड़ों में है जो यह बतलाता है कि कामकाजी जनता के लिये सुरक्षित कार्य संस्कृति विकसित करने की दिशा में अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है।

भारत के परिप्रेक्ष्य में देखें तो यह रिपोर्ट ऐसे वक्त पर आई है जब भोपाल गैस त्रासदी के करीब 40 साल पूरे होने जा रहे हैं। 2 व 3 दिसम्बर, 1984 की मध्य रात्रि को यहां स्थित यूनियन कार्बाइड के संयंत्र से 45 टन मिथाइल आईसोसाइनेट का रिसाव हुआ था। इससे 15 से 20 हजार लोग मारे गये थे और करीब 6 लाख लोगों पर उसका प्रभाव पड़ा था। इनमें बड़ी तादाद में सामान्य जनता के अलावा संयंत्र के कर्मचारी थे जो या तो कार्यरत थे अथवा आसपास ही रहते थे। बेशक मरने वाले गैर कर्मचारी अधिक हैं परन्तु यह बतलाने के लिये ये आंकड़े पर्याप्त हैं कि कर्मचारियों को किन हालात में काम करना पड़ता है। इस त्रासदी को अब तक की दुनिया की सबसे बड़ी औद्योगिक आपदा के रूप में निरूपित किया जाता है।

कारखानेदारों की औद्योगिक सुरक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण पर खर्च न करने की प्रवृत्ति से काम करने वालों की जान हमेशा जोखिम में रहती है। शासकीय विभाग एवं नियामक एजेंसियां भी इस ओर ध्यान नहीं देतीं। संवेदनहीन सरकारी मशीनरी व सरकारें सर्वहारा की बजाये पूंजीपतियों की पक्षधर होती हैं जिसका परिणाम यह मौतों वाली कार्य संस्कृति है।

# खेल में खनकती पूंजी

विश्वकप क्रिकेट में कमेंटरी करने भारत आए पूर्व आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज रिकी पोंटिंग की यह टिप्पणी अभी भी सोशल मीडिया पर चर्चा और विवाद का विषय बनी है कि आस्ट्रेलिया की फाइनल की जीत 'क्रिकेट माफिया के खिलाफ न्याय की जीत है।' उनका इशारा ही नहीं, साफ कहना है कि क्रिकेट पर माफिया काबिज है, वही अधिकांश फैसले कराने लगा है और आस्ट्रेलिया ने अपने खेल के दम पर इस क्रम को पलटा है। इस बयान से उन लोगों की बाछें खिल गई हैं जो गृहमंत्री अमित शाह और भारतीय क्रिकेट प्रशासन पर हावी जमात के आलोचक रहे हैं।

यह आलोचना अभी से नहीं डालमिया, बिन्द्रा और पवार राज के दिनों से हो रही है और इधर यह शोर बढ़ा है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट पर भारतीय क्रिकेट और क्रिकेट प्रशासन का दबदबा बढ़ा है-निश्चित रूप से बढ़ा है, भारत की मर्जी के खिलाफ ज्यादा उल्टा फैसला होना बंद हुआ है। ऐसा भारत में क्रिकेट के बढ़ने, लोकप्रिय होने और क्रिकेट में बाजार की तरफ से भारी पैसा आने की वजह से ज्यादा हुआ है, किसी माफिया के चलते उतना नहीं। स्वयं पोंटिंग से लेकर आस्ट्रेलिया के ही नहीं, दुनिया के सारे बड़े खिलाड़ियों का 'इंडियन प्रीमियर लीग' (आईपीएल) में खेलने को लालायित रहना इसका ही प्रमाण है।

जब से यह बदलाव हुआ है तब से भारत का माफिया प्रभावी हुआ हो या नहीं, भारतीय क्रिकेट प्रशासकों का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से जुड़े फैसलों पर दबदबा बना है या नहीं, लेकिन इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों के क्रिकेट प्रशासकों का दबदबा खत्म जरूर हुआ है। भारत ही नहीं तीसरी दुनिया के कमजोर देशों के क्रिकेट प्रशासकों और खिलाड़ियों को उस दबदबे के चलते क्या-क्या भुगतना पड़ा है इसका किस्सा लिखना शुरू हो तो पूरा पुराण बन जाएगा। अपने अनुकूल पिच बनाने जैसी आलोचना तो बहुत ही हल्की है।

अब ऐसा भी नहीं है कि क्रिकेट प्रशासन बहुत लोकतान्त्रिक ढंग से चलता हो या वहां सारा कुछ पाक-साफ ही हो। इस बार ही आयोजन स्थल, मैदान, खेल के दिन से लेकर टिकट की ब्लैकमेलिंग और होटल या विमान भाड़ा तक में जो-जो हुआ उसे 'हेल्दी हैबिट' तो कदापि नहीं कहा जा सकता। खिलाड़ियों से ज्यादा क्रिकेट प्रशासकों की अय्याशी की भी चर्चा खेल के लिए स्वस्थ नहीं है। क्रिकेट के प्रसारण राइट्स की कहानी भी गंदली है और दर्शक बढ़ने का ज्यादा लाभ खिलाड़ी और प्रशासन की जगह बाजार उठाता जा रहा है।



अरविन्द मोहन

> विश्वकप और उससे पहले हुए एशिया कप के मुकाबलों (वैसे यह टूर्नामेंट बारिश के चलते बहुत बाधित हुआ) ने श्राद्ध-पक्ष में भी टीवी की रिकार्ड बिक्री से धमाकेदार शुरूआत करा दी थी तो बाजार की उम्मीद काफी होना स्वाभाविक है। उसने बेमौसम कोल्ड ड्रिंक की बिक्री बढ़ाने का अनुभव किया तो कोल्ड ड्रिंक के नए विज्ञापन ही नहीं बढ़े, दो-तीन ब्रांड भी बहुत धूम-धड़ाके से लांच कर दिए गए।

इसी का प्रमाण है कि भारत के अंदर भी नेट के जरिए मैच देखने/दिखाने का कारोबार सामान्य टीवी प्रसारण से अलग किया गया है। तब भी वहां साढ़े पांच करोड़ तक दर्शक पहुंचे ही नहीं हैं, ज्यादा समय तक क्रिकेट देखने का रिकार्ड भी दर्ज हो रहा है। दसियों भाषाओं में कमेंटरी हो रही है। दस सेकेंड के विज्ञापन का रेट तीस लाख रुपए तक पहुंचने की चर्चा है। एक फ़ोटो इस्तेमाल करने की कीमत चुकानी पड़ती है।

क्रिकेटरों के बल्ले से लेकर वर्दी तक पर कितनी कंपनियों के विज्ञापन का बोझ होता है इसकी गिनती मुश्किल हो गई है। कैमरा कहां फोकस करे इसको लेकर झगड़ा होता है। क्रिकेट दिखाने का सामान्य शिष्टाचार पीछे चला गया है। बाजार और ब्रांड के अलावा पर्सनल खुराक और ट्रेनर भी ब्रांड बनाते जा रहे हैं। कमेंटेटरों तक को मिलने वाले पैसे आंख फाड़ने वाले हैं, उपहार और अन्य सुविधाओं का तो हिसाब ही अलग है।

अलबत्ता, क्रिकेट प्रसारकों को भारत के फाइनल में हारने से ही नहीं, धमाकेदार ढंग से लगातार दस मैच जीतकर फाइनल पहुंचने से भी शिकायत रही है। भारतीय गेंदबाज इस बार फाइनल के अलावा लगभग सभी मैचों में सफल रहे और पूरे पचास ओवर की जगह छब्बीस, सत्ताईस ओवर में ही विपक्षी दल को समेट देते थे। विपक्ष के कम स्कोर को धमाकेदार भारतीय बल्लेबाज पचीस-तीस ओवर में ही पूरा कर लेते थे। ऐसा प्रतियोगिता के ज्यादातर मैचों में हुआ और नजदीकी मुकाबले देखने के लिए दर्शक भी तरसे। ऐसे मुकाबलों में बाजार के लोगों को विज्ञापन के लिए कम समय मिलता है। अगर पचास ओवर की पारी चालीस ओवर से पहले निपट जाए तो 7000 से लेकर 7500 सेकेंड के विज्ञापन समय का नुकसान होता है। यह समय 'कीमती' है और यह नुकसान बड़ा।

जब विश्वकप और उससे पहले हुए एशिया कप के मुकाबलों (वैसे यह टूर्नामेंट बारिश के चलते बहुत बाधित हुआ) ने श्राद्ध-पक्ष में भी टीवी की रिकार्ड बिक्री से धमाकेदार शुरूआत करा दी थी तो बाजार की उम्मीद काफी होना स्वाभाविक है। उसने बेमौसम कोल्ड ड्रिंक की बिक्री बढ़ाने का अनुभव किया तो कोल्ड ड्रिंक के नए विज्ञापन ही नहीं बढ़े, दो-तीन ब्रांड भी बहुत धूम-धड़ाके से लांच कर दिए गए। इस बार स्टेडियम ही नहीं सड़कों पर भी भारतीय जर्सी का रंग छाया रहा, पर उससे ज्यादा सड़क के किनारे सस्ते ब्रांड और आनलाइन बिक्री में ब्रांडेड माल की धूम रही। देश में सौ करोड़ की एक ब्रांड की जर्सी बिकने का अंदाजा है। आनलाइन बुकिंग में आठ-नौ गुना तक ज्यादा मांग आई है, पर कहना होगा कि फाइनल की हार ने इस धूम-धड़ाके पर रोक ही नहीं लगाई, इसकी चर्चा भी बंद करा दी है।

इन ब्रांडों से ज्यादा नुकसान क्रिकेट को यहां तक पहुंचाने वाले खिलाड़ियों की कमाई में हो गया लगता है। जिस विराट कोहली और रोहित शर्मा ने बल्ले से धूम मचाई, उनका ब्रांड मूल्य या विज्ञापनों की संख्या में ज्यादा वृद्धि का अनुमान नहीं है। यह तब है जब विराट ने अपनी पुरानी मार्केटिंग कंपनी से करार तोड़कर नई कंपनी से करार किया था जिससे नए रेट पाने में आसानी होगी। वैसे अकेले उनकी ही कमाई डेढ़ हजार करोड़ के करीब है।

बाकी तो इस प्रतियोगिता में सबसे ज्यादा धूम मचाने वाले मोहम्मद समी को अभी तक कोई बड़ा ब्रांड नहीं मिला है और बाजार के जानकार मानते हैं कि उनको ज्यादा ब्रांड ही नहीं, ज्यादा रेट मिलने की भी उम्मीद नहीं है। उनको पहले 40 से 50 लाख रुपए प्रति ब्रांड मिलता था जो अब एक करोड़ तक पहुंच सकता है, जबकि बड़े खिलाड़ी और सिनेस्टार दस करोड़ तक पाते हैं। अब पोंटिंग को भारतीय क्रिकेट प्रशासकों पर टिप्पणी करने की सूझी, लेकिन उनको बाजार का यह खेल, यह दादागिरी, यह माफियागिरी समझ आती भी है या नहीं यह कहना कठिन है। वे इससे कहां अलग हैं, यह समझना तो और भी मुश्किल है। (सप्रेस)

# खनिज तेल आपूर्ति में कटौती का सवाल, सभी निगाहें ओपेक की बैठक पर

■ के रवीन्द्रन

तेल बाजार इस सप्ताह आगामी ओपेक+ बैठक के नतीजों का बेसब्री से इंतजार कर रहा है जिसकी 26 नवम्बर की बैठक को आंतरिक समस्याओं के कारण स्थगित करना पड़ा था। यह बैठक उत्पादक और आयातक दोनों देशों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, विशेष रूप से इस आकलन के बीच कि एक नये उत्पादन में कटौती पर समझौता चुनौतीपूर्ण होने वाला है? हालांकि ओपेक की बैठकें पहले भी स्थगित की जा चुकी हैं, लेकिन यह पहली बार है कि यह स्थगन इतने दिनों तक चला है।

स्थगन के कारण ही कच्चे तेल की कीमतों में 4 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। सप्ताह की शुरुआत में क्रूड की कीमतें लगभग 74.70 डॉलर प्रति बैरल के आसपास कारोबार कर रही थीं, जबकि ब्रेंट क्रूड गिरकर लगभग 80 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया था। मामूली वृद्धि दर्ज करने के बाद, सप्ताहों में इस तरह की पहली बढ़ोतरी, ओपेक+ द्वारा अफ्रीकी देशों में उत्पादन लक्ष्यों को पूरा करने के लिए मंत्री स्तरीय बैठक को 30 नवंबर तक स्थगित करने के बाद सप्ताह के मध्य में कीमतों में गिरावट आई।

> राज्य आपूर्ति को सीमित करके कीमतें ऊंची रखने की इच्छा को इस ज्ञान के साथ संतुलित कर रहा है कि ऐसा करने से समग्र बाजार हिस्सेदारी में और गिरावट आयेगी। हाल की कीमत में गिरावट इस बात का संकेतक हो सकती है कि ओपेक बैठक में क्या उम्मीद की जा सकती है, क्योंकि सऊदी ने बार-बार प्रदर्शित किया है कि उनका मूल्य स्तर 80 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर है।

यह स्थगन ओपेक+ समूह के भीतर उत्पादन में कटौती के समझौते पर पहुंचने में कठिनाइयों का संकेत देता है। प्रत्येक सदस्य देश 2024 में कीमतों का समर्थन करने के लिए उत्पादन में कमी करने की आवश्यकता को स्वीकार करता है, लेकिन सवाल यह है कि आपूर्ति में कटौती का बोझ कैसे साझा किया जाये। यह माना जाता है कि आगे की कटौती के बिना, कीमतें 2024 तक 80 डॉलर प्रति बैरल के आसपास रहेंगी।

जून 2023 में तय किये गये 2024 उत्पादन कोटा में 23 सदस्य देशों में से नौ के लिए कम उत्पादन लक्ष्य शामिल था, जो रूस, नाइजीरिया, अंगोला, मलेशिया, अजरबैजान, इक्वेटोरियल गिनी, कांगो, ब्रुनेई और सूडान हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि इन देशों के लिए कम उत्पादन कोटा स्वीकार करना भी मुश्किल होगा।

हालांकि, चुनौतियों के बावजूद, तेल बाज़ार विशेषज्ञ रिस्टैड एनर्जी को उम्मीद है कि ओपेक + आगामी बैठक में उत्पादन कम करने के समझौते पर पहुंचेगा। इसमें संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत और इराक जैसे सदस्यों से आगे स्वैच्छिक कटौती शामिल हो सकती है। वहीं, रिस्टैड गतिरोध की संभावना से इनकार करने को तैयार नहीं हैं।

इस बात को लेकर काफी उम्मीदें हैं कि सरगना सऊदी अरब प्रतिदिन 1 मिलियन बैरल (बीपीडी) की स्वैच्छिक कच्चे तेल उत्पादन में कटौती पर क्या निर्णय लेता है। चाहे वे कोई भी रास्ता अपनाएं, उत्पादन में कटौती पर सऊदी अरब का निर्णय अंततः वैश्विक तेल कीमतों के अल्पकालिक भविष्य को आकार देगा।

राज्य आपूर्ति को सीमित करके कीमतें ऊंची रखने की इच्छा को इस ज्ञान के साथ संतुलित कर रहा है कि ऐसा करने से समग्र बाजार हिस्सेदारी में और गिरावट आयेगी। हाल की कीमत में गिरावट इस बात का संकेतक हो सकती है कि ओपेक बैठक में क्या उम्मीद की जा सकती है, क्योंकि सऊदी ने बार-बार प्रदर्शित किया है कि उनका मूल्य स्तर 80 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर है।

सऊदी अरब ने उस बैठक के मौके पर अपनी स्वैच्छिक कटौती की घोषणा की, शुरुआत में जुलाई के लिए 1 मिलियन-बीपीडी उत्पादन कटौती की प्रतिबद्धता जताई। इसके बाद इसे मासिक आधार पर अगस्त और सितंबर तक बढ़ा दिया गया, जबकि सितंबर की शुरुआत में, रियाद ने इस साल के अंत तक विस्तार की घोषणा की। तेल बाजार यह देखना चाहेंगे कि क्या सऊदी अरब इन कटौती को 2024 तक बढ़ाता है या वह इन्हें धीरे-धीरे कम करना चाहता है या इस साल के अंत में इन्हें समाप्त होने देता है। चाहे जो भी हो, सऊदी अरब के फैसले का तेल बाजारों और विशेष रूप से अगले साल तेल की कीमत पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा।

रिस्टैड एनर्जी का मानना है कि सऊदी स्वैच्छिक कटौती को 2024 तक नहीं बढ़ाया जायेगा, क्योंकि आपूर्ति में आश्चर्यजनक वृद्धि हुई है, जो अगले साल की पहली तिमाही के लिए संतुलित बाजार का संकेत है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि दूसरी तिमाही में 600,000 बीपीडी से अधिक का बाजार अधिशेष दिखाई दे रहा है। आगे बढ़ते हुए, अगले वर्ष की दूसरी छमाही में लगभग 450,000 बीपीडी की कमी होने की उम्मीद है। कुल मिलाकर, रिस्टैड को उम्मीद है कि इस साल लगभग 1.2 मिलियन के महत्वपूर्ण घाटे की तुलना में 2024 में तेल बाजार काफी संतुलित रहेगा।

हाल के सप्ताहों में तेल की कीमत पर गिरावट का दबाव बढ़ गया है, अत्यधिक आपूर्ति की चिंताओं के कारण भारी बिकवाली के कारण कीमतें 80 डॉलर प्रति बैरल से नीचे गिर गई हैं। यह अक्टूबर की शुरुआत में शुरू हुए इज़राइल-हमास संघर्ष के फैलने के ठीक बाद तेल की कीमत के स्तर से काफी नीचे है, जब कीमतें लगभग 95 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई थीं। मंदी की उम्मीदों को और अधिक बल दे रहे हैं, हाल के आंकड़े, जिससे पता चलता है कि अमेरिकी वाणिज्यिक कच्चे माल की सूची पिछले चार हफ्तों में बढ़ी है और अब यह 440 मिलियन बैरल है, जो एक महीने पहले 420 मिलियन बैरल से अधिक था।

रिस्टैड विश्लेषण से पता चलता है कि, ऐसे परिदृश्य में जहां सऊदी अरब स्वैच्छिक कटौती का विस्तार नहीं करता है, बाजार में मंदी बढ़ेगी और अगले साल तेल की कीमत औसतन 80 डॉलर प्रति बैरल से थोड़ा ऊपर होगी। दूसरे छोर पर, यदि सऊदी अरब अप्रैल 2024 तक स्वैच्छिक कटौती बढ़ाता है और फिर धीरे-धीरे उन्हें कम करता है, तो 2024 में कीमत औसतन 96 डॉलर प्रति बैरल होगी। आईएमएफ का नवीनतम अनुमान सऊदी तेल के लिए 86 डॉलर प्रति बैरल की ब्रेकईवन कीमत का सुझाव देता है। इसका मतलब यह होगा कि सऊदी अरब को उस मूल्य स्तर को हासिल करने के लिए, कम से कम जून 2024 तक बाजार हिस्सेदारी देना जारी रखना होगा।

## पावन प्रसंग

# सत्पुरुषों से हमारी संस्कृति गौरवान्वित है

हमारी समग्र संस्कृति पर उनका उपकार है। उपकारी जनों के उपकारों को याद करना, कृतज्ञता है। सत्पुरुषों का मंगल स्मरण करके मानवता के हित में कुछ विशिष्ट संपादित करने का उत्तम दिवस है। सत्पुरुषों से हमारी संस्कृति गौरवान्वित है। हम इन सभी का आस्था और आदर के साथ स्मरण कर रहे हैं। इन सत्पुरुषों के द्वारा निर्दिष्ट पथ गतिशील करके जीवन को भव्यता प्रदान करने का प्रयत्न करें। जीवन सद्गुणों से ही सुसज्जित बनता है। आज का आदमी काम से नहीं, दाम से मतलब रखता है।

लौंकाशाह श्रावक ही थे, पर उनका आत्मबल अत्यन्त प्रखर था। वे तत्वज्ञ थे। साथ ही उनके जीवन में व्रतों की तेजस्विता एवं निर्मलता थी। संयम-साधना के क्षेत्र में विकृतियों का पोषण उन्हें ठीक नहीं लगा। धर्म और संयम के क्षेत्र में जो आडम्बर खुलकर चल रहे थे, उन्हें दूर करने के लिए उन्होंने सिंहनाद किया। उनके सिंहनाद में सत्य का बल था, किसी भी व्यक्ति या परम्परा विशेष के प्रति दुर्भाव नहीं था।

व्यक्ति जब सत्य का आश्रय लेकर चलता है तो उसका प्रभाव होता ही और ऐसा ही हुआ। कहा जाता है कि लौंकाशाह के सिंहनाद से यतियों के द्वारा की जा रही विकृत स्थापनाओं पर विराम लगने लगा, पर लौंकाशाह को कदम-कदम विरोध का सामना भी करना पड़ा। लौंकाशाह की प्रेरणा से अनेकों गृहस्थों ने दीक्षा ग्रहण की। अनेकों यतियों ने अपनी विकृत मान्यताओं में परिष्कार किया। समय आने पर स्वयं लौंकाशाह ने अपने अनेकों साथियों के साथ धर्म और परम्परा की रक्षा के लिए संयम ग्रहण कर लिया। आध्यात्मिक जगत में तेजस्वी क्रान्ति आई। गुजरात, राजस्थान प्रान्त में लौंकाशाह ने सघन विचरण किया। कई दुर्मतिजन लौंकाशाह के प्रभाव को सहन नहीं कर पाए। फलस्वरूप अलवर में तपस्या के पारणक में विष मिश्रित आहार उन्हें दे दिया गया एवं वहीं पर लौंकाशाह दिवंगत हो गए। लौंकाशाह ने प्राणों का उत्सर्ग पसन्द किया। उनका स्पष्ट अभिमत था- मैं असत्य और पाखण्डों का पक्षधर एक क्षण के लिए भी नहीं बन सकता।

पूर्णिमा का दिन चातुर्मास की समाप्ति का दिवस है। आज का दिन अत्यन्त महिमापूर्ण दिन है। अनेक सत्पुरुषों का सम्बन्ध इस दिन के साथ जुड़ा है। आज के दिन अनेक महान आत्माओं ने जन्म लिया और हमारे आदर्श बनें। उनका पुण्य स्मरण हमारे मन में नई प्रेरणा और स्फूर्ति का संचार करता है। हमारी समग्र संस्कृति पर उनका उपकार है। उपकारी जनों के उपकारों को याद करना कृतज्ञता है। सत्पुरुषों का मंगल स्मरण करके मानवता के हित में कुछ विशिष्ट संपादित करने का उत्तम दिवस है। सत्पुरुषों से हमारी संस्कृति गौरवान्वित है। हम इन सभी का आस्था और आदर के साथ स्मरण कर रहे हैं। इन सत्पुरुषों के द्वारा निर्दिष्ट पथ गतिशील करके जीवन को भव्यता प्रदान करने का प्रयत्न करें। जीवन सद्गुणों से ही सुसज्जित बनता है।

लौंकाशाह जैसे महान साधकों हम कभी भी भुला नहीं सकते। जैन परम्परा, गौरवशाली परंपरा है। इस परम्परा की प्राचीनता एवं उपादेयता असंदिग्ध है। इस महान परंपरा को सत्पुरुषों ने गौरवान्वित किया है पर स्वयं इसमें सुई भर संशय नही है।

**कांतिलाल मांडोत**

## आपके पत्र

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के युग में डीपफेक एक बड़ी चुनौती

डीपफेक ऐसे वीडियो या ऑडियो रिकॉर्डिंग हैं, जिन्हें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग करके हेरफेर किया जाता है, ताकि यह प्रतीत हो सके कि कोई कुछ ऐसा कह रहा है या कर रहा है जो उन्होंने कभी नहीं किया। यह दूरगामी प्रभावों के साथ एक महत्वपूर्ण तकनीकी खतरे के रूप में उभरा है। कहते हैं इनफार्मेशन टेक्नालॉजी के इस युग में डेटा ही तेल सामान है, मतलब उसका महत्व बहुत ज्यादा है, और बिना डेटा के कोई भी काम होना बहुत कठिन हो गया है। जैसे-जैसे डेटा का उपयोग बढ़ रहा है, उसके शोधन के तरीके भी बढ़ रहे हैं, वहीं ऐसी टेक्नालॉजी भी आ गयी हैं जो आपके डेटा का इस्तेमाल कर कई प्रकार के हैरतअंगेज कार्य कर सकती है। ऐसी ही टेक्नालॉजी है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, जिसने तकनीकी दुनिया को हमेशा के लिए बदल डाला है। गूगल बार्ड जैसे टूल्स आश्चर्जनक जानकारियों का खजाना बन गए हैं, जो रिसर्च, एजुकेशन, प्रोडक्टिविटी को अलग स्तर पर ले गए हैं, वहीं न्यूरल नेटवर्क, डीप लर्निंग, मशीन लर्निंग ने सेल्स, मार्केटिंग, सोशल मीडिया, और एंटरटेनमेंट जैसे क्षेत्रों को बदल डाला है।

भारतीय चिंतन और अध्यात्म का, विश्वदृष्टि का प्रचार करने के लिए भारत को अपने स्वयं के एआई एल्गोरिदम विकसित करने और प्रशिक्षित करने की आवश्यकता है। एआई पूर्वाग्रह का मुकाबला करने का शायद यही एकमात्र तरीका है। यदि भारत विरोधी ताकतें वास्तव में अपने स्वयं के पूर्वाग्रहों को प्रचारित करने के लिए एआई का सक्रिय रूप से उपयोग कर रही हैं, तो हमें एआई का अपना संस्करण बनाने की जरूरत है जो भारत समर्थक हो। कई हित समूहों और हितधारकों द्वारा बढ़ती मध्यस्थता वाली दुनिया में, ज्ञान अब उदासीन नहीं रह सकता है। हमें एआई के निष्क्रिय उपभोक्ताओं और बड़ी तकनीकी कंपनियों की सफेदपोश कार्यबल के रूप में अपनी भूमिका से आगे बढ़ कर सोचना होगा, और लगातार विकसित हो रहे एआई विमर्श में सक्रिय खिलाड़ी बनना ही पड़ेगा।

डीपफेक हमारे डिजिटल समाज के लिए एक महत्वपूर्ण चुनौती पेश करते हैं, हालांकि वे नवाचार और सहयोग का अवसर भी पेश करते हैं। तकनीकी प्रगति, कानूनी ढांचे और सार्वजनिक जागरूकता के संयोजन से, हम एक ऐसे भविष्य की दिशा में काम कर सकते हैं, जहां डीपफेक कम हानिकारक और अधिक जवाबदेह होंगे। निष्कर्षतः मुख्य रूप से एक व्यापक दृष्टिकोण विकसित करने की आवश्यकता है, जो इस उभरते खतरे के तकनीकी, कानूनी और नैतिक आयामों को संबोधित करता हो।

भारत में डीपफेक के पीड़ितों के लिए कानूनी उपाय देखे तो सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म कानूनी रूप से साइबर अपराध से संबंधित शिकायतों को संबोधित करने और 36 घंटों के भीतर डीपफेक सामग्री को हटाने के लिए बाध्य हैं। साइबर अपराध की शिकायत करने के लिए पीड़ित राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन (1930) में शिकायत दर्ज कर सकते हैं और साइबर वकील से सहायता ले सकते हैं। सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा-66 जालसाजी और झूठी सूचना के प्रसार सहित साइबर अपराध अपराधों से संबंधित है।

**-डॉ सत्यवान सौरभ**

CMYK

# देशबन्धु संस्कारधानी

5 बिलासपुर

शुक्रवार 01 दिसंबर 2023

उल्टा पुल्टा

अफसर- तुमने शेर के पिंजरे को ताला क्यों नहीं लगाया?

कर्मचारी- क्या जरूरत है, इतने खतरनाक जानवर को भला कौन चुराएगा?

# कालेजों में नामांकन तिथि बढ़ी, पूरक परीक्षा के बीच गैप नहीं

## वेबसाइट पर परीक्षा समय सारणी घोषित , 13 दिसंबर से दो पाली में होगी

### एक से 11 दिसंबर तक कालेजों में होगी प्रायोगिक परीक्षा




**बिलासपुर,** 30 नवम्बर (देशबन्धु)। अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय से संबद्ध कालेजों में 13 दिसंबर से पूरक विषयों की परीक्षा होगी। इस साल 18 हजार परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। ठीक पहले एक से 11 दिसंबर तक प्रायोगिक विषयों की परीक्षा ली जाएगी। परीक्षा विभाग ने विलंब शुल्क के साथ स्नातक और स्नातकोत्तर मुख्य परीक्षा के लिए नामांकन तिथि 12 दिसंबर तक बढ़ा दिया है। अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय ने दो विषय में फेल छात्रों की पूरक परीक्षा लेने जा रही है। प्रथम पाली में सुबह 10 से दोपहर एक बजे तक बीएससी, बीबीए, बीसीए और बीएससी होम साइंस के छात्रों की परीक्षा होगी। वहीं दूसरी पाली दोपहर दो से शाम पांच बजे तक बीए और बीकाम के छात्रों की परीक्षा होगी। परीक्षाएं 29 दिसंबर तक होंगी। इसके लिए 28 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इस परीक्षा में परीक्षार्थियों को कोई गेप नहीं मिलेगा। इसके बाद सेमेस्टर परीक्षा होगी। इसके लिए भी एयू ने परीक्षा फार्म भरने की प्रक्रिया आरंभ कर दी है। पूरक परीक्षा के लिए प्रमुख केंद्र तय परीक्षा केंद्र शासकीय के अलावा प्राइवेट कालेज सीएमडी, डीपी विप्र, डीएलएस, एसबीटी, बीएलटी, नलिनी प्रभा, एसएनजी कालेज, प्यारेलाल कंवर कालेज भैसमा, मुकुटधर पांडेय कालेज कटघोरा को भी केंद्र बनाया गया है। वहीं सेमेस्टर परीक्षा के फार्म 30 नवंबर से भरे जाएंगे। अंतिम तिथि नौ दिसंबर है। वहीं 200 रुपये बिलंब शुल्क के साथ छात्र 10 से 14 दिसंबर तक फार्म भर सकते हैं। साथ ही 15 दिसंबर तक छात्रों को कालेज में परीक्षा फार्म सभी दस्तावेजों के साथ जमा करना है।

### मुक्त वि वि ने भी जारी की समय-सारिणी

पं. सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा जनवरी से दिसंबर सत्र के यूजी, पीजी, डिप्लोमा के छात्रों की परीक्षा लेने की तैयारी की रही है। इसके लिए यूनिवर्सिटी ने संभावित समय सारिणी भी घोषित कर दी है। समय सारिणी में किसी भी छात्र को दावा-आपत्ति करनी है तो वे पांच दिसंबर तक कर सकते हैं। परीक्षा आफलाइन होगी। परीक्षा दो पाली में सुबह 10 से दोपहर एक बजे तक और दोपहर दो से शाम पांच बजे तक ली जाएगी। परीक्षा 28 दिसंबर से कार्यालयीन दिनों में होगी। यह 15 फरवरी तक चलेगी। बीए प्रथम वर्ष की परीक्षा सुबह की पाली में 28 दिसंबर से शुरू हो रही है। विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर विस्तृत जानकारी साझा की गई है।

## कार में स्क्रेच आने पर चालक ने ठेले वाले को जड़ा तमाचा

**बिलासपुर** , 30 नवम्बर (देशबन्धु)। बिलासपुर में एक कार चालक का बीच सड़क पर दबंगई करने का वीडियो सामने आया है। व्यक्ति बीच सड़क पर ही कार खड़ी कर ठेले में सब्जी लेकर जा रहे युवक पर थप्पड़ बरसाता नजर आ रहा है। ये वीडियो अब सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। पूरा मामला सिरगिट्टी थाना क्षेत्र का है। बताया जा रहा है कि अकेश्वर कुमार साहू बुधवार को तिफरा में सब्जी बेचने निकला था। इस दौरान वो ठेला लेकर रोड क्रॉस कर रहा था। तिफरा ओवरब्रिज से नीले रंग की कार में रायपुर की ओर जा रहे व्यक्ति ने सड़क पर कार रोक दी। इसके बाद गुस्से में अकेश्वर को पीटने लगा। बताया जा रहा है कि ठेले से कार में स्क्रैच आने से वो गुस्से में था। बताया जा रहा है कि सब्जी ठेला लेकर अकेश्वर रोड क्रॉस कर रहा था। इसी दौरान सामने से उस व्यक्ति ने अपनी कार डाल दी, जिसे देखकर अकेश्वर ने इशारा किया। इतने में कार सवार आगे बढ़ गया, इसी दौरान ठेला कार से छू गया और उसमें स्क्रैच आ गया। इससे गुस्साया चालक कार से उतरा और पिटाई शुरू कर दी।

## संपादकीय

### एयरपोर्ट पर फास्टैग

*एक स्वागत योग्य निर्णय के अंतर्गत रायपुर एयरपोर्ट की पार्किंग के लिये लगने वाला शुल्क अब फास्टैग के जरिये भी पटाया जा सकेगा। अब तक यह भुगतान नगद लेन-देन के जरिये होता है। इससे जहां एक ओर लोगों व पार्किंग ठेकेदार कर्मचारियों का समय बचेगा, वहीं किसी तरह का विवाद भी नहीं होगा। अक्सर वहां वाहनों से आने वाले लोगों और कर्मचारियों के बीच पार्किंग के समय को लेकर विवाद होते रहते हैं। इससे भी निज़ात मिल सकेगी। ठेकेदार को इस आशय के निर्देश भी एयरपोर्ट निदेशक द्वारा दिये गये हैं। साथ ही 7 दिनों के भीतर इस तरह की आवश्यक व्यवस्था लागू करने के लिये कह दिया गया है वरना ठेका निरस्त कर दिया जायेगा।*

*यह भी बतलाया गया है कि फास्टैग का उपयोग न करने वाले चार पहिया वाहनों के चालक अपने मोबाइल से क्यूआर कोड के जरिये भुगतान कर सकेंगे। जो इन दोनों का इस्तेमाल नहीं करते वे नगद भुगतान कर पर्ची प्राप्त कर सकते हैं। निश्चित रूप से इससे निर्गम वाले स्थान पर वाहनों की भीड़ नहीं होगी। अक्सर ऐसा होता है कि वाहनों की लम्बी कतारों के कारण कई ऐसे लोगों को भी देर हो जाती है जो निर्धारित छूट वाली अवधि के भीतर ही आ चुके रहते हैं लेकिन भीड़ के कारण उन्हें ठहरना पड़ जाता है। ठेकेदार के कर्मचारी इस बात को नहीं मानते और वहां अक्सर इसे लेकर तीखी बहस हो जाती है। कई बार तो मारपीट तक होती देखी गई है। इससे बाहर से आने वाले लोग परेशान होते हैं। निश्चित रूप से फास्टैग वालों के लिये रुकने की आवश्यकता न होगी तथा क्यूआर कोड का इस्तेमाल करने वालों को केवल भुगतान कर दिया जाना ही दिखलाना पड़ेगा जो वे पहले ही कर सकते हैं। उसमें क्यूआर पेमेंट का वक्त भी दर्ज होता है। अब वहां केवल उन्हीं लोगों की भीड़ होगी जो नगद भुगतान करेंगे। तीनों तरह के भुगतान करने वालों के लिये अगर पृथक निर्गम की व्यवस्था कर दी जाये तो इससे वहां वाहनों के लिये बेहतर सुविधा निर्मित हो जायेगी। एयरपोर्ट पर होने वाली वाहनों की भीड़ से सभी को परेशानी होती है। छत्तीसगढ़ नागरिक संघर्ष समिति द्वारा वहां होने वाली अवैध वसूली के खिलाफ नागरिक उड्डयन मंत्रालय को शिकायत की गयी थी। सम्भवतः उसी के मद्देनज़र यह व्यवस्था की जा रही है। वर्तमान दरों के अनुसार पहले चार मिनटों के लिये पार्किंग पूर्णतः निशुल्क है। इसके बाद दो पहिया वाहनों के लिये 3 मिनट तक 1 रु., चार पहिया वाहनों के लिये 2 रु. और मालवाहक का शुल्क 3 रु. होता है।*

*उम्मीद की जा सकती है कि वाहनों की पार्किंग की फास्टैग एवं क्यूआर करने से लोगों को सुविधा तो बढ़ेगी ही, पार्किंग को लेकर होने वाले विवाद भी अब नहीं होंगे।*

## सार-संक्षेप

### कोनी स्कूल में रोटरी क्लब ऑफ क्वींस ने बांटे गर्म कपड़े



**बिलासपुर,**30 नवम्बर (देशबन्धु)। शहर में ठंड की दस्तक होते ही रोटरी क्लब ऑफ़ क्वींस ने अपने समाज सेवाओं की श्रृंखला में एक और अध्याय जोड़ लिया। क्लब की ओर से नन्हें मुन्ने बच्चो को ठंड से बचाव हेतु स्वेटर एवं गर्म कपड़ों का वितरण किया गया।आज शासकीय प्राथमिक शाला कोनी बिलासपुर में 150 बच्चो को स्वेटर एवं गर्म कपड़े दिये गये । सभी बच्चे अतिउत्साहित थे । उन सभी की प्यारी सी मुस्कान हमेशा क्लब को इस तरह के कार्यों के लिया प्रेरित करती रहेगी । बच्चो के साथ साथ सभी शिक्षक भी उत्साहित थे । जयंती मिंज, मेहरूनिशा ख़ान , सुनंदा गड़ेवार , नीलम कश्यप , भगवान प्रसाद की उपस्थिती एवं सहयोग ने इस कार्यक्रम को सफल बनाया । क्लब की ओर से अध्यक्ष आँचल अगीचा, सचिव रचना जैन सिंह , कोषाध्यक्ष ज्योति गुप्ता , शिल्पी चौधरी, स्वाति श्रीवास्तव , पूर्व सिटी कोऑर्डिनेटर चंचल सलूजा की उपस्थिती रही । रिंकी उपवेज़ा, बंटी सेनी, भावना चोपड़ा , मनीषा जायसवाल, एकता वीरवानी, रुचिका कौर , श्रेया टूटेजा , प्रेरणा सुराना, वन्दना चतुर्वेदी सभी के अप्रत्यक्ष सहयोग से कार्यक्रम का सफल आयोजन किया जा सका । रोटरी क्लब ऑफ़ क्वींस बिलासपुर सदैव अपने सामाजिक जिम्मेदारियों को निभाते रहेगा।

### लोहे का हथियार लेकर घूम रहा युवक पकड़ाया



**बिलासपुर** , 30 नवम्बर (देशबन्धु)। सिरगिट्टी पुलिस को जरिये मोबाईल से सूचना मिला कि नयापारा सिरगिट्टी मे एक व्यक्ति हाथ मे लोहे का धारदार तलवारनुमा चापड रखकर मुख्यमार्ग मे आने जाने वाले लोगो को डरा धमका रहा है सूचना पर थाना प्रभारी सिरगिट्टी द्वारा तत्काल पेट्रोलिग के माध्यम नयापारा सिरगिट्टी के पास पहुँचकर घेराबंदी किया गया । जहॉ एक व्यक्ति अपने हाथ मे धारदार तलवारनुमा चापड रखा हुआ था जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा जिसे लोगो की सहायता से पकडकर नाम पूछने पर अपना नाम अमन श्रीवास पिता संजय श्रीवास उम्र 22 वर्ष निवासी नयापारा सिरगिट्टी थाना सिरगिट्टी जिला बिलासपुर का होना बताया। आरोपी के कब्जे से धारदार तलवारनुमा चापड जप्त कर आरोपी के विरूध्द धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर गिरफ्तारी की सूचना से परिजन को अवगत कराकर वैधानिक कार्यवाही की गयी है। प्रकरण की उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सिरगिटटी निरीक्षक नवीन कुमार देवांगन, सउनि शीतला प्रसाद त्रिपाठी, आरक्षक विरेन्द्र राजपूत, विरेन्द्र साहू एवं केशव मार्को की अहम भूमिका रही।

# कलेक्टर ने जिले में घोषित किये साईलेंस जोन

### निगरानी कर कड़ी कार्रवाई के दिए निर्देश




**बिलासपुर** , 30 नवम्बर (देशबन्धु)। हाईकोर्ट द्वारा दिये गये आदेश के परिपालन में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अवनीश शरण ने जिले में कोलाहल प्रतिबंधित क्षेत्र (साईलेंस जोन) घोषित किये हैं। अत्यधिक शोरगुल से बीमार, बुजुर्ग, छात्रों सहित आम लोगों को राहत दिलाने के लिए हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान पीआईएल पर सुनवाई करते हुए जिला प्रशासन को साईलेंस जोन घोषित कर इन पर कड़ी निगरानी के निर्देश दिए हैं। जिला दण्डाधिकारी श्री शरण द्वारा 30 नवम्बर को जारी आदेश के अनुसार घोषित साईलेंस जोन में हाईकोर्ट बिलासपुर परिसर एवं इसके प्रारंभिक एवं अंतिम बिन्दु तक, जिला एवं सत्र न्यायालय तथा अन्य न्यायालय, समस्त शासकीय एवं अशासकीय चिकित्सालय, समस्त शासकीय एवं अशासकीय शैक्षणिक संस्थान तथा समस्त शासकीय कार्यालयों एवं इनके 100 मीटर परिधि को शामिल किया गया है। आदेश के अंतर्गत भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन के चिकित्सालय, शैक्षणिक संस्थान एवं कार्यालय भी शामिल होंगे। जिला दण्डाधिकारी ने कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा 18 तथा ध्वनि प्रदूषण (विनियमन एवं नियंत्रण) नियम 2000 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कोलाहल प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित किये हैं। उन्होंने सक्षम प्राधिकारियों को आदेश का कड़ाई से पालन करने एवं कार्रवाई सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश भी दिए हैं।

## कुपोषण से निजात दिलाने रतनपुर व मस्तूरी में खुलेगा पोषण पुनर्वास केंद्र




**बिलासपुर,** 30 नवम्बर (देशबन्धु)। जिले के ऐसे बच्चे जिनकी उम्र पांच साल से नीचे और कुपोषण का शिकार हो चुके हैं, उन्हें कुपोषण से मुक्ति दिलाने के लिए अब रतनपुर व मस्तूरी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पोषण पुनर्वास केंद्र खोला जाएगा। कलेक्टर अवनीश शरण ने निर्देश देते हुए साफ किया है कि दोनों जगह यह केंद्र जल्द से जल्द खुल जाना चाहिए, ताकि के कुपोषित बच्चों का इलाज हो सके। मौजूदा स्थिति में जिला अस्पताल में कुपोषित बच्चों के लिए पोषण पुनर्वास केंद्र संचालित हो रहा है, जहां पर जिलेभर के कुपोषित बच्चों का इलाज किया जा रहा है। वहां उन्हें पौष्टिक भोजन के साथ दवा के माध्यम से कुपोषण को दूर भगाया जाता है।

वहीं अब हर ब्लाक में इस तरह के पोषण पुनर्वास केंद्र की आवश्यकता महसूस की जा रही है। ऐसे में कलेक्टर अवनीश शरण ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की जरूरी बैठक लेकर तखतपुर व मस्तूरी में पोषण पुनर्वास केंद्र खोलने के निर्देश दिए हैं, ताकि वहां के कुपोषित बच्चों को पूरी तरह से ठीक किया जा सके। इस वजह से जरूरी है केंद्र गंभीर रूप से कुपोषित बच्चे अक्सर विशिष्ट उपचार पद्धतियों की कमी के कारण मर जाते हैं, जो अधिकांश बच्चों के लिए समान नहीं हैं। वहीं गंभीर रूप से कुपोषित (एसएएम) बच्चों के लिए उपयुक्त हैं। पांच वर्ष से कम उम्र के सभी बच्चों के लिए एसएएम वाले बच्चों को उचित और सुविधा आधारित केस प्रबंधन प्रदान करने के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं में पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) स्थापित किए गए हैं। इसका लक्ष्य पीड़ित बच्चों का इलाज कर उनकी जान बचाई जा सके।

## हिमगीर स्टेशन में इतवारी-टाटानगर व बिलासपुर एक्सप्रेस गाड़ियों का ठहराव 5 दिसम्बर से

**बिलासपुर** , 30 नवम्बर (देशबन्धु)। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की मांग व उनकी सुविधा को ध्यान में रखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के हिमगीर स्टेशन में 18109/18110 टाटानगर- नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी-टाटानगर एक्सप्रेस व गाड़ी संख्या 18113/18114 बिलासपुर-टाटानगर-बिलासपुर एक्सप्रेस गाड़ियों का ठहराव की सुविधा 05 दिसम्बर 2023 से उपलब्ध कराई जा रही है ।




इस सुविधा के प्रारम्भ होने से यहाँ के यात्रियों को टाटानगर, बिलासपुर, रायपुर एवं इतवारी जैसे बड़े शहरों के लिए सीधी रेल यातायात की सुविधा प्राप्त होगी। गाड़ी संख्या 18109/18110 टाटानगर-नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी-टाटानगर एक्सप्रेस का 05 दिसम्बर 2023 से हिमगीर स्टेशन में ठहराव की सुविधा उपलब्ध रहेगी 7 गाड़ी संख्या 18109 टाटानगर- नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी एक्सप्रेस, हिमगीर स्टेशन 15.34 बजे पहुंचेगी तथा 15.36 बजे रवाना होगी 7 इसी प्रकार गाड़ी संख्या 18110 नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी-टाटानगर एक्सप्रेस, हिमगीर स्टेशन 11.39 बजे पहुंचेगी तथा 11.41 बजे रवाना होगी। गाड़ी संख्या 18114/18113 बिलासपुर-टाटानगर-बिलासपुर एक्सप्रेस एक्सप्रेस का 05 दिसम्बर 2023 से हिमगीर स्टेशन में ठहराव की सुविधा उपलब्ध रहेगी। गाड़ी संख्या 18113 टाटानगर-बिलासपुर एक्सप्रेस, हिमगीर स्टेशन 02.55 बजे पहुंचेगी तथा 02.57 बजे रवाना होगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 18114 बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस, हिमगीर स्टेशन 21.47 बजे पहुंचेगी तथा 21.49 बजे रवाना होगी ।

## बहतराई स्टेडियम में होगी जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगता

**बिलासपुर** , 30 नवम्बर (देशबन्धु)। जिला एथलेटिक्स संघ ने नौ व 10 दिसंबर को जिला स्तरीय जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता आयोजित की है। बहतराई स्थित एथलेटिक्स स्टेडियम में होने वाली इस प्रतियोगिता जिले के अंडर- 14 और अंडर-16 आयु वर्ग के बालक व बालिकाएं भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन गुजरात में आयोजित 19वीं राष्ट्रीय इंटर डिस्ट्रिक्ट जूनियर एथलेटिक्स मीट के लिए किया जाएगा। यह प्रतियोगिता जनवरी में होगी। प्रतियोगिता के दौरान अंडर 14 बालक-बालिका आयु वर्ग में 60 मीटर, 600 मीटर, लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक, भाला फेंक व ट्राइथलान के मुकाबले होंगे। इसी तरह अंडर-16 बालक-बालिका आयु वर्ग में 100 मीटर, 300 मीटर, 800 मीटर, 2000 मीटर दौड़, 80 मीटर हर्डल्स, ऊंची कूद, लंबी कूद, गोला फेंक, तवा फेंक, हैमर थ्रो, 5000 मीटर रेस वाक, मेडले रिले व हेक्साथलन टुडे के इवेंट होंगे। इस प्रतियोगिता में बिलासपुर जिले के सभी विकासखंड बिल्हा, कोटा, मस्तूरी व तखतपुर के जूनियर एथलेटिक्स खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। उन्हें प्रवेश करने के लिए आनलाइन पंजीयन कराना होगा।

### विधानसभा निर्वाचन 2023

# मतगणना दलों को मिला दूसरे चरण का प्रशिक्षण





**बिलासपुर** , 30 नवम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन के तहत 03 दिसम्बर को होने वाले मतगणना कार्य के लिए नियुक्त मतगणना सुपरवाइजर, मतगणना सहायकों और माइक्रोऑब्जर्वर को आज दूसरे चरण का प्रशिक्षण शहर के मल्टीपरपज स्कूल में दिया गया। प्रशिक्षण में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अवनीश शरण ने मतगणना दलों से चर्चा करते हुए कहा कि मतगणना का कार्य धैर्यतापूर्वक और संयम से करें। प्रशिक्षण में दी जा रही मतगणना संबंधी आवश्यक बातों एवं क्रमबद्ध प्रक्रिया का विशेष ध्यान रखें। कलेक्टर ने कहा कि रिर्टनिंग ऑफिसर के मार्गदर्शन में मतगणना का कार्य करें। कलेक्टर ने निष्पक्ष एवं पारदर्शिता पूर्ण मतगणना के लिए उपयोगी टिप्स दिए। इस दौरान नगर निगम कमिश्नर और प्रशिक्षण के नोडन अधिकारी कुणाल दुदावत और जिला पंचायत के मुख्यकार्यपालन अधिकारी अजय अग्रवाल भी मौजूद थे।

प्रशिक्षण में मतदान दलों को बताया गया कि सबसे पहले डाकमतपत्रों और ईटीपीबी मतों की गिनती होगी। इसके लिए सभी डाकमतपत्रों मे से वैध और अवैध मतपत्रों को छांटा जाएगा। इसके बाद राउंडवाइज ईव्हीएम मशीनों में दर्ज मतों की काउन्टिग शुरू होगी। इसके लिए स्ट्रांग रूम से आने वाली हर ईव्हीएम मशीन की सील साइन की जांच की जाएगी। मास्टर ट्रेनर ने बताया कि उम्मीदवार और उनके प्रतिनिधि के हस्ताक्षर लेने के बाद मतगणना शुरू होगी। चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित किन प्रपत्रों में जानकारी देनी है और प्रत्याशियों अथवा उनके प्रतिनिधियों से कहां-कहां और कब-कब साईन कराना है इन सभी बातों को बारीकी से प्रशिक्षण में बताया गया। मास्टर ट्रेनर ने मतगणना से संबंधित चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित प्रावधानों और व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तार से बताया।

## सार-संक्षेप

### भाजपा पार्षदों ने दी अनिश्चितकालीन धरना व चक्काजाम की चेतावनी



**कोरबा,** 30 नवंबर (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम क्षेत्र के भाजपा पार्षदों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर जिले में संचालित संयंत्रों को आदेश जारी कर राखड़ परिवहन में लगे भारी वाहनों की रफ्तार 20 किमी प्रति घंटा करने व 50 मीटर की दूरी पर बेरिकेड लगाने की मांग की है। 5 दिसंबर तक मांग पूरी नहीं होने पर भाजपा पार्षदों ने अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन व चक्काजाम करने की चेतावनी दी है।

भाजपा पार्षदों ने बताया कि बालको से झगरहा मार्ग में भारी वाहनों के आवागमन की वजह से आए दिन दुर्घटना होते रहती है। 29 नवंबर को रिंग रोड रिस्दी चौक के पास राखड़ भरे भारी वाहन ने महिला शिक्षाकर्मी रोशनी को कुचल दिया। हादसे में महिला की दर्दनाक मौत हो गई। इसके 5 दिन पूर्व भी इसी मार्ग पर एक युवक शिवम राय की भी सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। प्रशासन से मांग की गई है कि कोरबा में संचालित संयंत्रों को तत्काल आदेश जारी कर निर्देशित किया जाए कि राखड़ से भरे सभी भारी वाहनों को 20 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलाया जाए एवं प्रत्येक 50 मीटर की दूरी पर बेरिकेड लगाया जाए। 5 दिसंबर तक इसे प्रभाव में लाया जाए अन्यथा 6 दिसंबर को भाजपा पार्षदों के द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल एवं चक्काजाम किया जाएगा। इसके लिए शासन-प्रशासन जिम्मेदार होंगे। कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपने के दौरान पार्षद चंद्रलोक सिंह, अजय गोंड, प्रेमचंद पाण्डेय, सुकंदी यादव, सूर्यकांत वर्मा, निखिल शर्मा, द्रौपती वर्मा, लुकेश्वर चौहान, तरूण राठौर, सुफल दास मानिकपुरी उपस्थित रहे।

### कुसमुंडा खदान में सरफेस माइनर कटर मशीन में लगी आग



**कोरबा**, 30 नवंबर (देशबन्धु)। एसईसीएल के कुसमुंडा खदान में बुधवार की देर रात सरफेस माइनर मशीन में भीषण आग लग गई। मशीन के ऑपरेटर ने कूदकर अपनी जान बचाई। घटना में मशीन को काफी नुकसान हुआ है। मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। बुधवार की देर रात सरफेस माइनर मशीन में लगी आग का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। सूचना पर खान प्रबंधन से जुड़े अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। आग पर काबू पाने के लिए रेस्क्यू टीम को बुलाया गया लेकिन तब तक मशीन का अधिकांश हिस्सा जल गया था। मशीन की लागत करोड़ों में बताई जा रही है। कोयला खनन की आधुनिक तकनीक में कंपनी सरफेस माइनर कटर मशीन से कोयले के फेस को काटा जाता है। इसे स्टॉक पहुंचाया जाता है। गौरतलब है कि इन दिनों एसईसीएल के द्वारा सभी परियोजनाओं में खान सुरक्षा पखवाड़ा मनाया जा रहा है और इस जागरुकता पखवाड़ा के दौरान खदान क्षेत्र में वाहनों में आग लगने की दो घटनाएं घटित हो गईं।

### गेवरा खदान में बिना हेलमेट नहीं मिलेगा प्रवेश

कोरबा, 30 नवंबर (देशबन्धु)। एसईसीएल की खदानों में सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए कई प्रयास किए जा रहे हैं ताकि इन प्रयासों से हादसों पर अंकुश लगाया जा सके। इसी क्रम में खदान में एंट्री के लिए हेलमेट अनिवार्य किया गया है। हेलमेट लगाकर ही नियमित व ठेका कर्मी गेवरा खदान में प्रवेश कर सकेंगे। बिना हेलमेट के बाइक से प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने एसईसीएल गेवरा एरिया के उप महाप्रबंधक ने सीआईएसएफ इकाई एसईसीएल गेवरा के सहायक कमांडेंट को पत्र लिखा है। श्रमिक चौक, पीआईएसएफ बैरियर से कर्मचारियों की माइंस में एंट्री होती है। पत्र में उप महाप्रबंधक ने बताया कि खदान के अधिकारी-कर्मचारियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए श्रमिक चौक, सीआईएसएफ बैरियर से बिना हेलमेट के दुपहिया वाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित किया जाता है ताकि सुरक्षा बनी रहे और किसी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके। उप महाप्रबंधक ने सहायक कमांडेंट को सीआईएसएफ बैरियर में तैनात बल सदस्यों को निर्देशित कर दुपहिया वाहनों में हेलमेट के साथ ही प्रवेश सुनिश्चित करने कहा है।

### डीएसपीएम के अधिकारी-कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त




कोरबा, 30 नवंबर (देशबन्धु)। डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी, ताप विद्युत गृह के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति पर सम्मानित कर विदाई दी गई।

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी मर्यादित डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह से माह नवम्बर-2023 में अधीक्षण अभियंता राजेन्द्र प्रसाद तिवारी, अनुभागीय अधिकारी स्वप्ना कोलवाडकर, कनिष्ठ पर्यवेक्षक राशिद खान एवं कनिष्ठ पर्यवेक्षक हरि प्रसाद मजुमदार, कोरबा पूर्व संयंत्र से अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर एवं कार्यपालन अभियंता किशोर परमानंद स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति हुये। इनके सम्मान में समारोह का आयोजन प्रशासनिक भवन के कान्फ्रेन्स हाल में हुआ। मुख्य अभियंता डॉ. हेमंत सचदेवा एवं अतिरिक्त मुख्य अभियंता अंजना कूजुर, राजेश्वरी रावत, आशीष श्रीवास्तव, संजीव कंसल एवं एल.एन.सूर्यवंशी के आतिथ्य में सेवानिवृत्त कर्मियों को पुष्पगुच्छ, प्रशस्ति पत्र एवं कलाई घड़ी से सम्मानित कर विदाई दी गई। डॉ. सचदेवा ने कहा कि सभी कर्मियों ने अपने कार्य को निष्ठा एवं लगन से करते हुये संयंत्र की सेवा की है। इनका अनुभव, अनुशासन एवं संयंत्र में कार्य करने की शैली सैदव हम सभी को अविस्मरणीय रहेगी। सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारी-कर्मचारियों के उत्तम स्वास्थ्य एवं उज्जवल भविष्य की कामना की गई। सेवानिवृत्त हो रहे लोगों ने अपने सेवाकाल का अनुभव भी साझा किया। कार्यपालन अभियंता नीलम शर्मा द्वारा कार्यक्रम का संचालन व अभार प्रदर्शन देवीशंकर राय के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रसायनज्ञ सह वरिष्ठ कल्याण अधिकारी गोवर्धन सिदार, हेमलता गुरूपंच, एस.के. डेविड, महिपाल कैवर्त एवं राजकुमार केंवट का सहयोग रहा।

# अज्ञात लोग मुक्तिधाम में जला गए अज्ञात लाश, थाना में शिकायत

**कोरबा**, 30 नवंबर (देशबन्धु)। कोरबा शहर क्षेत्र में स्थित मोतीसागरपारा आदर्श मुक्तिधाम में एक सनसनीखेज घटनाक्रम में अज्ञात लोगों ने रात के वक्त अज्ञात लाश का अंतिम संस्कार कर दिया। किसका शव किन लोगों ने जलाया, इसकी कोई भी जानकारी मुक्तिधाम की देखरेख करने वाले के पास नहीं है और न ही यहां रजिस्टर में एंट्री किया गया है।




इस मामले की शिकायत थाना कोतवाली में करते हुए मुक्तिधाम के केयरटेकर चौकीदार रामसजीवन केन ने बताया कि वार्ड-7 स्थित मुक्तिधाम में 19 नवंबर को रात 8:30 बजे खाना खाने के लिए सीतामणी शनि मंदिर के पास स्थित अपने घर चला गया था। मुक्तिधाम के मुख्य द्वार पर ताला लगा हुआ था। जब वह खाना खाकर मुक्तिधाम लौटा तो यहां चिता पर शव जलता हुआ पाया। यह देख वह हैरत में पड़ गया कि आखिर कौन यहां आकर, किसकी लाश जला कर चला गया? तीन दिन बाद कोई अस्थियां लेने नहीं पहुंचा और आज की गई शिकायत दिनांक तक भी कोई उक्त चिता से अस्थियां चुनने के लिए नहीं आया। चौकीदार रामसजीवन ने मामले में लिखित शिकायत सिटी कोतवाली में करते हुए आवश्यक जांच का आग्रह किया है।

चौकीदार ने बताया कि वह 19 नवंबर को रात 8:30 बजे खाना खाने गया था और रविवार का दिन होने के कारण थोड़ा आराम कर रात 11 बजे मुक्तिधाम पहुंचा तो गेट खुला हुआ मिला। आसपास पूछने पर पता चला कि कोई यहां वाहन से आए थे और साथ में लकड़ियां भी लाए थे व किसी का अंतिम संस्कार करके गए हैं। चिता के आसपास अंतिम संस्कार के बाद रखी जाने वाली 7-8 कौड़ी व मटकी पड़ी मिली। चौकीदार ने बताया कि अन्य शव का अंतिम संस्कार करने के लिए चिता को खाली करना जरूरी था इसलिए अज्ञात शव के चिता से राख व अस्थियां सुरक्षित दो बोरियों में भरकर रखवा दी गई है। इस मामले में कोतवाली पुलिस द्वारा आवश्यक पड़ताल शुरू कर दी गई है। थाना प्रभारी निरीक्षक रूपक शर्मा ने बताया कि घटना दिनांक को आसपास के क्षेत्रों में मृत हुए लोगों की जानकारी जुटाने के साथ-साथ सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।

# मतगणना स्थल पर तीन लेयर में होगी सुरक्षा व्यवस्था, कैमरों से भी निगरानी

### राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों और कर्मचारियों ने जाना-कैसी होगी मतगणना?

**कोरबा**, 30 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 आम चुनाव अन्तर्गत 3 दिसंबर को होने वाले मतगणना की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। मतगणना स्थल की तीन लेयर में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। कैमरों से भी निगरानी कराई जा रही है। किसी भी तरह की गड़बड़ी की तमाम आशंकाओं को दरकिनार किया गया है। मतगणना कक्ष में मोबाइल फोन, घड़ी, पेन, लैपटॉप, आईपैड, हथियार, माचिस, ज्वलनशील पदार्थ सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं को ले जाने पर प्रतिबंध लगाया गया है।

विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत 3 दिसंबर को आईटी कॉलेज झगरहा कोरबा में प्रातः 8 बजे से मतगणना की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। आईटी कॉलेज के बी-ब्लॉक के प्रथम तल में मतगणना हेतु विधानसभावार कक्ष तैयार किया गया है। कक्ष में कुल 14-14 टेबल लगाए गए हैं। इसके अतिरिक्त प्रत्येक कक्ष में दो अतिरिक्त टेबल डाक मतपत्र एवं ईटीपीबीएस की मतगणना हेतु लगाए गए हैं। मतगणना परिसर में सुरक्षा हेतु कुल 3 चरणों में व्यवस्था की गई है। प्रथम चरण में जिला पुलिस बल तैनात रहेगा, यहां 100 मीटर के परिधि में किसी की भी वाहन के प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। द्वितीय चरण में राज्य सशस्त्र सुरक्षा बल तैनात रहेंगे जिनके द्वारा प्रतिबंधित वस्तुओं की रोकथाम हेतु सघन जांच की जाएगी। तृतीय चरण में मतगणना कक्ष के बाहर केंद्रीय सुरक्षा बल तैनात होंगे और उनके द्वारा भी सघन जांच की जाएगी। किसी भी परिस्थिति में अनाधिकृत व्यक्तियों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। आईटी कॉलेज के मुख्य द्वार से केवल अधिकारियों, कर्मचारियों एवं प्रत्याशियों के वाहन ही प्रवेश करेंगे। राजनीतिक दलों के अधिकृत अभिकर्ताओं के वाहन नकटीखार से होकर भालूसटका मार्ग में स्थित पार्किंग स्थल पर रखे जाएंगे। सभी मतगणना कक्ष में तीन-तीन कैमरे भी लगाए गए हैं। कैमरे से सतत् निगरानी की जाएगी। स्ट्रांग रूम से आने वाली ईव्हीएम मशीनों की निगरानी भी कैमरों से की जाएगी।

### मीडिया सेंटर में प्रवेश के लिए प्राधिकार पत्र अनिवार्य

मतगणना स्थल शासकीय आईटी कॉलेज परिसर में ही प्रेस एवं मीडिया प्रतिनिधियों के लिए मीडिया सेंटर बनाया गया है। मीडिया सेंटर में जाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के फोटोयुक्त प्राधिकार पत्र एवं संस्था से संबंधित पहचान पत्र रखना अनिवार्य है। इसके बिना मीडिया सेंटर में प्रवेश पर पाबंदी है। मतगणना कक्ष में मोबाइल/कैमरा लाना प्रतिबंधित है। मीडिया सेंटर में टीव्ही की भी व्यवस्था की गई है।

### मतगणना कार्य का किया पूर्वाभ्यास

आईटी कालेज भवन में मतों की गिनती हेतु आयोजित पूर्वाभ्यास में मतगणना कार्य में संलग्न कर्मचारियों, अधिकारियों ने उपस्थिति दी। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर सौरभ कुमार के निर्देशन में रिटर्निंग अधिकारियों प्रदीप साहू, श्रीकांत वर्मा, हरिशंकर पैकरा और श्रीमती ऋचा सिंह ने रामपुर, पाली-तानाखार, कोरबा एवं कटघोरा विधानसभा क्षेत्र हेतु निर्धारित मतगणना कक्ष में मतगणना कार्य से संबंधित दिशा निर्देश दिये। उन्होंने मतगणना टेबल में उपलब्ध सभी प्रपत्रों को पूर्ण करने की जानकारी प्रदान की। सभी प्रपत्रों को सावधानी पूर्वक भरने के निर्देश भी दिए। रिटर्निंग अधिकारियों ने सहायक मतगणना अधिकारी-कर्मचारियों को भी आवश्यक दिशा निर्देश दिया। ईव्हीएम लाने-ले जाने वाले कर्मचारियों को क्रमवार स्ट्रांग रूम से मतगणना कक्ष तक सावधानीपूर्वक जाने के निर्देश दिए गए। मौके पर संलग्न पुलिस कर्मचारियों, अधिकारियों को मुस्तैदी से अपनी ड्यूटी करने के निर्देश दिए।



### 4031 डाक मतपत्र, 227 दिव्यांग व वरिष्ठ नागरिकों के डाक मतपत्रों की गणना

जिले में विधानसभावार निर्वाचन ड्यूटी में तैनात मतदाताओं हेतु सुविधा केंद्र से विशेष संवाहक द्वारा डाक मतपत्रों की कुल संख्या 431 है। रामपुर विधानसभा अंतर्गत 9, कोरबा 139, कटघोरा 922, पाली-तानाखार 9 डाकमत पत्र हैं। जिले में दिव्यांग, 8 वर्ष से अधिक आयु एवं कोविड प्रभावित अंतर्गत डाक मतपत्र से मतदान करने वाले मतदाताओं की संख्या 227 है। जिसमें रामपुर में 2, कोरबा में 138, कटघोरा में 26 और पाली तानाखार में 43 है। इसी तरह ईटीपीबीएस अंतर्गत 3 नवंबर तक प्राप्त डाक मतपत्र की संख्या 163 है। जिसमें रामपुर 32, कोरबा 56, कटघोरा 28 और पाली तानाखार 47 है। सर्वप्रथम डाक मतपत्रों तथा निर्धारित तिथि तक प्राप्त ईटीपीबीएस डाक मतपत्रों की गणना सुनिश्चित की जाएगी।

# हाथी-मानव द्वंद रोकने की दिशा में उठाएं प्रभावी कदम



### कलेक्टर ने जिले में अवैध हुकिंग पर दिए कार्यवाही के निर्देश

**कोरबा**, 30 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर सौरभ कुमार ने वन विभाग सहित विद्युत और क्रेडा विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने जिले के वनांचल क्षेत्रों में हाथी और मानव द्वंद को कम करने तथा जंगली हाथियों से किसी तरह की जनहानि न हो, इस दिशा में प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने हाथियों को रिहायशी क्षेत्रों से दूर भगाने में लगी टीम को अलर्ट रहने और वन्य प्राणियों को नुकसान पहुंचाने वाले विद्युत तारों को दुरुस्त करते हुए निर्धारित ऊँचाई का ध्यान रखने के निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में हाथी मानव द्वन्द कम करने हेतु गठित समिति की बैठक लेते हुए कलेक्टर ने जिले में अवैध हुकिंग पर कार्यवाही के निर्देश विद्युत विभाग को दिए। उन्होंने वन क्षेत्रों में खुले हुए विद्युत तारों को कवर करने के निर्देश दिए। बैठक में हाथियों द्वारा किए जाने वाले फसलों के नुकसान पर मुआवजे का वितरण समय पर कराने, जनहानि की घटनाओं पर पोस्टमार्टम रिपोर्ट जल्दी तैयार कर प्रस्तुत करने, धान उपार्जन केंद्रों में धान की खरीदी और उठाव कर परिवहन कराने, जंगली जानवरों के शिकार के लिए जंगल में जाने वाले शिकारियों पर कार्यवाही करने, अनावश्यक जंगलों में नहीं जाने के लिए लोगों को जागरूक करने के संबंध में निर्देश दिए गए। बैठक में हाथियों को आकर्षित करने वाले फसलों के स्थान पर अन्य फसल के लिए प्रोत्साहित करने के सम्बंध में भी चर्चा हुई। वनमण्डल अधिकारी कुमार निशांत द्वारा हाथी-मानवद्वन्द रोकने की दिशा में की जा रही कार्यवाही के संबंध में भी जानकारी दी गई। बैठक में कोरबा डीएफओ अरविंद पीएम, कटघोरा डीएफओ कुमार निशांत, विद्युत विभाग के सीपी गढ़ेवाल, बी एल सिदार, बीबी नेताम, एन एल पटेल आदि उपस्थित थे।

### आम नागरिकों को सतर्क रहने की अपील

कलेक्टर ने वनांचल क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीणों और आमनागरिको से अपील की है कि वे अनावश्यक जंगलों की ओर न जाएं। क्षेत्र में जंगली हाथियों के आगमन पर किसी तरह की छेड़खानी न करे और वन विभाग के निर्देशों का पालन करें। कलेक्टर ने किसी तरह के नुकसान पर मुआवजा प्रकरण तैयार कर प्रभावित को शीघ्रता से प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने वन्य प्राणियों को नुकसान नहीं पहुचाने की भी अपील की है और जनहानि रोकने के लिए वन विभाग की टीम को मुस्तैद रहने के निर्देश दिए हैं।

### अंतर्राष्ट्रीय कूडो मिक्स्ड में विधि यशराज और वीरभद्र ने जीते पदक



**कोरबा**, 30 नवंबर (देशबन्धु)। गुजरात में आयोजित 15वीं अंतर्राष्ट्रीय कूडो मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले से वीरभद्र प्रकाश पैकरा ने अंडर 12 वर्ष 45 किग्रा में रजत पदक जीतकर छत्तीसगढ़ व भारत को पहला पदक दिलाया। बालको के यशराज खरे ने अंडर 16 वर्ष 62 किग्रा में कांस्य पदक जीता एवं विधि विजयवर्गीय ने अंडर 12 वर्ष में 36 किग्रा में कांस्य पदक जीतकर प्रदेश व जिले का मान बढ़ाया है।

4थी फेडरेशन राष्ट्रीय प्रतियोगिता में इश्कृत कौर छाबरा पने अंडर 14 वर्ष प्लस 58 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता है। इश्कृत कौर न्यू ऐरा प्रोग्रेसिव स्कूल में कक्षा 8वीं की छात्रा है। आर्या सेठी ने बालिका वर्ग में अंडर 12 वर्ष-27 किग्रा में कांस्य पदक जीता। आर्य ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल में क्लास 5वीं की छात्रा है। जिला कूडो संघ अध्यक्ष एवं लेवल अप मिक्स मर्शल आर्ट्स अकादमी के संचालक एवं मुख्य कोच प्रेमराज बंजारे एवं कोच देवशीष कश्यप ने पदक विजेता खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया है। अध्यक्ष बंजारे ने बताया कि 15वीं अंतर्राष्ट्रीय अक्षय कुमार कूडो प्रतियोगिता में अभिनेता अक्षय कुमार एवं अभिनेत्री दिशा पटानी मुख्य अतिथि थे। पूरे देश से 2500 खिलाड़ी एवं8 अलग-अलग देश के खिलाड़ियों ने अपना दमखम दिखाया।

# कटघोरा के लिथियम ब्लॉक के लिए होगी नीलामी, प्रचुर मात्रा में है उपलब्धता





**कोरबा,** 30 नवंबर (देशबन्धु)। खान मंत्रालय ने 29 नवम्बर से महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिजों (क्रिटिकल एण्ड स्ट्रेटेजिक मिनरल्स) की पहली किश्त की नीलामी प्रक्रिया प्रारंभ की है। इसके तहत देश भर में स्थित 20 मिनरल्स ब्लॉक्स के लिए बोली लगाई जाएगी। इसमें कोरबा जिले में स्थित कटघोरा-घुंचापुर में स्थित लिथियम ब्लॉक (कटघोरा लिथियम एण्ड आरईई ब्लॉक) भी सम्मिलित है। सर्वे के अनुसार यहां पर्याप्त मात्रा में रेअर अर्थ एलिमेंट्स की उपलब्धता है।

कटघोरा-घुंचापुर में 256.12 हेक्टेयर में लिथियम ब्लॉक फैला हुआ है। इसमें 84.86 हेक्टेयर फॉरेस्ट लैंड है। यहां लिथियम एंड री ब्लॉक का जी-4 सर्वे हो चुका है। सर्वे के अनुसार यहां पर्याप्त मात्रा में रेअर अर्थ एलिमेंट्स की उपलब्धता है। महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिजों की नीलामी प्रक्रिया 29 नवम्बर से प्रारंभ की गई है। निविदा दस्तावेजों की बिक्री का कार्य 16 जनवरी, 2024 तक चलेगा। बोली जमा करने की अंतिम तिथि 22 जनवरी निर्धारित की गई है। नीलामी से जुटाया गया राजस्व राज्य सरकार को भी मिलेगा।

गौरतलब है कि कटघोरा क्षेत्र में लिथियम की उपलब्धता को लेकर सर्वे किया गया था। 100 स्कायर किलोमीटर क्षेत्र से 138 नमूने एकत्र किए गए थे। इन नमूनों की जांच के बाद पता चला कि यहां रेअर अर्थ एलिमेट्स के साथ ही इससे संबंधित तत्वों की पर्याप्त मात्रा में मौजूदगी है। यहां बताना होगा कि भारत अब लिथियम को लेकर चीन से अपनी निर्भरता पूरी तरह से खत्म करने के प्रयास में है।

**क्या है लिथियम:** लिथियम एक रासायनिक पदार्थ है, जिसे सबसे हल्की धातुओं की श्रेणी में रखा जाता है। यहां तक कि धातु होने के बाद भी ये चाकू या किसी नुकीली चीज से आसानी से काटा जा सकता है। इस पदार्थ से बनी बैटरी काफी हल्की होने के साथ-साथ आसानी से रिचार्ज हो जाती है। लिथियम का इस्तेमाल रिचार्जेबल बैटरियों में होता है और इस क्षेत्र में चीन का भारी दबदबा है। विशिष्ट गुणों के कारण इसका इस्तेमाल स्मार्ट फोन, एचडी डिस्प्ले, इलेक्ट्रिक कार, वायुयान के महत्त्वपूर्ण उपकरण, परमाणु हथियार और अंतरिक्ष कार्यक्रमों के साथ कई अन्य महत्त्वपूर्ण तकनीकी विकास में होता है।

# अलग-अलग झुंड में विचरण कर रहे 59 हाथियों ने बढ़ाई चिंता

**कोरबा,** 30 नवंबर (देशबन्धु)। जिले में हाथियों के विचरण करने से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त हैं। ठिठुरती रात में लोगों को अपनी जान बचाने रतजगा करना पड़ रहा हैं। वन अमला भी हाथियों की निगरानी में लगा है। बड़ी संख्या में हाथियों की मौजूदगी ने ग्रामीणों के साथ-साथ वन अधिकारियों की चिन्ता बढ़ा दी है।

जिले में कटघोरा वनमंडल के केंदई रेंज में 59 हाथी अलग-अलग चार झुंड में बंट गए हैं,



वहीं दंतैल हाथी इस झुंड से अलग मोरगा के जंगल में घूम रहा हैं। वन अमले को हाथियों की निगरानी में परेशानी हो रही है। मुनादी कराकर ग्रामीणों को जंगल जाने से मना किया गया हैं। गांव में हाथियों के प्रवेश के डर से ग्रामीण रतजगा करने मजबूर हैं। केंदई रेंज में पहुंचे 59 हाथियों का दल अब 4 झुंड में बंट गया है। इसी रेंज की सीमा कोईलारगडरा, लालपुर, घुंचापुर, सलाईगोट, परला के आसपास के जंगल में हाथियों विचरणरत हैं। ग्रामीणों को सबसे अधिक खतरा दंतैल हाथी से है जो झुंड से अलग घूम रहा हैं। मोरगा के जंगल में दंतैल हाथी को देखा गया। केंदई रेंज के हाथी प्रभावित गांवों में मुनादी करा दी गई है। ग्रामीणों को जंगल जाने से मना किया गया है। वनांचल में ठंड बढ़ गई है। इससे रतजगा कर रहे ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गई है।

केंदई रेंज में अलग-अलग झुंड में हाथियों के विचरण से जंगल से लगे हाथी सिमकेंदा के जंगल में घूम रहा 37 हाथियों का दल कोरबा वनमंडल के कुदमुरा रेंज में 37 हाथियों का दल घूम रहा हैं। हाथियों के झुंड में होने से वन अमले को निगरानी में परेशानी नहीं हो रही है। बुधवार को सिमकेंदा के जंगल में हाथियों का विचरण रहा, जिसके श्यांग की बढ़ने पर आसपास गांवों के प्रभावित ग्रामीणों को सतर्क कर दिया गया है। धान की कटाई के बाद फसल को किसानों ने खलिहान में रखा है, इससे हाथी गांव में प्रवेश न करें इसके लिए ग्रामीण रतजगा कर रहे हैं।

# सार-संक्षेप

## मतगणना स्थल में तीन स्तरों पर होगी कड़ी सुरक्षा

**मनेन्द्रगढ़** 30 नवंबर (देशबन्धु)। एमसीबी जिले के कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी नरेन्द्र कुमार दुग्गा तथा पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजनैतिक दलों के साथ बैठक आयोजित की। इस दौरान जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्र के अभ्यर्थी एवं उनके अभिकर्ताओं को मतगणना प्रक्रिया और इसके बेहतर संचालन के लिए प्रशासन की तैयारियों की जानकारी दी। जिले के दोनों विधानसभा निर्वाचन की मतगणना छत्तीसगढ़ राज्य भंडारण निगम गोदाम चैनपुर में की जायेगी। मतगणना स्थल में 3 दिसम्बर 2023 को मतगणना में नियोजित अधिकारियों तथा राजनैतिक दलों को निर्धारित द्वार से सीजीएसडब्ल्यूसी गोदाम में प्रवेश दिया जाएगा।मतगणना स्थल से 100 मीटर की दूरी तक बेरिकेटिंग की जाएगी।

उन्होंने बताया कि दोनों विधानसभा के मतगणना हेतु 14-14 टेबल लगाए जाएंगे। इसके अलावा 2-2 टेबल डाक मतपत्र तथा ईटीबीपीएस (इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्रेषित डाक मतपत्र प्रणाली) के लिए लगाये जाऐंगे। दोनों विधानसभा निर्वाचन के लिए मतगणना कार्य संपन कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा प्रेक्षक नियुक्त किए गये है।

कलेक्टर तथा पुलिस अधीक्षक ने अभ्यर्थी व अभिकर्ताओं के साथ बैठक के बाद छत्तीसगढ़ राज्य भंडारण निगम गोदाम चैनपुर मनेन्द्रगढ़ मतगणना स्थल और मीडिया सेंटर का निरीक्षण किया। मतगणना स्थल से 100 मीटर की दूरी में मीडिया सेन्टर का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें मीडियाकर्मियों के बैठने की व्यवस्था रहेगी।मीडियाकर्मी 4-4 के समूह में एक बार में अन्दर आ-जा सकेंगे।उन्होंने इसके लिए संबंधित विभाग को आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये एवं मतगणना प्रक्रियाओं व उसे सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए की गई व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी दी। साथ ही मतगणना प्रक्रियाओं को पारदर्शी बनाने के लिए कहा। इसके अलावा ईवीएम तथा स्ट्रांग रूम की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए किए गये उपायों की भी जानकारी दी।

## मतगणना हॉल में लगाया जायेगा अतिरिक्त टेबल

**मनेन्द्रगढ़** 30 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नरेन्द्र कुमार दुग्गा ने जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्रों में 500 से अधिक डाकमत पत्र प्राप्त होने तथा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 01 भरतपुर-सोनहत में कुल 310 मतदान केन्द्र होने के कारण गणना करने में अधिक चक्रों में लगानी पड़ती। जिला निर्वाचन अधिकारी ने विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 01 भरतपुर-सोनहत के लिए 7 अतिरिक्त टेबल लगाने का प्रस्ताव भारत निर्वाचन आयोग में प्रस्तुत किया गया था। भारत निर्वाचन आयोग ने प्रस्ताव पर अनुमोदन देते हुए अनुमति प्रदान की गयी है। ज्ञात हो कि मनेन्द्रगढ़ जिले में दोनों विधानसभा मिलाकर कुल 466 मतदान केन्द्र है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 01 भरतपुर-सोनहत में 232 मतदान केन्द्र मनेन्द्रगढ़ जिले में है तथा शेष 78 मतदान केन्द्र सोनहत जिला कोरिया में है। निर्वाचन पश्चात् 78 मतदान केन्द्रों की गिनती मनेन्द्रगढ़ जिले में होनी है। अब दोनों को मिलाकर 310 मतदान केन्द्र की गिनती इसी जिले में की जायेगी। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 02 मनेन्द्रगढ़ में 156 मतदान केन्द्र है।

विधानसभा निर्वाचन 2023 मतगणना हेतु (सीयू) कन्ट्रोल यूनिट तथा डाकमत पत्रों की गणना के लिए विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 01 भरतपुर-सोनहत में ईवीएम गणना के 21 टेबल तथा डाकमत पत्र के लिए 2 टेबल मिलाकर कुल 23 टेबल लगाये जायेगे। इस विधानसभा की गिनती 15 चक्रों में सम्पन्न होगी। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 02 मनेन्द्रगढ़ में ईवीएम की गणना के लिए 14 टेबल तथा डाकमत पत्र के लिए 2 टेबल कुल 16 टेबल लगाये जायेंगे। इस विधानसभा की गिनती 12 चक्रों में पूर्ण होगी।

## निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से मतगणना करने तैयारियां पूर्ण

**बलरामपुर** 30 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिये मतगणना 03 दिसम्बर 2023 दिन रविवार को पूर्ण की जावेगी। तत्संबंध में मतगणना स्थल शासकीय लाइवलीहुड कॉलेज भेलवाडीह, बलरामपुर में समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रिमिजियुस एक्का ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिये मतगणना के लिये समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली गई है। मतगणना निर्धारित समय प्रातः 8 बजे से प्रारंभ की जावेगी। विधानसभा निर्वाचन लड़ने वाले समस्त अभ्यर्थियों को मतगणना स्थल एवं समय के संबंध में पूर्व सूचना जारी कर दी गई है। मतगणना दिवस को सर्वप्रथम प्रातः 8 बजे पोस्टल बैलेट के मतों की गणना की जावेगी, तद्उपरांत 8:30 बजे से ईवीएम के मतों की गणना प्रारंभ की जावेगी। विधानसभा 07-रामानुजगंज तथा 08-सामरी के स्ट्रांग रूम प्रातः 7:30 बजे अभ्यर्थी/अभिकर्ताओं की उपस्थिति में खोला जावेगा।

## दोना पत्तल दुकान में लगी आग

**रायगढ़** 30 नवंबर (देशबन्धु)। शहर के गांधी प्रतिमा स्थल के पास स्थित दोना पत्तल दुकान के प्रथम तल के गोदाम में आज दोपहर अचानक आग लग गई। जिसके कारण आसपास क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के गांधी प्रतिमा स्थल के पास रामनिवास टाकीज चैक की ओर जाने वाले मार्ग पर स्थित एक दोना पत्तल दुकान के प्रथम तल में दोपहर करीब ढाई बजे अचानक आग की लपटे उठने लगी। चूंकि गोदाम में दोना पत्तल तथा प्लास्टिक के आयटम रखे थे। इसलिये गोदाम में रखा सामान धू-धू कर जलने लगा और आसपास के दुकानों में आग फैलने के डर से इस सकरे मार्ग पर अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल नगर निगम के फायर बिग्रेड को इसकी सूचना दी और निगम के दमकल के भरसक प्रयास के बाद करीब एक घंटे की मशक्कत में आग पर काबू पाया जा सका। आग लगने की इस घटना में दुकानदार का गोदाम में रखा हजारों का सामान जलकर खाक हो गया है। बताया जा रहा है कि आग शार्ट सर्किट से लगी थी।

## मतगणना तिथि से पहले कलेक्टर ने ली बैठक

**कोरिया** 30 नवंबर (देशबन्धु)। 2023/आज कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विनय कुमार लंगेह ने विधानसभा निर्वाचन बैकुंठपुर के सभी राजनीतिक प्रतिनिधियों के साथ मतगणना को लेकर महत्वपूर्ण बैठक ली। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत 17 नवम्बर को मतदान सम्पन्न हुआ था और आगामी रविवार, 3 दिसम्बर 2023 को सुबह 8 बजे मतगणना होगी। इसी सम्बंध में आज राजनीतिक दलों व प्रत्याशियों के प्रतिनिधियों के मौजूदगी में महत्वपूर्ण बैठक आयोजन किया गया। बैठक में कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विनय कुमार लंगेह ने मतगणना दिवस पर आवश्यक जानकारी देते हुए राजनीति दलों व प्रत्याशियों के प्रतिनिधियों को बताया कि मतगणना स्थल शासकीय आदर्श रामानुज हायर सेकेंडरी स्कूल को बनाया गया है।

जानकारी के मुताबिक ईवीएम स्ट्रांग रूम 3 दिसम्बर को सुबह 6 बजे खोला जाएगा। पोस्टल बैलेट भी ईवीएम स्ट्रांग रूम को खोलने के तुरंत बाद जिला कोषालय से सुरक्षा व्यवस्था सहित मतगणना केंद्र तक लाया जाएगा। मतगणना पश्चात सीयू को स्ट्राँगरूम कक्ष में सील किया जायेगा। जानकारी के मुताबिक शासकीय आदर्श रामानुज हायर सेकेण्डरी स्कूल स्थित स्ट्रांग रूम में रखा जायेगा। ज़िला निर्वाचन अधिकारी श्री लंगेह द्वारा आज दिनांक तक प्राप्त पोस्टल बैलट एवं ईटीपीबीएस की संख्यात्मक जानकारी भी सभी जनप्रतिनिधियों से साझा की गई।

# जिले में डाक मतपत्र से कुल 4264 मतदाताओं ने किया मतदान

- 30 नवंबर की स्थिति में सेवा मतदाताओं से प्राप्त 260 ईटीपीबी
- इस बार विशेष मतदान दलों ने घर-घर जाकर भी कराई वोटिंग
- होम वोटिंग में 166 वृद्धजनों तथा दिव्यांगजनों ने किया मतदान



**अम्बिकापुर** 30 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत जिले में 03 दिसंबर को मतगणना होनी है जिसमें पोस्टल बैलेट यानी डाक मतपत्र और ईवीएम वोटिंग दोनों की मतगणना की जाएगी। प्रत्येक विधानसभा मतगणना के लिए ईवीएम मतगणना हेतु 14-14 टेबल लगाए जाएंगे। डाक मतपत्र की गणना के लिए भी अलग टेबल लगाए जायेंगे। जिसमें लुण्ड्रा विधानसभा हेतु 2 टेबल, सीतापुर विधानसभा हेतु 3 टेबल और अम्बिकापुर विधानसभा हेतु 4 टेबल लगाए जायेंगे।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मतदाताओं को डाकमत पत्र के माध्यम से मतदान करने की सुविधा प्रदान की गई जहां जिले के मतदान एवं सुरक्षा कर्मियों ने सुविधा केंद्रों में मतदान से पूर्व डाक मतपत्र से मतदान किया, वहीं दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं को इस बार होम वोटिंग की सुविधा उपलब्ध कराई गई। वहीं सर्विस वोटर से ईटीपीबीएस यानी इलेक्ट्रॉनिक ट्रांसमिटेड पोस्टल बैलेट के जरिए मतपत्र प्राप्त किए जा रहे हैं। जिले में डाक मतपत्र के माध्यम से अब तक होम वोटिंग तथा सेवा मतदाताओं एवं निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात कुल 4 हजार 264 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है।

### सेवा मतदाताओं से प्राप्त 260 ईटीपीबी

जिले के ऐसे मतदाता जिन्हें सर्विस वोटर के रूप में चिन्हांकित किया गया, उन्हें वोट डालने ईटीपीबीएस के माध्यम से सूचना ऑनलाइन प्रेषित की गई। 3 नवंबर की स्थिति में जिले में 26 मतदाताओं के ईटीपीबीएस यानी इलेक्ट्रॉनिक ट्रांसमिटेड पोस्टल बैलेट के माध्यम से वोट डाला है। इसमें लुण्ड्रा विधानसभा में 5, अंबिकापुर विधानसभा में 72 और सीतापुर विधानसभा में 138 ईटीपीबी प्राप्त हुए हैं।

# मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतगणना के संबंध में की गई वीडियो कॉन्फ्रेंस

- कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सहित निर्वाचन से जुड़े सभी अधिकारी रहे मौजूद



**अम्बिकापुर** 30 नवंबर (देशबन्धु)। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले द्वारा छत्तीसगढ़ विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2023 हेतु 3 दिसंबर को होने वाली मतगणना के संबंध में गुरुवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। वीडियो कांफ्रेंस में ई.व्ही.एम एवं डाक मतपत्रों की मतगणना के संबंध में राज्य के सभी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सहित निर्वाचन में संलग्न अधिकारियों को मतगणना की बारीकियां और इस दौरान बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी गई।

मतगणना हेतु भारत निर्वाचन आयोग के नियमों का पालन सुनिश्चित करने एवं सुरक्षा व्यवस्था हेतु चाक चौबंद व्यवस्था रखने निर्देशित किया गया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में मतगणना दिवस व मतगणना की कार्यवाही, डाक मतपत्रों का पुनर्सत्यापन, डाक मत पत्रों की गणना के बाद ई.व्ही.एम में दर्ज किए गए मतों की गणना की प्रक्रिया, प्रत्येक राउंडवार परिणामों की घोषणा, गणना उपरांत की जरूरी कार्यवाही, ईवीएम सीलिंग, इत्यादि के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

वीडियो कॉन्फ्रेंस में जिले से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुन्दन कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सुनील नायक, पोस्टल बैलेट नोडल एवं नगरनिगम आयुक्त श्री अभिषेक कुमार, सभी रिटर्निंग आफिसर, सहायक रिटर्निंग आफिसर, एवं निर्वाचन से जुड़े अधिकारी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने जिले में मतगणना की तैयारियों की समीक्षा की



**अम्बिकापुर** 30 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुन्दन कुमार ने पुलिस अधीक्षक सुनील शर्मा के साथ कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में गुरुवार को आगामी तीन दिसंबर को होने वाली मतगणना की तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने मतगणना स्थल पर पार्किंग व्यवस्था, अधिकारियों कर्मचारियों, अभ्यर्थियों और उनके अभिकर्ताओं, मीडिया प्रतिनिधियों हेतु विभिन्न प्रवेश गेटों, मतगणना स्थल पर विद्युत की निर्बाध आपूर्ति, आवश्यक बैरिकेडिंग, शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु मजिस्ट्रियल ड्यूटी और पुलिस सुरक्षा व्यवस्था, मतगणना हॉल में रिटर्निंग अधिकारियों, मतगणना में संलग्न अधिकारियों-कर्मचारियों हेतु समुचित सुविधाएं, मीडिया सेंटर में आवश्यक सुविधाओं, प्रत्येक राउंडवार परिणामों की घोषणा आदि बिंदुओं पर चर्चा कर विस्तृत दिशा निर्देश दिए।

बैठक के बाद कलेक्टर एसपी ने संयुक्त रूप से मतगणना स्थल शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज, अंबिकापुर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने मतगणना हॉल में मतगणना की प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित किए जाने के संबंध में तैयार की जा रही अधोसंरचना का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने रिटर्निंग अधिकारियों, मतगणना कर्मियों और अभ्यर्थियों व उनके गणन अभिकर्ताओं के मतगणना कक्ष में बैठने की व्यवस्था देखी और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने प्रेक्षक कक्ष, कंट्रोल रूम, मीडिया सेंटर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि सभी आरओ और एआरओ मतगणना के दौरान सतर्कता, सावधानी और धैर्यपूर्वक काम करें। मतगणना की संवेदनशीलता को देखते हुए हर प्वाइंट पर मजिस्ट्रियल ड्यूटी लगाई जा रही है। इसके साथ ही पुलिस सुरक्षा की भी चाक चौबंद व्यवस्था रहेगी। शांतिपूर्ण मतगणना प्रक्रिया संपन्न कराने हेतु कड़ी सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सुनील नायक, नगरनिगम आयुक्त श्री अभिषेक कुमार, सीईओ जिला पंचायत श्री नूतन कंवर सहित जिला एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे।

## मतगणना तिथि पर शुष्क दिवस घोषित

**अम्बिकापुर** 30 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन 2023 की मतगणना तिथि 03 दिसंबर 2023 के दिन मतगणना स्थल क्षेत्र में कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी द्वारा शुष्क दिवस घोषित किया गया है।

छत्तीसगढ़ अबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 की उप धारा (1)में प्रदत्त शक्तियां का प्रयोग करते कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा जिले में विधानसभा निर्वाचन 2023 की मतगणना तिथि 03 दिसंबर 2023 के दिन जिले के मतगणना स्थल क्षेत्र, नगर पालिका निगम अम्बिकापुर में स्थित समस्त देशी/विदेशी मदिरा दुकानें (देशी मदिरा दुकान अम्बिकापुर, विदेशी मदिरा दुकान गंगापुर, सुभाष नगर एवं बौरीपारा) 62 वीं बटालियन एफ.एल-8 एवं देशी मदिरा भण्डारण भाण्डागार अम्बिकापुर को बंद रखने आदेशित किया गया है। शुष्क अवधि में मदिरा का किसी भी प्रकार का संव्यवहार पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

# जिले में अब तक मात्र 7 हजार क्विंटल की हुई धान खरीदी

**रायगढ़** 30 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में एक नवंबर से शुरू हुई धान खरीदी में अभी तक पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष तेजी नही आई है। चूंकि चुनावी वर्ष में किसानों के कर्ज माफी तथा प्रति क्विंटल में इजाफा होनें के कारण अधिकतर किसान नई सरकार बनने का इंतजार कर रहे हैं। नवंबर माह के अंतिम सप्ताह तक रायगढ़ जिले में अभी तक केवल 7 हजार क्विंटल से अधिक ही धान खरीदा गया है।



इस संबंध में जिले के खादय अधिकारी ने बताया कि रायगढ़ जिले में पांच लाख मिट्रिक धान खरीदी का लक्ष्य है। जिसके तहत 7 हजार 835 मिट्रिक धान खरीदी किया जा चुका है। अभी तक 14 सौ 28 किसान धान का विक्रय कर चुके हैं। राइस मिलों की पंजीयन और अनुमति की कार्रवाई की जा चुकी है। जिले में 58 प्रतिशत धान का उठाव भी किया जा चुका है। अवैध धान की रोक के लिये कड़ी निगरानी की जा रही है। 10 अंतराष्ट्रीय चेक पोस्ट हैं और अभी तक दो मामले बने है और वाहन की जब्ती बनाई गई है।

पिछले साल की तुलना में इस साल धान खरीदी के संबंध में खाद्य अधिकारी ने बताया कि इस वर्ष प्रति एकड़ 20 क्विंटल खरीदी किया जाना है। जिससे किसानों का सोचना है कि हमारी उपज का पूरा धान सरकार क्रय करेगी। इसलिये इस बार ज्यादा धान मंडियों में आने की संभावना है।

# अवैध खदानों से तीन मशीन किए गए जब्त



**सारंगढ़** 30 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर फरीहा आलम सिदीकी द्वारा दिये गये निर्देश के परिपालन में खनिज विभाग सारंगढ़ बिलाईगढ़ द्वारा गुड़ेली सरसरा एवं लालाधुरवा में संचालित खदानों एवं क्रेशर एरिया का आकस्मिक निरीक्षण के दौरान गुड़ेली छेत्र में उग्रसेन साहू निवासी गुड़ेली, नरेन्द्र पटेल निवासी तिमरला एवं आलोक अग्रवाल निवासी रायगढ़ (पूजा मिनरल क्रेशर) द्ववारा टाटा हिताची चैन माउंटेन कुल 3 मशीनों से अवैध उत्खनन करते पाये जाने पर मौके पर ही उक्त तीनों मशीनों को शील करते हुए जप्त कर आगामी कार्यवाही तक ग्राम कोटवार त्रिलोचन पटेल गुड़ेली के सुपुर्दगी में दिया गया एवं मौके पर राजस्व विभाग के पटवारी को उत्खनन स्थल का नक्शा खसरा एवं नजरी नकसा में चिन्हांकन कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया।

उक्त कार्यवाही छ्त्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 एवम् खान एवं खनिज विकास आधिनियम 1957 की धारा 21 के तहत की जाएगी। साथ ही अवैध उत्खनन परिवहन एवं भण्डारण की कार्यवाही आगे भी निरंतर कलेक्टर के निर्देश पर की जायेगी। मौके पर निरीक्षण के दौरान खनि अधिकारी एच डी भारद्वाज,खनिज टीम अनुराग नंद,अनिल नन्दे,लक्ष्मीनारायण घृतलहरे आदि शामिल हुए।

# कम्प्यूटर दुकान से 27 लैपटॉप की चोरी

## गैस कटर से ताला काटकर चोर ने दिया घटना को अंजाम

**रायगढ़** 30 नवंबर (देशबन्धु)। मंगलवार की रात अज्ञात चोरों ने शातिरआना अंदाज में चोरी की घटना को अंजाम देते हुए कम्प्यूटर दुकान से 25 से अधिक लैपटॉप की चोरी कर ली है। घटना की सूचना के बाद कोतरा रोड़ पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी पतासाजी में जुट गई है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार खैरपुर निवासी विकास अग्रवाल का किरोड़ीमल नगर क्षेत्र में यूनिवर्सल कम्प्यूटर्स नामक दुकान हैं। मंगलवार की देर रात तकरीबन डेढ़ बजे अज्ञात चोरों के द्वारा चेहरे पर नकाब लगाकर शातिरआना अंदाज में सबसे पहले दुकान से लगे आसपास के घरों को बाहर से बंद करते हुए गैस कटर का उपयोग करते हुए कम्प्यूटर दुकान का ताला तोड़ते हुए वहां रखे 27 लैपटॉप की चोरी कर ली गई। चोरी सामान की कीमत लगभग ढाई लाख रूपये बताई जा रही है। इस घटना की सूचना दुकान संचालक को सुबह साढ़े 5 बजे लगी जिसके बाद जब वे दुकान पहुंचे तब उसने देखा कि दुकान में डिस्पले में लगा हुआ 27 नग पुराना लैपटॉप चोरी हो चुका है जबकि नया लैपटॉप जस का तस था। चोरी की यह वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। बहरहाल चोरी की इस घटना की जानकारी मिलते ही कोतरा रोड़ पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए आसपास लगे सीसीटीवी आधार पर उनकी पतासाजी शुरू कर दी है।

# सड़क दुर्घटना में घायल एक युवक की मौत, दूसरा गंभीर

**रायगढ़** 30 नवंबर (देशबन्धु)। कोड़ातराई के पास मंगलवार की रात सड़क दुर्घटना में घायल एक युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई है।

मिली जानकारी के अनुसार रैबार थाना पुसौर के दो युवक कन्हैया पटेल और धनेश्वर कुर्रे पेशी के लिए रायगढ़ आए थे। शाम 4 बजे वापस अपने गांव लौट रहे थे, कोड़ातराई पेट्रोल पंप के पास सामने से आ रही ट्रक ने टक्कर मारी दी। सूचना के बाद दोनों घायल को मेडिकल कॉलज में भर्ती किया गया। जहां कन्हैया पटेल की मौत हो गई वहीं धनेश्वर कुर्रे गंभीर रूप से घायल है। दोनो बाइक से जा रहे थे। रात 10 बजे उसकी मौत हुई है। मामला जुटमिल थाना क्षेत्र का है।

# तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

**अम्बिकापुर** 30 नवंबर (देशबन्धु)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आर एन गुप्ता के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग की ओर से विकासखण्ड अम्बिकापुर के ग्राम बिशुनपुर के पंचायत भवन में गुरुवार को राष्ट्रीय मानसिक रोकथाम कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत होलीक्रॉस वुमेन्स सोशल वर्क विभाग के सहयोग से शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य लाभ एवं मानसिक रोग से बचाव तथा तम्बाकू के दुष्परिणाम के संबंध में विस्तार से बताया गया। शिविर में लगभग 200 लोगों का पंजीयन कर उन्हें तम्बाकू नशा मुक्ति संबंधी परामर्श प्रदान किया गया साथ ही तम्बाकू सेवन करने वाले व्यक्तियों को मेडिकल कॉलेज अम्बिकापुर में तम्बाकू नशा मुक्ति केन्द्र में दवाईयां एवं उचित उपचार की सलाह दी गई। इस दौरान जिला सहायक नोडल डॉ राजप्रीत कौर, जिला सलाहकार श्री हनी गॉटलिब,सोशल वर्कर श्रीमती रानू गुप्ता, महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सि शांता जोसेफ, समाजकार्य विभाग की विभागाध्यक्ष अलमा मिंज, सहायक प्राध्यापक प्रेरणा लकड़ा एवं अंजना तथा छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।



जिला सहायक नोडल डॉ कौर ने आमजनों को तम्बाकू के सेवन से होने वाली बिमारियों के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि गुढाखू अथवा तम्बाकूयुक्त पदार्थ का सेवन कैंसर व गैर संचारी रोग संबंधी बिमारी का कारण बनता है। उन्होने कहा कि कई सारे मरीज ऐसे होते हुए जो इसे छोड़ना चाहते है किन्तु उचित मार्गदर्शन न होने की स्थिति में संभव नही हो पाता। उन्होंने बताया कि आमजन किसी भी दिन अपनी नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में संपर्क कर तम्बाकू छोड़ने एवं उससे छोड़ने हेतु उपयोग में आने वाली दवाईयां जानकारी प्राप्त कर सकते है। तम्बाकू के सेवन से कई समस्या होती है, धुंआ रहित तंबाकू मुख कैंसर का प्रमुख कारण है। उन्होंने बताया कि व्यक्ति में नशे की अन्य आदतों वाले पदार्थों द्वारा गतिविधियों में सहनशीलता विकसित होती हैं। तंबाकू सेवन के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता पैदा करें, तंबाकू उत्पादों के उत्पादन और आपूर्ति को कम करना, सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद (व्यापार और वाणिज्य, उत्पादन और आपूर्ति और वितरण का निषेध) अधिनियम, 2003 (ष्ट्झ्रक्क) के तहत प्रावधानों के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित कराना तथा तंबाकू का सेवन छोड़ने में लोगों की मदद करें। बता दें कि पूरे भारत में तम्बाकू नियंत्रण कानून को लागू करने के लिए वर्ष 2007-08 में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम (ह्ल्ञ्चष्टक्क) की शुरुआत की गई, ताकि तम्बाकू के दुष्प्रभावों के बारे मे जनसामान्य में अधिक से अधिक जागरूकता लाया जा सके।

## सैनिक स्कूल में क्विज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

सैनिक स्कूल के कैडेटों में जिज्ञासा तथा ज्ञानार्जन की प्रवृत्ति को बढ़ावा देने तथा उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने के उद्देश्य से सैनिक स्कूल अम्बिकापुर में 28 एवं 29 नवंबर 223 क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता जूनियर एवं सीनियर दो वर्गो में आयोजित की गयी। प्रतियोगिता को खेल, विज्ञान, समसामायिक विषय, पुस्तक और लेखक, दृष्य एवं ध्वनि आधारित प्रश्न, रैपिड फायर राउंड और रक्षा परिदृश्य जैसे चक्रों में बांटा गया। प्रतियोगिता मे लगभग 2 प्रश्न पूछे गये और कैडेटों द्वारा निर्धारित समय सीमा में दिये गये उत्तरों के आधार पर अंक प्रदान किये गये। आयोजित प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में मॉनेकशा हाउस में सम्मिलित कैडेट दिव्यांशु सिंह, कैडेट आर्यन पटेल, कैडेट विक्रम सिंह तथा जूनियर वर्ग में करियप्पा हाउस में सम्मिलित कैडेट प्रांशुल मिश्रा, कैडेट अंकित कुमार, कैडेट शांतनु सिंह तथा कैडेट अरुण प्रताप सिंह की टीम विजेता रहे। सैनिक स्कूल अम्बिकापुर की प्राचार्य कर्नल मिताली मधुमिता, सेना मेडल ने विजेता सदनों के प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र और ट्रॉफी प्रदान की। इस अवसर पर उन्होंने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि रक्षा सेनाओं तथा रक्षा उपकरणों से संबंधित सामान्य ज्ञान की नियमित रूप से तैयारी करें और स्वयं को अपडेट रखें।

## सार-संक्षेप

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतगणना के संबंध में वीसी लिया

**सारंगढ** 30 नवंबर (देशबन्धु)। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले के नेतृत्व में मतगणना के संबंध में सुबह 11.30 बजे आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंस में कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी सहित छत्तीसगढ़ के अन्य सभी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रिटर्निंग अधिकारी शामिल हुए। सीईओ कंगाले ने कहा कि छत्तीसगढ़ में बहुत अच्छे परफार्मेन्स के साथ अब तक के निर्वाचन कार्यों को शांतिपूर्ण, सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में सकारात्मक ढंग से पूरा किया है आगामी मतगणना में भी से किया जाना है। संबंधित निर्वाचन नियमों, मतगणना विधि का सभी अधिकारी विशेष ज्ञान रखें, पढ़ाई कर लें। कन्फ्यूजन न रहें, आत्मविश्वास और मजिस्ट्रेट अधिकार के साथ कार्यों को संपन्न कराएं। वीसी में कार्यालय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से अधिकारियों ने डाकमत पत्र अंतर्गत ईटीपीबीएस और सामान्य डाकमत तथा ईव्हीएम से गणना के संबंध में अधिकारियों को जानकारी दिया गया। वीसी में अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश भारद्वाज, रिटर्निंग अधिकारी सारंगढ़ मोनिका वर्मा, रिटर्निंग अधिकारी बिलाईगढ़ डॉ. स्निग्धा तिवारी, सहायक एवं अतिरिक्त रिटर्निंग अधिकारीगण आदि उपस्थित थे।

### रिटर्निंग अधिकारियों की उपस्थिति में दिया गया मतगणना प्रशिक्षण

**सारंगढ़** 30 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देशन में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में रिटर्निंग अधिकारी मोनिका वर्मा की उपस्थिति में सारंगढ़ विधानसभा का मतगणना प्रशिक्षण आयोजित किया गया। मास्टर ट्रेनर चूड़ामणि गोस्वामी, थानेश्वर प्रसाद चन्द्रा, एस.आर. अजय और जे.आर. बंजारे ने दो पालियों में निर्वाचन कार्मिकों को मतगणना प्रशिक्षण का जानकारी दिया। उल्लेखनीय है कि रिटर्निंग अधिकारी बिलाईगढ़ डॉ. स्निग्धा तिवारी की उपस्थिति में बिलाईगढ़ में मास्टर ट्रेनर चूड़ामणि गोस्वामी और एस.आर. अजय ने 29 नवंबर को निर्वाचन कार्मिकों को मतगणना प्रशिक्षण दिया।

### 3 दिसंबर को मदिरा दुकान बंद

**सारंगढ़** 30 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत 03 दिसंबर 2023 को मतगणना कार्य के सुचारू संचालन के लिए सारंगढ़ नगरपालिका क्षेत्र को मदिरा शुष्क दिवस घोषित किया है। इस आशय के आदेश में कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने कहा है कि मदिरा शुष्क दिवस अंतर्गत सारंगढ़ नगरपालिका क्षेत्र में संचालित देशी एवं विदेशी मदिरा दुकान पूर्णत: बंद रहेगा और क्षेत्र में मदिरा का विक्रय पूर्णत: प्रतिबंधित है।

### सेवानिवृत्त प्रधान पाठक का किया गया सम्मान

डभरा 30 नवम्बर (देशबन्धु)। शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय खैरमुड़ा में पदस्थ प्रधान पाठक नेतराम कुलदीप का रिटायर होने पर सम्मान पूर्वक विदाई समारोह रखा गया था इस सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्याम लाल वारे उपस्थित थे वही सर्वप्रथम मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के तेल चित्रों पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुभारंभ किया गया। इस विदाई समारोह को संबोधित करते हुए श्यामलाल वारे ने कहा कि शिक्षक समाज का दर्पण होता है वह समाज में रहकर बच्चों का सर्वांगीण विकास करता है उन्होंने सेवानिवृत प्रधान पाठक कुलदीप के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं भी दिया सेवानिवृत प्रधान पाठक कुलदीप ने सभी को धन्यवाद देते हुए कहा कि मेरे लायक जो भी काम होगा उसको मैं निस्वार्थ भावना से करने को तैयार रहूंगा इस विदाई समारोह में प्रमुख रूप से कमलेश घृतलहरे लंबोदर भारद्वाज गौतम तिर्की डाक्टर संतोष पटेल कलाचंद पटेल हरिहर प्रसाद सिदार भरत लाल पटेल संकुल के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं एवं सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### धान खरीदी केन्द्र का शुभारंभ

**डभरा** 30 नवम्बर (देशबन्धु)। धान खरीदी केंद्र कोटमी में समर्थन मूल्य पर खरीदी का शुभारंभ किया गया ग्राम कोटमी किसानों के धान खरीदी कर विधिवत पूजा अर्चना कर धान खरीदी शुभारंभ किया गया सेवा सहकारी समिति के सोसाइटी में प्राधिकृत विजय शंकर पटेल संस्था प्रबंधक शशिकांत महंत कंप्यूटर ऑपरेटर शिवकुमार साहू विक्रेता प्रकाश महंत चौकीदार टिकेंद्र तिवारी के साथ किसानों में अनिल पटेल कृष्ण चंद पटेल सुजीत महंत गुंजन पटेल मनोज पटेल उपस्थित थे वही हम आपको बता दें कि ब्लॉक डभरा क्षेत्र के अधिकांश धान खरीदी केंद्रों में धान की आवक शुरू नहीं हुई है कई धान खरीदी केदो में बोहिनी तक नहीं हुई है ।

### कबीर चैक- मंगलभवन में भागवत कथा सुनने उमड़ रही भीड़

**रायगढ़** 30 नवंबर (देशबन्धु)। शहर के जूटमिल कबीर चैक क्षेत्र मंगलभवन में आयोजित श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह कार्यक्रम में कथा सुनने के लिये श्रोता भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। यहां पिछले चार दिनों से छत्तीसगढ़ बलौदाबाजार के कसडोल से पधारे आचार्य सुनील जी महाराज कथावाचन कर रहे हैं जो कि वे सनातन धर्म सेवा एवं कल्याण संस्थान छत्तीसगढ़ के प्रदेशाध्यक्ष हैं। महाराज जी के श्रीमुख से श्रीमद भागवत कथा का श्रवण बड़ी संख्या में श्रोता जन कर रहे हैं। इसी तरह कथा के दौरान महाराज जी के साथ आये कलाकारों द्वारा प्रस्तुत संगीतमय भजनों का भी श्रोता भक्तों द्वारा भरपूर आनंद लिया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि रायगढ़ के जूटमिल कबीर चैक स्थित मंगलभवन में क्षेत्र के कालीचरण - श्रीमती दीपिका साहू सहित साहू परिवार द्वारा संगीतमय श्रीमतद भावगत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का भव्य आयोजन किया जा रहा है। पिछले दिनों 26 नवंबर को भव्य बाजे-गाजे व आतिशबाजी के साथ कलश यात्रा निकाली गई। इसी के साथ सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा प्रारंभ हुआ। इस दौरान कलश यात्रा में साथ चल रहे कथा व्यास आचार्य सुनील जी महाराज का जगह-जगह पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जूटमिल क्षेत्र व आसपास क्षेत्र की महिलाओं ने हिस्सा लिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान सभी वर्ग के लोगों में भारी उत्साह देखा गया। व्यास पीठ पर विराजमान महाराज जी ने पहले दिन भागवत कथा की महता को विस्तृत पूर्वक बतलाया। उन्होंने कहा कि भागवत कथा के श्रवण से जीवन धन्य हो जाता है। मोक्ष की प्राप्ती होती है। इसी तरह दूसरे दिन मंगलभवन कथा स्थल पर परिक्षित जन्म, सुखदेव आगमन सहित अन्य प्रसंगों पर आधारित कथा महाराज जी द्वारा सुनाई गई। तीसरे दिन ध्रुव चरित्र, भरत चरित्र, नरसिंह अवतार की कथा सुनकर श्रोता भक्त भाव विभोर हो गए। कथा के दौरान संगीतमय भक्तिमय भजनों में श्रोता जनों को झुमते हुए कथा का आनंद लेते हुए देखा जा सकता है।

# पालकी में सवार होकर घर-घर दर्शन देने पहुंचे प्रभु

### अखण्ड रामनाम सप्ताह यज्ञ के समापन पर निकाली गयी भव्य नगर यात्रा

**जांजगीर**, 30 नवम्बर (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय के भगत चौक पुरानी बस्ती में अखण्ड राम नाम सप्ताह यज्ञ का समापन गुरूवार को पूरे विधी-विधान के साथ हुआ। तत्पश्चात यज्ञ स्थल भगत चौक से देवी दाई मंदिर के भगवान श्रीकृष्ण एवं राधा को पालकी में उठा भव्य नगर यात्रा निकाली गयी। यहां यह बताना लाजमि होगा श्रीकृष्णा राधा जी को पालकी में ऊठा कर पूरे मोहल्ले में घर-घर में ले जाता है, जहां महिलाओं द्वारा भगवान की विधी-विधान से पूजा-अर्चना किये जाते है। गांवो से आये कीर्तन मण्डलियों द्वारा रामनाम का गायन विभिन्न झांकियों के साथ करते चलते है। पुरानी मान्यताओं के अनुसार पूरे सात दिन भगवान श्री राधा कृष्ण का पूजा-अर्चना करने एवं राम नाम का गायन करने मोहल्लेवासी व बस्तीवासी यज्ञ स्थल पहुंचते है, यहां ठीक विपरीत अखण्ड राम नाम सप्ताह यज्ञ के समापन पश्चात पालकी में सवार होकर भगवान कृष्ण राधा लोगों के घर स्वयं दर्शन देने पहुंचते है, जहां बाकेबिहारी जी का स्वागत घर-घर में महिलाएं आरती के थाल से करती है। वहीं अखण्ड राम नाम सप्ताह के अंतिम रात दर्जनों गांवो के कीर्तन मण्डली राम नाम का गायन करने पहुँचे थे। जिसमें जय मां सरस्वती भागत किर्तन मण्डली जमड़ी, किर्तन मण्डल नवागढ़, किर्तन मण्डल गणपतनि, किर्तन मण्डली कांसा, किर्तन मण्डली बिर्रा बाल समाज सहित अनेकों किर्तन मण्डलियों ने भव्य झांकियों के साथ अपनी मनमोहन प्रस्तुति दी। वहीं राम नाम सप्ताह के अंतिम शाम जनप्रतिनिधियों ने भगवान श्रीकृष्ण के चरणों में मत्था टेक कर क्षेत्र के खुशहाली के लिए कामना किये। गुरूवार 30 नवम्बर को नगर यात्रा पश्चात एक दिसम्बर को हवन, सहस्त्र धारा के साथ ब्राम्हाण भोजन का आयोजन किया जायेगा।



# मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से की मतगणना के तैयारियों की समीक्षा




**जांजगीर**, 30 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से मतगणना के तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने 3 दिसंबर को होने वाले मतगणना की तैयारियों एवं मतपत्रों की गणना के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी, अपर कलेक्टर एसपी वैद्य, अपर कलेक्टर श्रीमती लवीना पांडेय, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती निशा नेताम मड़ावी, सर्व रिटर्निंग अधिकारी, एआरओ एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। उन्होंने मतगणना स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग एवं मीडिया सेंटर एवं अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतगणना स्थल पर किसी भी प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस मोबाइल, गैजेट, स्मार्ट वॉच इत्यादि प्रतिबंधित रहेगा। इसके अलावा कॉन्फ्रेंस में मतगणना दिवस की कार्यवाही, पोस्टल बैलेट वेरिफिकेशन, काउंटिंग हाल में सीसीटीवी कैमरा, वीडियोग्राफी, ईव्हीएम में दर्ज किए गए मतों की गणना, ईटीपीव्हीएस की काउंटिंग, व्हीव्हीपैट पेपर स्लिप की गणना के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई।

### 3 दिसम्बर को शुष्क दिवस घोषित

छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 24 की उप-धारा (1) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने जिले में 3 दिसम्बर 223 को होने वाले मतगणना के अवसर पर संबंधित मतगणना क्षेत्र के देशी मदिरा दुकान जांजगीर, विदेशी मदिरा दुकान जांजगीर, देशी मदिरा दुकान नैला, विदेशी मदिरा दुकान नैला, प्रीमियम शॉप जांजगीर, कम्पोजिट मदिरा दुकान खोखरा, कम्पोजिट मदिरा दुकान पिसौद, कम्पोजिट मदिरा दुकान सरखों और मद्य भण्डागार जांजगीर को सम्पूर्ण दिवस बंद रखने के लिये शुष्क अवधि/शुष्क दिवस घोषित किया है। उक्त दिवस में जिले के शेष मदिरा दुकाने यथावत् खुली रहेंगी। उक्त आदेश का कड़ाई के पालन करने कहा गया है।

### राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में इलेक्ट्रॉनिक ट्रांसमिटेड पोस्टल बैलेट पेपर्स हुए जमा




जांजगीर, 3 नवम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन में जिले में सेवा मतदाताओं इलेक्ट्रॉनिक ट्रांसमिटेड पोस्टल बैलेट पेपर्स के माध्यम से अब तक 244 डाक मतपत्र प्राप्त हो चुके हैं। नोडल अधिकारी डाक मतपत्र ने बताया कि आज बुधवार 3 नवम्बर को अकलतरा विधानसभा से 2, जांजगीर-चांपा विधानसभा से 3 एवं पामगढ़ विधानसभा से 11 कुल 16 ईटीपीबीएस डाक मतपत्र जमा किये गये हैं। जिले में अब तक अकलतरा विधानसभा से 94, जांजगीर-चांपा विधानसभा से 58 एवं पामगढ़ विधानसभा से 92 कुल 244 ई.टी.पी.बी.एस. डाक मतपत्र जमा किये गये हैं। इस अवसर पर पोस्टल बैलेट नोडल अधिकारी वहीदुर्रहमान शाह, जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी श्रीमती पायल पांडेय, जिला कोषालय अधिकारी सहित सर्व राजनैतिक दल के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### 14 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर**, 30 नवम्बर (देशबन्धु)। 14 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ अकलतरा पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरूद्ध 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। जिला पुलिस द्वारा जिले में अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लाने के लिए लगातार कार्यवाही की जा रही है, इसी क्रम में 29 नवम्बर को विशेष टीम का गठन किया गया था जिसको सूचना मिला की थाना अकलतरा क्षेत्र के ग्राम बरगंवा के गणेश ध्रुर्वे अपने डबरी खार बरगंवा (बोर घर) में भारी मात्रा में अवैध कच्ची महुआ शराब बिक्री हेतु अपने कब्जे में रखा है। सूचना पर रेड कार्यवाही किया तो जिसके कब्जे से कच्ची महुआ शराब करीबन 14 लीटर भरा हुआ कीमती 1,960 रूपया मिला जिसको बरामद कर आरोपी के विरुद्ध थाना अकलतरा में धारा 34 (2) आब.एक्ट कायम कर आरोपी को आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया।

### सेवा निवृत होने पर निरीक्षक व सउनि को दी गई विदाई

**जांजगीर**, 30 नवम्बर (देशबन्धु)। सेवा निवृत होने पर एक निरीक्षक व एक सउनि को पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्मानित करते हुए शाल, श्रीफल भेंट कर सम्मान पूर्वक विदाई दी गई। निरीक्षक गणेश सिंह राजपूत जो थाना बम्हनीडीह में थाना प्रभारी के पद पर पदस्थ थे, जिसका पुलिस विभाग में सेवा अवधि पूर्ण हो जाने से तथा सउनि होली राम भार्गव जो थाना जांजगीर में पदस्थ थे, जिसको आज 30 नवम्बर को पुलिस अधीक्षक कार्यालय जांजगीर में पुलिस अधीक्षक जांजगीर द्वारा सम्मिानित करते हुए साल श्रीफल भेंटकर सम्मान पूर्वक विदाई दी गई।

### जिले के विभिन्न क्षेत्रों में 100 मीटर की परिधि को किया गया कोलाहल प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित

उच्च न्यायालय बिलासपुर छत्तीसगढ़ के द्वारा प्रकरण में पारित अन्तरिम आदेश के परिपालन में कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने शिक्षण संस्थाओं की शैक्षणिक गतिविधियों, वृद्धजनों, निःशक्तजनो, बीमार व्यक्तियों के स्वास्थ्य तथा लोक शांति को ध्यान में रखते हुए कोलाहल अधिनियम 1985 की धारा 18 तथा ध्वनि प्रदूषण (विनियमन एवं नियंत्रण नियम, 2) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला जांजगीर-चाम्पा की सीमा के अंतर्गत नीचे उल्लेखित क्षेत्र के 1 मीटर की परिधि क्षेत्र कोलाहल प्रतिबंधित क्षेत्र (जोन्स ऑफ साइलेंस) घोषित किया गया है।

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ने कलेक्टर चौक जांजगीर से परिवहन कार्यालय एवं पॉलटेक्नीक कॉलेज तक, जिला एवं सत्र न्यायालय अन्य न्यायालय जांजगीर-चाम्पा, समस्त शासकीय अशासकीय हॉस्पीटल जांजगीर-चांपा, समस्त शासकीय, अशासकीय शैक्षणिक संस्थान जांजगीर-चांपा, समस्त शासकीय कार्यालय क्षेत्र को कोलाहल प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित किया है।

### डाक मतपत्र की गणना के लिए प्रशिक्षण



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में डाक मतपत्रों की गणना को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग आफिसर, गणना पर्यवेक्षक, गणना सहायक, माइक्रो आर्ब्जवर को प्रशिक्षकों ने डाक मतपत्रों की मतगणना के संबंध में तकनीकी जानकारी दी। मास्टर ट्रेनर ने बताया कि मतगणना के दौरान निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए कार्य करना है। उन्होंने बताया कि निर्वाचन ड्यूटी में तैनात अधिकारी, कर्मचारी, 8 आयु वर्ग से अधिक और दिव्यांगजनों के घर-घर से प्राप्त डाकमत पत्र, अनिवार्य सेवा श्रेणी के अनुपस्थित मतदाताओं के मतपत्र की गणना की जाएगी। प्रशिक्षण के दौरान अपर कलेक्टर एस पी वैद्य, अपर कलेक्टर श्रीमती लवीना पांडेय, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती निशा नेताम मड़ावी, डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी डाक मतपत्र वहीदुर्रहमान शाह सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# लाखों की यूरिया खाद व बारदाना घोटाला मामले में कंप्यूटर ऑपरेटर दोषी करार

**डभरा**, 30 नवम्बर (देशबन्धु)। ग्राम छोटे कटेकोनी सेवा सहकारी समिति के कर्मचारी कंप्यूटर ऑपरेटर द्वारा लाखों की यूरिया खाद एवं बारदाना घोटाला मामले में कंप्यूटर ऑपरेटर नंदराम बरेठ को जांच में दोषी पाया गया। ऑपरेटर को प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति से पद से पृथक करने का आदेश जारी किया गया है।

जिला केंद्रीय सहकारी बैंक मर्यादित बिलासपुर के शाखा डभरा के अंतर्गत प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति छोटे कटेकोनी के कर्मचारी नंदराम बरेठ कंप्यूटर ऑपरेटर एवं बिक्रेता के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। ग्रामीण किसानों द्वारा लगातार शिकायत के बाद शिकायत दर्ज करने के बाद आखिरकार अधिकारियों ने कंप्यूटर ऑपरेटर की विरुद्ध कार्रवाई की है। 29 नवंबर को जिला नोडल अधिकारी एवं सीईओ सहकारी संस्थाएं द्वारा छोटे कटेकोनी आकर शिकायत की जांच किया गया, जिसमें कंप्यूटर ऑपरेटर नंदराम बरेठ को दोषी पाया गया है। अपने 29 नवंबर के आदेश में कंप्यूटर ऑपरेटर नंदराम बरेठ को दोषी ठहराया गया और उसे प्राथमिक कृषि सहकारी समिति मर्यादित कटेकोनी छोटे पंजीयन क्रमांक 1065 से पद से पृथक करने का आदेश जारी किया गया है। छोटे कटेकोनी के किसानों द्वारा एक लंबी लड़ाई लड़ने के बाद आखिर उन्हें न्याय मिला ।




**किसानों द्वारा लगातार शिकायत के बाद पद से पृथक करने का आदेश जारी**

### खाद वितरण व बारदाना में लाखों का घोटाला

इसी साल में कंप्यूटर ऑपरेटर नंदराम बरेठ के द्वारा यूरिया डीएपी खाद वितरण में लगभग 6 लाख रूपये एवं बारदाना में 11 लाख से अधिक राशि का घोटाला किया गया था। साथ ही यूरिया खाद को अपने रिश्तेदारों के नाम पर चढ़ा कर अधिक दामों पर यूरिया खाद को बेच दिया था एवं किसानों के नाम पर कर्ज चढ़ा कर धोखाधडी ऑपरेटर द्वारा किया गया था।

### 13 नाबालिको पर यातायात नियम के तहत की गई कार्यवाही

**जांजगीर**, 30 नवम्बर (देशबन्धु)। यातायात चेकिंग के दौरान 13 नाबालिक बालको द्वारा मोटर सायकल चलाए पायें जाने पर यातायात नियम के तहत कार्यवाही किया गया। नाबालिकों द्वारा वाहन चलाने पाए जाने तथा यातायात नियमों का उलंघन करने वालों पर जिला पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। वहीं हाइवा वाहन चालक द्वारा ओव्हर लोड कर वाहन चलाए पाए जाने पर यातायात नियम के तहत कार्यवाही कर थाना बलौदा द्वारा 15,000 रू. का समन शुल्क लिया गया। इस तरह कुल 78 वाहनों चालको पर कार्यवाही करते हुए कुल 61,100 रू समन शुल्क लिया गया।

जिला पुलिस यातायात द्वारा जिले में सड़क दुर्घटना में कमी लाने एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर पुलिस द्वारा लगातार मोटर अधिनियम के तहत कार्यवाही किया जा रहा है। इसी क्रम में 29.नवम्बर को विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही किया गया, जिसमें वाहनों में नम्बर प्लेट अस्पष्ट होना, नो पार्किंग में वाहन खड़ी करना, मोटर सायकल में तीन सवारी वाहन में सिलेक्टर ग्लास नही होना, पार्किंग लाईन का नही होना, वोभर लोड कर वाहन चलाना एवं 13 नाबालिक बालको के द्वारा वाहन चालाने वालो के विरूद्ध तथा अन्य चालको के विरुद्ध अलग-अलग धाराओं के तहत कुल 78 वाहन चालकों के विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत् कार्यवाही कर 61,100 रू का समन शुल्क लिया गया।

# खिड़की काट कर एसबीआई बैक में चोरी करने का असफल प्रयास

**डभरा**, 30 नवम्बर (देशबन्धु)। नगर पंचायत चंद्रपुर स्थित स्टेट बैंक की शाखा में अज्ञात चोरों द्वारा बैक के पीछे खिड़की को काट कर अंदर घुस बैक में चोरी करने का असफल प्रयास किया। घटना 29 नवंबर की बीती रात्रि की बताया जा रहा है।

बता दें कि चंद्रपुर स्थित स्टेट बैंक की शाखा में 29 नवंबर को बीती रात्रि अज्ञात चोरों ने बैंक के पीछे से सुनसान जगह से धावा बोलकर चोरी करने का असफल प्रयास किया गया परंतु बैंक से नगद राशि चोरी करने में असफल रहे। अज्ञात चोरों ने बैंक के अंदर तोड़फोड़ की एवं सीसी कैमरा के हार्ड डिस्क एवं कुछ सामान चोरी कर साथ में ले गए। आज 30 नवंबर को जब बैंक कार्यालय खोलने के लिए बैंक के कर्मचारी पहुंचे तो ताला टूटा हुआ था और पीछे तरफ के दीवाल खिड़की से सेंधमारी कर बैक में घुसे थे इसकी सूचना बैंक कर्मचारियों द्वारा तत्काल थाना चंद्रपुर को दी गई। चंद्रपुर पुलिस मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल घटनास्थल पहुंचे और घटना की बारीकी से निरीक्षण किया यहां डॉग स्क्वायड की टीम भी बुलाया गया ।

इस संबंध में भारतीय स्टेट बैंक शाखा चंद्रपुर के शाखा प्रबंधक वासुदेव उरांव ने बताया कि 29 नवंबर को रात्रि 9 बजे लगभग बैंक को सुरक्षित तरीके से बंद कर चले गए थे, इसके बाद 30 नवंबर को सुबह 9.30 बजे के लगभग बैंक खोलने के लिए बैंक पहुंचे तब अंदर केसियर की दराज को तोड़ने का प्रयास किया गया और बैक के पीछे खिड़की को काट कर अज्ञात चोरों ने अंदर घुसे थे जिसमें उन्हें सफलता नहीं मिली। इसकी सूचना चंद्रपुर पुलिस को दी गई। इस संबंध में थाना प्रभारी चंद्रपुर भारद्वाज सिंह ने बताया कि बैंक मैनेजर की शिकायत पर अपराध पंजीबद्ध कर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज किया है और पातासाजी की जा रही है एवं डॉग स्क्वायड की टीम बुलाकर जांच की गई है, पुलिस मामले की विवेचना कर रही है



# देश विदेश

## इजरायल गोलीबारी में पांच लोगों की मौत

**यरुशलम।** इजरायल में गुरुवार सुबह हुई गोलीबारी में दो बंदूकधारियों सहित करीब पांच लोग मारे गए। पुलिस और आपातकालीन सेवा कर्मियों ने आज यह जानकारी दी। इज़रायल पुलिस ने एक बयान में कहा कि दो बंदूकधारियों ने यरुशलम के प्रवेश द्वार पर एक बस स्टॉप पर गोलीबारी की। दोनों मौके पर ही मारे गए। स्थानीय मीडिया ने आपातकालीन सेवा मैगन डेविड एडोम के हवाले से कहा कि एक महिला (24) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल दो बुजुर्ग पीड़ितों की अस्पताल में मौत हो गई।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने किया स्पष्ट

# अमेरिका के आरोपों पर जांच रिपोर्ट के बाद कार्रवाई करेगा भारत

**नई दिल्ली,** 30 नवम्बर (एजेंसियां)। भारत ने अमेरिका में खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या के कथित प्रयास को लेकर अमेरिका के बयानों को लेकर आज फिर कहा कि उच्च स्तरीय जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर समुचित कार्रवाई की जाएगी।




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की संयुक्त अरब अमीरात की यात्रा के बारे में विशेष ब्रीफिंग में अमेरिका एवं पन्नू को लेकर पूछे गये सवालों के जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि अमेरिका के साथ द्विपक्षीय सुरक्षा सहयोग पर चर्चा के दौरान, अमेरिकी पक्ष ने संगठित अपराधियों, बंदूकधारियों, आतंकवादियों और अन्य चरमपंथियों के बीच सांठगांठ से संबंधित कुछ इनपुट साझा किए हैं। उन्होंने कहा, हम ऐसे इनपुट को बहुत गंभीरता से लेते हैं और मामले के सभी प्रासंगिक पहलुओं को देखने के लिए एक उच्च स्तरीय जांच समिति का गठन किया गया है। जांच समिति के निष्कर्षों के आधार पर आवश्यक समुचित कार्रवाई की जाएगी। श्री बागची ने कहा कि जहां तक अमेरिकी अदालत में ??एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है जिसमें कथित तौर पर उसे एक भारतीय अधिकारी से जोड़ा गया है, यह चिंता का विषय है। हमने कहा है कि यह सरकारी नीति के भी विपरीत है। संगठित अपराध, तस्करी, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चरमपंथियों के बीच हथियारों की खरीद फरोख्त कानून प्रवर्तन एजेंसियों और संस्थाओं को विचार करने के लिए एक गंभीर मुद्दा है। यही कारण है कि एक उच्च स्तरीय जांच समिति का गठन किया गया है और हम इसके परिणामों के आधार पर कदम उठाएंगे।

## सीओपी-28 में भाग लेंगे मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विश्व जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन (सीओपी-28) में भाग लेने के लिए आज रात संयुक्त अरब अमीरात के सबसे बड़े शहर दुबई जा रहे हैं जहां वह कई विश्व नेताओं से द्विपक्षीय मुलाकात भी करेंगे। विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने यहां संवाददाताओं को बताया कि श्री मोदी आज रात यूएई के लिए रवाना होंगे जहां कल वह सीओपी-28 में भाग लेंगे। इससे पहले वह जुलाई में यूएई गये थे। श्री क्वात्रा ने कहा, श्री मोदी कल शाम को भारत लौटने से पहले कल, एक दिसंबर को शिखर सम्मेलन के कार्यक्रमों में भाग लेंगे... सीओपी-28 में प्रधानमंत्री की भागीदारी के संदर्भ में, वह विश्व जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में अपना संबोधन देंगे। विदेश सचिव ने कहा कि सीओपी-28 में अपने संबोधन के अलावा, प्रधानमंत्री तीन उच्च स्तरीय कार्यक्रमों में भी भाग लेंगे, जिनमें से दो की सह-मेजबानी भारत द्वारा की जा रही है।

## जापान ने अमेरिका से उड़ान सुरक्षा की पुष्टि करने का किया आग्रह

**टोक्यो,** 30 नवम्बर (एजेंसियां)। पश्चिमी जापान का सैन्य विमान ऑस्प्रे समुद्र में दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद जापान ने अमेरिका से अनुरोध किया है कि ऑस्प्रे उड़ानों को संचालित करने से पहले इन उड़ानों की सुरक्षित होने की पुष्टि करें। जापानी रक्षा मंत्री ने गुरुवार को यह जानकारी दी। मिनोरू किहारा ने संसद में कहा, इस तरह की दुर्घटना की घटना से क्षेत्र के लोगों में बहुत चिंता पैदा होती है। और हम अमेरिकी पक्ष से अनुरोध कर रहे हैं कि इन उड़ानों के सुरक्षित होने की पुष्टि होने के बाद जापान में तैनात ऑस्प्रे की उड़ानें संचालित की जाएं। रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी तारो यामातो ने संसदीय सुनवाई में बताया कि फिलहाल, जापान की ग्राउंड सेल्फ-डिफेंस फोर्स अपनी ऑस्प्रे उड़ानें निलंबित कर देगी। जापान स्थित अमेरिकी ऑस्प्रे सैन्य परिवहन विमान बुधवार को देश के दक्षिण-पश्चिमी द्वीप याकुशिमा के पास समुद्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जापान तट रक्षक के अनुसार, इस दुर्घटना में एक बेहोश व्यक्ति समुद्र में पाया गया और बाद में उसे मृत घोषित कर दिया गया। तटरक्षक प्रवक्ता काज़ुओ ओगावा ने कहा कि दुर्घटना का कारण और उसमें सवार सात अन्य लोगों की स्थिति का तुरंत पता नहीं चल पाया है। जापान के तट रक्षक और खोज एवं बचाव अभियान जारी है। अमेरिकी वायु सेना ने कहा कि सीवी-22 टिल्ट-रोटर परिवहन विमान नियमित प्रशिक्षण के दौरान 'दुर्घटना' का शिकार हो गया, इसमें आठ वायुसैनिक सवार थे। जापान तट रक्षक ने शुरू में कहा था कि दुर्घटनाग्रस्त ऑस्प्रे में आठ चालक दल सवार थे।



## सुडोकू 6392


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | 9 | | | | | | 1 |
| 2 | | | 8 | | | | | |
| | | 1 | 5 | | 3 | | | |
| 7 | | | | | 1 | 6 | | 3 |
| | | 2 | | | | 8 | | |
| 1 | | 3 | 2 | | | | | 5 |
| | | | 9 | | 6 | 1 | | |
| | | | | | 4 | | | 9 |
| 5 | | | | | | 7 | | 4 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6392



**बायें से दायें:-**

१. सुध-बुध खोया हुआ जिसे होशहवास ठिकाने न हो (उर्दू)
४. आह्लादकारक, आनंदकारक, पारस्परिक सद्भाव
६. सीमा, प्रतिष्ठा
७. उत्तराधिकारी (उर्दू)
८. परिमाण, माप-तौल (उर्दू)
१०. बिजली, गाज
११. आवश्यक, ज़रूरी (उर्दू)
१३. हारा हुआ, जिस पर किसी ने विजय पा ली हो
१४. गड़बड़, गोलमाल
१५. सज्जन, भलामानुस
१७. काल, अवसर
१९. यतीम
२१. एक तरह की चपाती जिसे तेल आदि में तलकर या आग में भूनकर खाया जाता है
२२. कन्नी काटना, बचकर निकल जाना
२४. ख्याति प्राप्त करना (मुहावरा)

**ऊपर से नीचे:-**

१. शक्तिशाली
२. सहयात्री
३. बुद्धिमान
४. गाज, बिजली
५. मध्यभारत की एक नदी
९. चांदी का बना हुआ
११. निर्धन, कंगाल
१२. जंगल, वन
१३. चमकना, व्यक्त होना, प्रणय क्रीड़ा, आनंद
१४. कम होना, वृत्तांत, वाकिया
१५. भरपाने या चुकता हो जाने का भाव
१६. कस कर बांधना
१८. शराब
१३. ज्यादा, बहुत
२०. अत्यधिक श्रम के शरीर शिथिल होना
२३. स्त्री, महिला

### वर्ग पहेली-6391

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ दु | ष्प | २ रा | ज | ३ य | ■ | ४ वि | भा | ५ ज | न |
| ख | ■ | ज | ■ | ६ म | स्त | क | ■ | न | ■ |
| ७ दा | ड़ि | म | ■ | या | ■ | ८ ल | प | क | ९ ना |
| यी | ■ | ह | ■ | १० त | र्ज | न | ■ | ■ | मु |
| ■ | ११ ब | ल | १२ आ | ना | ■ | ■ | १३ घ | प | ला |
| ■ | हु | ■ | तं | ■ | १४ पिं | ज | रा | ■ | य |
| १५ वै | धा | १६ नि | क | ■ | ज | ■ | १७ ना | १८ का | म |
| त | ■ | रू | ■ | १९ दू | र | २० स्थ | ■ | हि | ■ |
| २१ नि | ष्या | प | ■ | भ | ■ | २२ ल | ह | रा | २३ ना |
| क | ■ | २४ म | नो | र | थ | ■ | ■ | ■ | ना |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : शुक्रवार 1 दिसम्बर, 2023 अगहन कृष्ण पक्ष 4**

### राशिफल

**मेष** - किसी नए काम की शुरुआत के लिए सुबह का समय अनुकूल रहेगा। आज सरकारी लाभ होने की संभावना है। व्यापार में लाभ होगा। नौकरी में अधिकारी आपके काम से खुश रहेंगे। विचारों में शीघ्र ही परिवर्तन होगा।

**वृषभ** - आज का दिन आप के लिए मध्यम फलदायी है। आज मित्रों तथा स्नेहीजनों के साथ हुई मुलाकात से मन खुश रहेगा। आप आज के दिन का अधिकांश भाग निवेश की योजना बनाने में लगे रहेंगे।

**मिथुन** - आर्थिक दृष्टिकोण से आज का दिन लाभदायी है। आज मित्रों एवं परिजनों के सहयोग से आपके कठिन काम आसानी से हो पाएंगे। उत्तम भोजन और वस्त्र की सुविधा भी आप को मिलेगी।

**कर्क** - आज आय के मुकाबले खर्च अधिक रहेगा। आंखों में दर्द की समस्या आ सकती है। मानसिक चिंता बनी रहेगी। लोगों से सादगीपूर्ण व्यवहार करें। किसी तरह का कन्फ्यूजन ना हो, इसका ध्यान रखें।

**सिंह** - आज सुबह का समय बहुत अच्छी तरह से गुजरेगा। सामाजिक और व्यावसायिक क्षेत्र में आनंदप्रद और लाभप्रद समाचार मिलेंगे। मित्रों के साथ दिन अच्छा बीतेगा। आय में वृद्धि होगी तथा धन लाभ होगा।

**कन्या** - आपका दिन अनुकूल रहेगा। परिजनों के साथ आपके संबंध अच्छे बने रहेंगे। दोस्तों और स्वजनों से उपहार मिल सकता है। नौकरीपेशा लोगों के काम से अधिकारी खुश रहेंगे। दोपहर के बाद आपमें किसी बात का कन्फ्यूजन रहेगा।

**तुला** - आज सुबह आपका मन किसी बात को लेकर चिंता में रहेगा। शारीरिक रूप से शिथिलता और आलस्य बना रहेगा। नौकरी में अधिकारी आप से अप्रसन्न रहेंगे।

**वृश्चिक** - आध्यात्मिकता और ईश्वर की प्रार्थना से अनिष्ट से बच सकेंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से आप अस्वस्थ रहेंगे। सभी के साथ आप अच्छा व्यवहार रखें। वाणी पर संयम रखने से परिस्थिति अनुकूल बनी रहेगी।

**धनु** - आज आपका दिन मिश्रित फलदायी है। सुबह के समय आप आनंद और मनोरंजन में डूबे रहेंगे। पारिवारिक वातावरण आनंदप्रद रहेगा। दोपहर बाद मन में कई तरह के नेगेटिव विचार आने से काम में मन नहीं लगेगा।

**मकर** - बातचीत करते समय क्रोध ना करें। परिवार में सुख-शांति और आनंदपूर्ण वातावरण बना रहेगा। मान सम्मान मिलने की भी संभावना है। आर्थिक लाभ होगा।

**कुंभ** - कला के प्रति आज आपकी रुचि ज्यादा रहेगी। खर्च ज्यादा रहने से आप परेशान हो सकते हैं। संतान से संबंधित कोई चिंता आपको हो सकती है। परंतु दोपहर के बाद घर में शांतिपूर्ण वातावरण रहेगा। अपूर्ण काम पूरे होंगे।

**मीन** - आज अधिक इमोशनल होने से बचें। ज्यादा सोच-विचार करने से आप चिंता में रहेंगे। जमीन और मकान संबंधी काम के लिए आज समय अच्छा नहीं है। पेट के रोग दूर हो सकते हैं। आज विद्यार्थियों के लिए लाभकारी दिन है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## पुतिन ने किसिंजर के निधन पर जताया शोक

**मॉस्को,** 30 नवम्बर (एजेंसियां)। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने गुरुवार को अमेरिका विदेश मंत्री हेनरी किसिंजर के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। समकालीन राजनीतिक विमर्श और अंतरराष्ट्रीय संबंधों के क्षेत्र में अपने योगदान के लिए जाने जाने वाले श्री किसिंजर का बुधवार को अमेरिका के कनेक्टिकट प्रांत में स्थित उनके घर पर निधन हो गया। वह 100 वर्ष के थे। श्री पुतिन ने क्रेमलिन की वेबसाइट पर पोस्ट किए गए एक संदेश में कहा, प्रिय श्रीमती किसिंजर, कृपया अपने पति हेनरी किसिंजर निधन पर मेरी गहरी संवेदना स्वीकार करें।एक उत्कृष्ट राजनयिक, एक बुद्धिमान और दूरदर्शी राजनेता, जिन्होंने कई दशकों तक दुनिया भर में अच्छी तरह से योग्य अधिकार का आनंद लिया।श्री किसिंजर का नाम एक व्यावहारिक लाइन से जुड़ा है, जिसने अमेरिका के साथ शांति स्थापित करना और महत्वपूर्ण समझौतों तक पहुंचना संभव बना दिया है।

# वतन लौटे हमास के बंधन से मुक्त हुए थाईलैंड के 17 नागरिक

### हमास ने अब तक 70 इजरायली महिलाओं व बच्चों को रिहा किया है

**बैंकॉक,** 30 दिसम्बर (एजेंसियां)। थाईलैंड के 17 नागरिक लगभग 50 दिनों तक हमास की कैद में रहने के बाद वतन लौट आए हैं। इन लोगों की रिहाई उस समझौते से अलग हुई है, जिसके तहत हमास ने अब तक 70 इजरायली महिलाओं और बच्चों को रिहा किया है। इन लोगों की रिहाई और संघर्ष विराम के विस्तार से अब हमास के कैद से थाईलैंड के शेष नौ निवासियों की रिहाई की उम्मीद जगी है। हमास ने सात अक्टूबर का इजरायल में हमला करके 1,200 लोगों की हत्या कर दी थी, जिनमें 39 थाईलैंड के नागरिक थे। पिछले दो दिनों के दौरान हमास ने थाईलैंड के छह



नागरिकों को रिहा की है, जो चिकित्सीय जांच के लिए अभी इजरायल में हैं, लेकिन जिन अन्य लोगों को मुक्त कराया गया वे साथ थाईलैंड के विदेश मंत्री पारनप्री बहिधा-नुकारा के साथ वतन लौट आए। वे गुरुवार शाम को बैंकॉक के सुवर्णभूमि हवाई अड्डे पर पहुंचे, जहां उनके परिवार के सदस्य उनकी वापसी का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे।

## इजरायल ने की संघर्ष विराम बढ़ाने की पुष्टि

**यरूशलम।** इजरायल के सुरक्षा बलों ने गाजा पट्टी में हमास के साथ संघर्ष विराम अवधि को बढ़ाये जाने की गुरुवार सुबह पुष्टि की। मौजूदा संघर्ष विराम समझौते की समाप्ति से काफी पहले आईडीएफ द्वारा जारी एक संक्षिप्त बयान में कहा गया, बंधकों को रिहा करने की प्रक्रिया जारी रखने के मध्यस्थों के प्रयासों और रूपरेखा की शर्तों के अधीन परिचालन विराम जारी रहेगा। हालांकि बयान में यह स्पष्ट नहीं किया गया कि संघर्ष विराम कितने दिनों तक चलेगा। दूसरी ओर हमास की ओर से जारी बयान में कहा गया कि संघर्ष विराम आज सुबह समाप्त होना था, लेकिन इसे एक दिन के लिए और बढ़ा दिया गया है।

# ट्रम्प चौथी रिपब्लिकन प्राथमिक बहस में भी नहीं होंगे शामिल

**वाशिंगटन,** 30 नवम्बर (एजेंसियां)। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अगले सप्ताह अलबामा में होने वाली चौथी रिपब्लिकन प्राथमिक बहस में भाग नहीं लेंगे और इसके बजाय एमएजीए इंक के लिए धन जुटाने के लिए फ्लोरिडा के हॉलैंडेल बीच में एक धन संचयन कार्यक्रम में भाग लेंगे। सुपर पॉलिटिकल एक्शन कमेटी (पीएसी) व्हाइट हाउस के लिए उनकी 2024 की उम्मीदवारी का समर्थन कर रही है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, चुनावों में अच्छी बढ़त का हवाला देते हुए ट्रम्प ने रिपब्लिकन की तीन बहसों में से किसी में भी भाग नहीं लिया। इसके बजाय, पूर्व राष्ट्रपति ने यूनियन की हड़ताल के बीच डेट्रॉइट में ऑटोकर्मियों के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया और फ्लोरिडा में एक प्रतिस्पर्धी रैली आयोजित की।



■ पीएसी उनकी 2024 की उम्मीदवारी का कर रही है समर्थन

इस सप्ताह की शुरुआत में समर्थकों को एक टेक्स्ट संदेश में, ट्रम्प के अभियान ने वीआईपी रिसेप्शन की घोषणा की और प्राप्तकर्ताओं से कहा कि यदि वे दान करते हैं, तो उन्हें 6 दिसंबर को तीसरी बहस के दिन एक रिसेप्शन में पूर्व राष्ट्रपति से मिलने के लिए स्वचालित रूप से प्रवेश दिया जाएगा।

इस महीने की शुरुआत में, ट्रम्प के अभियान ने रिपब्लिकन नेशनल कमेटी (आरएनसी) से भविष्य की सभी बहसों को रद्द करने का आह्वान किया।

सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, भले ही पूर्व राष्ट्रपति चार अभियोगों में 91 आपराधिक मामलों से जूझ रहे हैं, फिर भी वह राष्ट्रीय और प्रारंभिक राज्य मतदान दोनों में रिपब्लिकन प्राइमरी में सबसे आगे हैं।

## कजाकिस्तान के अल्माटी में छात्रावास में आग लगने से 13 लोगों की मौत

**अस्ताना,** 30 नवम्बर (एजेंसियां)। कजाकिस्तान के अल्माटी में गुरुवार को एक छात्रावास में आग लगने से 13 लोगों की मौत हो गई। आपातकालीन विभाग ने एक बयान में यह जानकारी दी। विभाग ने कहा कि आग तीन मंजिला आवासीय इमारत के बेसमेंट में लगी थी। इस इमारत की पहली मंजिल और बेसमेंट में छात्रावास चलाया जा रहा था। आग लगने की सूचना मिलने के तुरंत बाद आपातकालीन सेवाएं घटनास्थल पर पहुंचीं और देखा कि आग पहले ही इमारत के बेसमेंट को अपनी चपेट में ले चुकी है। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, मौतें कार्बन मोनोऑक्साइड विषाक्तता के कारण हुईं। अल्माटी सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग ने बाद में बताया कि दो लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना के समय छात्रावास में 72 लोग थे, जिनमें से 59 बाहर निकलने में कामयाब रहे।

## आज का इतिहास

1640 - स्पेन से 60 वर्षों की गुलामी के बाद पुर्तगाल स्वतंत्र हुआ।
1933 - कोलकाता और ढाका के बीच विमान सेवा की शुरूआत हुई।
1959 - अंटार्कटिका के शांतिपूर्ण वैज्ञानिक इस्तेमाल के लिए 12 राष्ट्रों ने संधि पर हस्ताक्षर किये।
1963 - नागालैंड भारत का 16वां राज्य बना।
1974 - वर्जीनिया के अपरविले में बोइंग 727 विमान दुर्घटनाग्रस्त, 92 की मौत।
1976 - अंगोला संयुक्त राष्ट्र का सदस्य बना।
1976 - बंगलादेश में जनरल जियाउर रहमान खुद को राष्ट्रपति घोषित किया।
1987 - अफ़ग़ानिस्तान के नये संविधान के अंतर्गत डाक्टर नजीबुल्लाह राष्ट्रपति निर्वाचित।
1988 - पाकिस्तान में आपातकाल की समाप्ति तथा राष्ट्रपति ग़ुलाम इशहाक ख़ान ने बेनजीर भुट्टो को प्रधानमंत्री नियुक्त किया।
1988 - बंगलादेश में चक्रवात से 596 लोगों की मौत हुई, पांच लाख लोग बेघर हुए।
1991 - एड्स जागरूकता दिवस की शुरुआत हुई।
1992 - दक्षिण कोरिया एवं दक्षिण अफ़्रीका में राजनयिक संबंध स्थापित।
1997 - चेचेन्या को विदेशी नागरिकों के लिए निषिद्ध क्षेत्र घोषित किया गया।
2000 - संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने तालिबान पर शस्त्र प्रतिबंध का समर्थन किया।
2001 - अफ़ग़ानिस्तान कंधार एयर पोर्ट पर तालिबान विरोधी कबालियों का कब्ज़ा।

**परेशानी** | डेनमार्क व नीदरलैंड निमोनिया के प्रकोप की रिपोर्ट करने वाले देशों में शामिल

# चीन के बाद दूसरे देशों में भी फैली निमोनिया महामारी

**नई दिल्ली, 3 नवम्बर (एजेंसियां)। चीन के बाद डेनमार्क और नीदरलैंड बच्चों में निमोनिया के प्रकोप की रिपोर्ट करने वाले नए देशों में शामिल हो गए हैं। एक संक्रामक रोग समाचार ब्लॉग, एवियन फ़्लू डायरी पर एक पोस्ट से पता चला है कि माइकोप्लाज्मा निमोनिया संक्रमण महामारी स्तर तक पहुंच गया है। इसमें वृद्धि गर्मियों में शुरु हुई लेकिन पिछले पांच सप्ताह में काफी बढ़ गई है। डेनमार्क के स्टेटेंस सीरम इंस्टीट्यूट के अनुसार, यह संख्या अब इतनी अधिक है कि यह एक महामारी है।**

स्टेटेंस सीरम इंस्टीट्यूट की वरिष्ठ शोधकर्ता हेने-डोर्थे एम्बॉर्ग ने कहा, पिछले पांच सप्ताह में नए मामलों की संख्या में काफी वृद्धि हुई है, और अब हम सामान्य से काफी अधिक मामले देख रहे हैं, और पूरे देश में व्यापक संक्रमण है। सप्ताह 47 में, माइकोप्लाज्मा निमोनिया संक्रमण के 541 नए मामले सामने आए, जो कि सप्ताह 42 से तीन गुना से अधिक है, जब पाए गए मामलों की संख्या 168 थी। मामलों की वास्तविक संख्या संभवत: बहुत अधिक है, क्योंकि हल्के लक्षणों वाले हर व्यक्ति का परीक्षण नहीं किया जाता है। हालाँकि, एम्बॉर्ग ने कहा कि ये मामले डेनमार्क के लिए असामान्य नहीं हैं, जो ऐतिहासिक रूप से लगभग हर चार साल में माइकोप्लाज्मा निमोनिया संक्रमण की राष्ट्रव्यापी महामारी का सामना करता है। उन्होंने कहा कि यह घटना आम तौर पर शरद ऋतु और शुरुआती सर्दियों में सबसे अधिक होती है। एम्बॉर्ग ने कहा, पिछले चार वर्षों से, माइकोप्लाज्मा संक्रमणों की संख्या बेहद कम रही है, और इसलिए यह असामान्य नहीं है कि हमारे समक्ष अब एक महामारी है। कोविड-19 महामारी के बाद देश में लॉकडाउन लगाने के बाद हम वास्तव में इसका इंतजार कर रहे थे। यह रोग अक्सर हल्के फ्लू जैसे लक्षणों के साथ थकान, सिरदर्द, गले में खराश और लंबे समय तक सूखी खांसी, विशेष रूप से रात में होने वाली खांसी के रूप में आता है। विशाल बहुमत को बुखार है, लेकिन अक्सर इन्फ्लूएंजा और अन्य क्लासिक निमोनिया जितना तेज बुखार नहीं होता है। पोस्ट में कहा गया है कि इसने इसे कोल्ड निमोनिया या एटिपिकल निमोनिया उपनाम दिया है, क्योंकि नियमित पेनिसिलिन का भी संक्रमण पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। संक्रामक रोग समाचार संदेश बोर्ड फ़्लूट्रैकर्स पर एक सरकारी निगरानी रिपोर्ट के अनुसार, पिछले सप्ताह नीदरलैंड ने अगस्त के बाद से बच्चों और युवाओं में निमोनिया के मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की।



पिछले पांच सप्ताह में बढ़ी मरीजों की संख्या

### सुडोकू 6392 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 9 | 7 | 4 | 2 | 5 | 8 | 1 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 1 | 9 | 3 | 4 | 6 |
| 4 | 8 | 1 | 5 | 6 | 3 | 9 | 7 | 2 |
| 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 3 | 5 | 8 | 1 | 7 |
| 1 | 6 | 3 | 2 | 8 | 7 | 4 | 9 | 5 |
| 3 | 2 | 4 | 9 | 7 | 6 | 1 | 5 | 8 |
| 8 | 1 | 7 | 3 | 5 | 4 | 2 | 6 | 9 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 3 | 4 |

## दुनिया को जानें

# नेपाल में पंजीकृत हुआ पहला समलैंगिक विवाह

**काठमांडू,** 30 नवम्बर (एजेंसियां)। नेपाल के पश्चिमी लमजंग जिले में देश के पहले समलैंगिक विवाह का पंजीकरण किया गया है और इसे देश में लेस्बियन-गे-बाईसेक्शुअल-ट्रांसजेंडर (एलजीबीटी) समुदाय के अधिकारों की विजय के रूप में देखा जा रहा है। पश्चिमी लमजंग जिले में औपचारिक रूप से माया गुरुंग (35) और सुरेंद्र पाण्डेय (27) के विवाह को बुधवार को पंजीकृत किया गया। देश के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समलैंगिक जोड़ों के विवाह के पंजीकरण के संबंध में पांच महीने पहले दिये गये अंतरिम आदेश के बाद यह पंजीकरण किया गया है। एशिया में अभी तक ताईवान ही एकमात्र देश था जहां समलैंगिक विवाह को मंजूरी मिली हुई है। विवाह के पंजीकरण के बाद श्रीमती गुरुंग ने बीबीसी से कहा आज का दिन केवल हमारे लिए ही नहीं बल्कि सभी लैंगिक अल्पसंख्यक समुदायों के लिए बहुत बड़ा दिन है। अपने अधिकारों की यह लड़ाई बिल्कुल भी आसान नहीं रही है लेकिन आखिरकार हमें जीत हासिल हुई । अब आगे आने वाली पीढ़ियों के लिए राह आसान होगी।

# खेल जगत

## ओटागो ओवल को अस्थायी रूप से सूज़ी बेट्स ओवल नाम दिया जाएगा

**डुनेडिन,** 30 नवंबर (एजेंसियां)। डुनेडिन यूनिवर्सिटी ऑफ ओटागो ओवल अस्थायी रूप से अपनी पूर्व छात्र सूजी बेट्स को अगले सप्ताह अपना नामकरण अधिकार सौंप देगा क्योंकि न्यूजीलैंड की महिलाएं पाकिस्तान के खिलाफ अपने अंतरराष्ट्रीय घरेलू समर की शुरुआत करेंगी। सूजी बेट्स ओवल% अनुभवी ऑलराउंडर के सम्मान में टी20 सीरीज के दूसरे मैच की मेजबानी करेगा, जो न्यूजीलैंड के हाल के दक्षिण अफ्रीका दौरे पर 300 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलने वाली दुनिया की तीसरी महिला बनीं। इस अवसर पर सूजी का परिवार, दोस्त, टीम के साथी और कोच डुनेडिन में मौजूद रहेंगे। 36 वर्षीय सूजी को पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की टी20 और तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए परिचित दिखने वाली न्यूजीलैंड महिला टीम में शामिल किया गया है, जो पूरी तरह से साउथ आइलैंड में खेली जाएगी।



# टेस्ट क्रिकेट खेलने की चाहत अभी बाकी है : मैक्सवेल

**मेलबर्न,** 30 नवंबर (एजेंसियां)। भारत के लगभग दो महीने लंबे दौरे से स्वदेश लौटने के बाद, जिसमें 2023 पुरुष वनडे विश्व कप जीतना भी शामिल है, ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने कहा कि उन्होंने सफेद गेंद क्रिकेट में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद टेस्ट क्रिकेट खेलने की अपनी इच्छा नहीं छोड़ी है।

मैक्सवेल ने अपने सात टेस्ट मैचों में से आखिरी टेस्ट 2017 में खेला था, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के विजयी पुरुष एकदिवसीय विश्व कप अभियान में दो शतक लगाए – नीदरलैंड के खिलाफ 40 गेंदों में शतक और अफगानिस्तान के खिलाफ नाबाद 201 रनों की आश्चर्यजनक पारी, साथ ही 47 गेंदों में शतक। गुवाहाटी में भारत के खिलाफ तीसरा टी20 मैच चयनकर्ताओं को उन्हें टेस्ट टीम में वापस बुलाने के लिए प्रेरित कर सकता है। मैक्सवेल को मेलबर्न हवाई अड्डे पर द सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड ने यह कहते हुए उद्धृत किया, मैंने हार नहीं मानी है, मुझे लगता है कि मैं जिस तरह से सफेद गेंद से क्रिकेट खेल रहा हूं, उसके समय के बारे में मुझे यथार्थवादी होना होगा। आप एक विश्व कप खेलते हैं और फिर आप कोई शील्ड क्रिकेट नहीं खेलते हैं, आप गर्मियों के अंत में सफेद गेंद से खेलते हैं और कोई शील्ड क्रिकेट नहीं खेलते हैं, तो यह ठीक वैसा ही है जैसा पिछले 10 वर्षों में हुआ है। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि पैर की चोट के कारण इस साल बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी की भारत यात्रा से चूकने के बाद, ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ताओं ने मैक्सवेल को 2025 में श्रीलंका के टेस्ट दौरे के लिए उनकी योजनाओं में शामिल होने के बारे में बताया था। मैक्सवेल ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारत के खिलाफ छह विकेट की अंतिम जीत में ऑस्ट्रेलिया के लिए विजयी रन भी बनाए, उन्हें लगता है कि यह क्षण उनकी स्मृति में हमेशा के लिए अंकित हो जाएगा।

फाइनल में दो रन बहुत अच्छे थे। मुझे नहीं लगता कि इससे ऊपर कुछ भी होने वाला है। भले ही टूर्नामेंट के दौरान व्यक्तिगत रूप से कुछ क्षण थे,



मुझे लगता है कि फाइनल... उससे ऊपर कुछ भी नहीं होने वाला है। टेस्ट क्षेत्र में मैक्सवेल की वापसी का दो बार के वनडे विश्व कप विजेता कप्तान रिकी पोंटिंग ने भी समर्थन किया है। मैं उन्हें उन

> मैंने हार नहीं मानी है, मुझे लगता है कि मैं जिस तरह से सफेद गेंद से क्रिकेट खेल रहा हूं, उसके समय के बारे में मुझे यथार्थवादी होना होगा। आप एक विश्व कप खेलते हैं और फिर आप कोई शील्ड क्रिकेट नहीं खेलते हैं, आप गर्मियों के अंत में सफेद गेंद से खेलते हैं और कोई शील्ड क्रिकेट नहीं खेलते हैं, तो यह ठीक वैसा ही है जैसा पिछले 10 वर्षों में हुआ है : ग्लेन मैक्सवेल

परिस्थितियों में अपने हरफनमौला खेल के कारण टेस्ट लाइन-अप में वापस आते हुए देख सकता हूं।

उन्होंने एसईएन रेडियो पर कहा, अफगानिस्तान के खिलाफ उस मैच में (201 नाबाद), जो कि अब तक देखी गई सबसे उल्लेखनीय एक दिवसीय पारी है। मैं बहुत सारे मैच देख चुका हूं, बहुत सारे मैच खेले हैं मैंने ऐसा कभी नहीं देखा।

## नाथन लियोन सीजन 2024 के लिए लंकाशायर क्रिकेट में शामिल हुए

**ओल्ड ट्रैफर्ड।** ऑस्ट्रेलिया के स्पिन जादूगर नाथन लियोन ने लंकाशायर क्रिकेट के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। वो अगली गर्मियों की अवधि के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर करने के बाद 2024 में सभी प्रतियोगिताओं के लिए उपलब्ध होंगे। लंकाशायर क्रिकेट ने नाथन लियोन के साथ अनुबंध की घोषणा करते हुए गुरुवार को एक बयान जारी किया। जिसमें कहा गया, लंकाशायर क्रिकेट को 2024 सीजन के लिए अनुभवी ऑस्ट्रेलियाई अंतर्राष्ट्रीय ऑफ-स्पिन गेंदबाज नाथन लियोन के विदेशी अनुबंध की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। अगली गर्मियों की अवधि के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर करने के बाद वो 2024 में सभी प्रतियोगिताओं के लिए उपलब्ध होगा। तीन बार के एशेज विजेता और मौजूदा आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियन लियोन के पास 122 मैचों में 31 की औसत से 496 शिकार के साथ एक ऑस्ट्रेलियाई फिंगर स्पिनर द्वारा लिए गए सबसे अधिक टेस्ट विकेट का रिकॉर्ड है। उन्हें आईसीसी टेस्ट टीम 2018, 19 और 22 में नामित किया गया था। वह स्पिन गेंदबाज के रूप में चौथे सबसे अधिक टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाज भी हैं और वर्तमान में अब तक के आठवें सबसे अधिक टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। लियोन ने लंकाशायर क्रिकेट के साथ हस्ताक्षर करने के बाद कहा, यह मेरे लिए एक रोमांचक अवसर है और मैं वास्तव में लंकाशायर के साथ काउंटी क्रिकेट के पूर्ण सत्र के लिए इंग्लैंड जाने के लिए उत्सुक हूं। मुझे इंग्लैंड में क्रिकेट खेलना पसंद है। मैं सीखना जारी रखने, अपने खेल में सुधार करने के लिए उत्सुक हूं और उम्मीद है कि मैं रेड रोज के लिए मैच जीतने में योगदान दे सकता हूं और अपने करियर के दौरान वर्षों में प्राप्त किए गए कुछ अनुभवों को साझा कर सकता हूं। अब तक के 202 करियर प्रथम श्रेणी मैचों में न्यू साउथ वेल्स में जन्मे लियोन ने 33 की औसत से 733 विकेट लिए हैं और लिस्ट ए क्रिकेट में 90 और टी20 मैचों में 57 शिकार किए हैं। लियोन अपने गृह राज्य न्यू साउथ वेल्स के लिए शेफील्ड शील्ड में खेलते हैं और उन्होंने एडिलेड स्ट्राइकर्स, सिडनी सिक्सर्स का भी प्रतिनिधित्व किया है और हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के बिग बैश लीग में मेलबर्न रेनेगेड्स के लिए हस्ताक्षर किए हैं। ऑफ स्पिनर को 2017 सीज़न के दौरान वॉर्सेस्टरशायर के साथ काउंटी चैम्पियनशिप का एक संक्षिप्त स्वाद मिला।

# बाबर की स्मिथ से तुलना करना लगभग स्मिथ की कोहली से तुलना करने जैसा है : उस्मान ख्वाजा

**पर्थ,** 30 नवंबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की तीन मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले अनुभवी बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने स्टीवन स्मिथ और बाबर आजम के बीच टकराव की तुलना करते हुए कहा कि यह सिडनी स्थित स्मिथ की तुलना करिश्माई बल्लेबाज विराट कोहली के साथ करने जैसा है।



आजम भारत में 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप में खराब प्रदर्शन के बाद श्रृंखला में आए, जिसके कारण उन्हें सभी प्रारूपों में नेतृत्व की जिम्मेदारी छोड़नी पड़ी। दूसरी ओर, स्मिथ अहमदाबाद में वैश्विक ट्रॉफी जीतने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम के सदस्य के रूप में श्रृंखला में आते हैं।

बाबर आजम तीनों प्रारूपों में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक हैं। स्टीव स्मिथ हमारे युग के महानतम बल्लेबाज हैं। जब वे दोनों यहां बेनो-कादिर श्रृंखला में खेलेंगे, तो यह रोमांचक होगा। स्मिथ के साथ बाबर की बराबरी करना लगभग वैसा ही है जैसा कोहली के साथ स्मिथ की बराबरी करना।

ख्वाजा ने पत्रकारों से कहा, बाबर के बारे में एक बड़ी बात यह है कि वह केवल पाकिस्तान में ही रन नहीं बनाता, बल्कि वह विदेशों में भी रन बनाता है। उसने पहले भी यहां शतक बनाया है।

ख्वाजा ने ऑस्ट्रेलियाई परिस्थितियों में पाकिस्तान के तेज गेंदबाजों, खासकर बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शाहीन शाह आफरीदी की चुनौती को भी स्वीकार किया। मुझे लगता है कि शाहीन शाह और मिचेल स्टार्क, दोनों बहुत तेज़ गेंदबाज़ हैं और दोनों 145 तक गेंदबाज़ी कर सकते हैं। हम जानते हैं कि स्टार्क नई गेंद को स्विंग करा सकते हैं।

शाहीन की कलाई बहुत अच्छी है। वह निश्चित रूप से गेंद को स्विंग करते हैं। जब ऑस्ट्रेलियाई परिस्थितियों में बादल छाए होते हैं, अगर कोई तेज गेंदबाज गेंद को स्विंग करा रहा है, तो यह एक सलामी बल्लेबाज के रूप में हमारे काम को थोड़ा कठिन बना देता है।

पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया में कभी भी टेस्ट सीरीज़ नहीं जीती है, लेकिन ख्वाजा को लगता है कि वे 2023-25 विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र में हल्के में लेने वाली टीम नहीं हैं। पाकिस्तान दुनिया की बेहतर टीमों में से एक है। उनके पास अच्छी बल्लेबाज़ी है और उनके पास हमेशा बेहतरीन तेज़ गेंदबाज़ हैं।

पिछली टीमों को देखते हुए, मुझे लगता है कि यह पाकिस्तान की सबसे मजबूत बल्लेबाजी लाइनअप है। बाबर आजम दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक हैं। इमाम उल हक और अब्दुल्ला शफीक ने बहुत सारे रन बनाए हैं। मैं इसे लेकर बहुत उत्साहित हूं।

14-18 दिसंबर तक पर्थ में शुरुआती टेस्ट के बाद, ऑस्ट्रेलिया में पाकिस्तान के अगले दो टेस्ट मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (26-30 दिसंबर) और सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (3-7 जनवरी, 2024) में होंगे।

# भारत दौरे पर हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे : ओली पोप



नई दिल्ली, 30 नवंबर (एजेंसियां)। इंग्लैंड के दाएं हाथ के बल्लेबाज ओली पोप ने कहा है कि उनकी टीम भारत में अगले साल के बहुप्रतीक्षित पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में अपनी बैज़बॉल रणनीति के तहत ही खेलेगी। भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज 25 जनवरी से हैदराबाद में शुरू हो रही है। पोप इंग्लैंड की उस टीम के सदस्य थे जो 2021 में भारत आई थी। चेन्नई में शुरुआती टेस्ट जीतने के बाद रविचंद्रन अश्विन और अक्षर पटेल के दमदार प्रदर्शन के आगे मेहमान टीम सीरीज 3-1 से हार गई। टेलीग्राफ ने पोप के हवाले से कहा, दाएँ हाथ के खिलाड़ी के रूप में दोनों किनारों पर ख़तरा है। अश्विन शायद दुनिया के सर्वश्रेष्ठ स्पिनर हैं, वहीं रवींद्र जड़ेजा और अक्षर तेजी से गेंद को बल्ले से दूर घुमा रहे थे। भारत की पिच पर इन गेंदबाजों का सामना करना और उन पर दबाव डालना कठिन है लेकिन हम इसे अपने तरीके से खेलते हुए जितना संभव हो सके उतनी कड़ी चुनौती देंगे।

पोप को भारतीय परिस्थितियों में आगे बढ़ने के लिए संघर्ष करना पड़ा और आठ पारियों में 19.13 की औसत से केवल 153 रन बनाने में सफल रहे। उन्होंने इस साल लॉर्ड्स में दूसरे एशेज मैच के बाद से टेस्ट नहीं खेला है, जहां वो चोटिल होने के कारण बाहर हो गए थे। वह हाल ही में अबू धाबी में इंग्लैंड लायंस के साथ थे और उन रणनीतियों पर काम कर रहे थे, जिन्हें भारत के टेस्ट दौरे में उनके सामने आने वाली पिचों पर अपने गेम प्लान को लागू करने की आवश्यकता होगी। बेन स्टोक्स के नेतृत्व में तीसरे नंबर पर आने के बाद से पोप का औसत 45.3 हो गया है जबकि इससे पहले यह 28.7 था। पोप का मानना है कि मौजूदा टेस्ट टीम थिंक-टैंक होने से खिलाड़ियों को अधिक सुरक्षा मिली है।

# युगांडा ने टी-2 विश्वकप के लिए किया क्वालीफाई

दुबई, 30 नवंबर (वार्ता) युगांडा की क्रिकेट टीम ने इतिहास रचते हुए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद् (आईसीसी) पुरुष टी-20 विश्वकप के लिए क्वालीफाई किया और इसी के साथ वह इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाला पांचवां अफ्रीकी देश बन गया है। युगांडा अपने छह मैचों में से पांच में जीत दर्ज करते हुए आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप अफ्रीका क्षेत्र से इस टूर्नामेंट में क्वालीफाई करने वाली पांचवीं टीम बन गया है। यह विश्वकप वेस्टइंडीज और अमेरिका में आयोजित किया जा रहा है। क्वालीफायर में युगांडा ने अपने शुरुआती मुकाबलों में तंजानिया को आठ विकेट से हराया था। हालांकि अगले मुकाबले में युगांडा नामीबिया से हार गयी थी। इस मैच में नामीबियाई ऑलराउंडर डेविड विसे ने 17 रन देकर चार विकेट लिए थे। युगांडा ने टेस्ट मैच खेलने वाले जिम्बाब्वे की टीम को टी-20 मैच में पांच विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की थी। नामीबिया और युगांडा के हाथों हार झेलने वाली जिम्बाब्वे टीम टी-20 वर्ल्ड कप में क्वालिफाई करने से चूक गई। युगांडा के कप्तान सिकंदर रजा ने जिम्बाबे के खिलाफ 48 रन पर नाबाद रहते हुए टीम के लिए शानदार प्रदर्शन किया, वहीं



गेंदबाज दिनेश नाकरानी ने 14 रन देकर तीन विकेट झटके। जिसने जिम्बाम्बे की टीम को सात विकेट के नुकसान पर 136 रन पर रोक दिया था।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी युगांडा के रियाज़त अली शाह ने 42 और अल्पेश रमजानी 40 रन बनाये। उन्होंने एक बड़े क्रिकेट उलटफेर के साथ पांच विकेट से मुकाबला जीत लिया।

इस बार टी-20 विश्वकप 2024 के लिए अब तक क्वालिफाई करने वाली टीमें में वेस्टइंडीज, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, भारत, नीदरलैंड, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, अफगानिस्तान, बंगलादेश, आयरलैंड, स्कॉटलैंड, पापुआ न्यू गिनी, कनाडा, नेपाल, ओमान, नामीबिया और युगांडा शामिल हैं।

# पांच देशों के टूर्नामेंट में हरमनप्रीत होंगे भारतीय टीम के कप्तान

**नई दिल्ली,** 30 नवंबर (एजेंसियां)। स्पेन के वालेंसिया में 15 से 22 दिसंबर तक होने वाले पांच देशों के टूर्नामेंट वालेंसिया 2023 के लिए गुरुवार को हरमनप्रीत के नेतृत्व में 24 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा कर दी गयी है।



टूर्नामेंट में भारत का मुकाबला मेजबान स्पेन के अलावा जर्मनी, फ्रांस और बेल्जियम से होगा। यह प्रतियोगिता 2023-24 एफआईएच हॉकी प्रो लीग खेलों की तैयारी के लिहाज से बेहद अहम होगी। 24 सदस्यीय टीम में अनुभवी और युवा चेहरों का मिश्रण है, जिसका नेतृत्व शीर्ष ड्रैग-फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह करेंगे। दौरे में सुमित और अमित रोहिदास उपकप्तान की भूमिका में होंगे।

गोलकीपिंग विभाग में नियमित रूप से शामिल पीआर श्रीजेश और कृष्ण बी पाठक के साथ सूरज कारकेरा की टीम में वापसी होगी। रक्षापंक्ति में कप्तान हरमनप्रीत सिंह के अलावा जरमनप्रीत सिंह, जुगराज सिंह, अमित रोहिदास, वरुण कुमार, सुमित, संजय और नीलम संजीप ज़ेस अपना रोल निभायेंगे वहीं मिडफील्ड में विवेक सागर प्रसाद, नीलकंठ शर्मा, राजकुमार पाल, शमशेर सिंह और यशदीप सिवाच और रबीचंद्र सिंह मोइरंगथेम जैसे युवा चेहरे हैं। फॉरवर्ड पंक्ति में मनदीप सिंह, अभिषेक, सुखजीत सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, कार्थी सेल्वम, दिलप्रीत सिंह और आकाशदीप सिंह शामिल हैं।

टीम चयन पर बोलते हुए, भारतीय टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा, हम युवाओं और अनुभव के अच्छे मिश्रण के साथ एक संतुलित टीम के साथ जा रहे हैं। टूर्नामेंट हमें विभिन्न चीजों को आज़माने और समायोजित करने के लिए एक शानदार मंच प्रदान करता है। यह युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने और दुनिया की शीर्ष टीमों का सामना करने के दबाव का अनुभव करने का एक शानदार अवसर भी प्रदान करता है। उन्होंने कहा, अगले सात महीने हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं, पेरिस 2024 ओलंपिक से पहले हमें बहुत सारे मैच खेलने हैं और यह बहुत महत्वपूर्ण है कि हम एक प्रक्रिया का पालन करें और चरण-दर-चरण आगे बढ़ें।

# न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के लिए महिला टीम की घोषणा की

**वेलिंगटन,** 30 नवंबर (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ अगले महीने घरेलू मैदान पर होने श्रृंखला के लिए महिला टीम की घोषणा कर दी है।

इस श्रृंखला में तीन टी-20 और उसके बाद तीन एकदिवसीय मैच सफेद गेंद से खेले जायेंगे और यह बंगलादेश में अगले साल होने वाले आईसीसी महिला टी-20 विश्वकप से पहले अनुभव प्रदान करेगा। कप्तान सोफी डिवाइन एक बार फिर पूरी श्रृंखला में न्यूजीलैंड की टीम कप्तान होगी। आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार केर हालांकि तीन दिसंबर को डुनेडिन में श्रृंखला के शुरुआती मैच में नहीं खेल पाएंगी क्योंकि वह ऑस्ट्रेलिया की घरेलू डब्ल्यूबीबीएल प्रतियोगिता के फाइनल में भाग लेंगी।

न्यूजीलैंड के कोच बेन सॉयर को उम्मीद है कि यह श्रृंखला 2024 टी-20 विश्वकप की शुरुआत से पहले उनकी टीम को अपने कौशल को निखारने का अच्छा मौका है। सॉयर ने कहा, हम द्विपक्षीय श्रृंखला में हाल के अच्छे फॉर्म के आधार पर टीम चाहते हैं, लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि अगले वर्ष बंगलादेश में टी-20 विश्वकप को ध्यान में रखते हुए संयोजन विकसित करना जारी रखना है। उन्होंने कहा, एकदिवसीय परिप्रेक्ष्य के साथ ही साथ अपने गेम प्लान को विकसित करना बेहद महत्वपूर्ण है कि हम जितना संभव हो उतने विश्व चैम्पियनशिप अंक प्राप्त करें।

# शान मसूद को पीसीबी ने बी श्रेणी में किया अपग्रेड

**कराची,** 30 नवंबर (एजेंसियां)। नवनियुक्त टेस्ट कप्तान शान मसूद को पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने श्रेणी डी से अपग्रेड करके बी में दिया गया है। मसूद ने हाल ही में बाबर आजम की पाकिस्तान की टीम का कप्तान बनाया गया और वह 14 दिसंबर से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू होने वाली तीन मैचों की श्रृंखला में पाकिस्तान की टीम की अगुवाई करेंगे।

आईसीसी की रिपोर्ट में कहा गया है कि यह फैसला बोर्ड की नीति के अनुरूप लिया गया है जिसके तहत अगर ए या बी श्रेणियों से नीचे के केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ी को कप्तान नियुक्त किया जाता है तो उनके अनुबंध को उनके कार्यकाल के लिए श्रेणी बी में अपग्रेड किया जाना चाहिए। बाएं हाथ के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज को हाल ही में पूर्णकालिक कप्तान बनाया गया है। उन्होंने 30 टेस्ट मैचों में 28.5 की औसत से 1597 रन बनाए हैं, जिसमें उनके नाम चार शतक भी शामिल हैं।

जुलाई में श्रीलंका को सीरीज में 2-0 से हराकर पाकिस्तान वर्तमान में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप तालिका में नंबर एक पर है। पहला टेस्ट 14 से 18 दिसंबर तक पर्थ में शुरू होगा उसके बाद 26 दिसंबर से मेलबर्न में खेला जायेगा और तीन से सात जनवरी के दौरान सिडनी में तीसरे टेस्ट के साथ श्रृंखला समाप्त होगी।

# अमित पंघाल, संजीत सहित सेना के 12 मुक्केबाज सेमीफाइनल में

**नई दिल्ली,** 30 नवंबर (एजेंसियां) 2019 विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता अमित पंघाल और 2021 के एशियाई चैंपियन संजीत ने क्वार्टर फाइनल में शानदार जीत हासिल की और वे सर्विसेज स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड (एसएससीबी) के अपने 10 अन्य साथियों के साथ शिलांग में 7वीं एलीट पुरुष राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप के पांचवें दिन गुरूवार को सेमीफाइनल में पहुंच गए।

चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल चरण में 51 किग्रा में अमित पंघाल और 92 किग्रा में संजीत का उल्लेखनीय प्रदर्शन देखने को मिला और उन्होंने सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबले में, पंघाल ने जम्मू-कश्मीर के मोहम्मद आरिफ के खिलाफ अपने अनुभव का प्रदर्शन किया, पूरे मुकाबले पर हावी रहे और अंततः



सर्वसम्मत निर्णय से आसानी से मुकाबला जीत लिया। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला आरएसपीबी के अंकित से होगा।

इस बीच, 2021 एशियाई चैंपियन, संजीत 92 किग्रा क्वार्टर फाइनल में 2018 राष्ट्रमंडल खेलों के कांस्य पदक विजेता आरएसपीबी के नमन तंवर के खिलाफ आमने-सामने थे। संजीत अपने खेल में शीर्ष पर थे क्योंकि उन्होंने मुकाबले पर नियंत्रण रखा और दूर से खेलते हुए पूरे समय जोरदार मुक्के मारे। उन्होंने गति जारी रखी और सर्वसम्मत निर्णय से जीत हासिल की। सेमीफाइनल में संजीत का मुकाबला ऑल इंडिया पुलिस (एआईपी) के विक्की से होगा।

सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाले अन्य 10 एसएससीबी मुक्केबाजों में बरुण सिंह (48 किग्रा), पवन (54 किग्रा), सचिन (57 किग्रा), आकाश (60 किग्रा), वंशज (63.5 किग्रा), रजत (67 किग्रा), आकाश (71 किग्रा), दीपक (75 किग्रा), लक्ष्य (80 किग्रा) और जुगनू (86 किग्रा) शामिल हैं।

अन्य महत्वपूर्ण मुकाबलों में, असम का प्रतिनिधित्व करते हुए, छह बार के एशियाई चैंपियनशिप पदक विजेता शिव थापा ने, अपने प्रसिद्ध कौशल सेट और शक्तिशाली पंचों का प्रदर्शन करते हुए, दिल्ली के शशांक प्रधान के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मैच में दबदबा बनाया। उन्होंने 5-0 से शानदार जीत हासिल की और सेमीफाइनल में उनका मुकाबला महाराष्ट्र के हरिवंश तिवारी से होगा।

## सार संक्षेप

### केरला ब्लास्टर्स एफसी और चेन्नईयिन एफसी के बीच मुकाबला ड्रॉ

**कोच्चि।** केरला ब्लास्टर्स एफसी और चेन्नईयिन एफसी के बीच इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) का एक रोमांचक मुकाबला 3-3 पर ड्रा रहा। बुधवार की रात जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के खेले गये मुकाबले में चेन्नईयिन एफसी के रहीम अली ने मैच 54 सेकंड में आईएसएल इतिहास का छठा सबसे तेज गोल करके खेल की शुरुआत की। जबकि जॉर्डन मरे ने 13वें और 24वें मिनट में गोल किये। केरला ब्लास्टर्स के लिए दिमित्रियोस डायमांताकोस ने 11वें और 59वें मिनट में और क्वामे पेप्रा ने 38वें मिनट में गोल किये। दोनों छोर से तीन शानदार गोल के बावजूद,अंततः दोनों पक्षों को एक-एक अंक से संतोष करना पड़ा। केरला ब्लास्टर्स एफसी तीन दिसंबर को फतोर्दा स्टेडियम में एफसी गोवा से भिड़ेगी, जबकि चेन्नईयिन एफसी सात दिसंबर को जमशेदपुर एफसी से मुकाबला करेंगे।

### महिला जूनियर विश्व कप के पहले मैच में भारत ने कनाडा को 12- से धोया

**सैंटियागो।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने चिली के सैंटियागो में शुरुआती मैच में बुधवार को कनाडा के खिलाफ 12- से शानदार जीत हासिल करके अपने एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 223 अभियान की शानदार शुरुआत की। भारत की ओर से अन्नू (4, 6, 39), दीपी मोनिका टोप्पो (21), मुमताज खान (26, 41, 54, 6), दीपिका सोरेंग (34, 5, 54), और नीलम (45) ने गोल दागे। भारत ने मैच की शुरुआत आक्रामक रुख के साथ की और कनाडा पर लगातार दबाव बनाये रखा। अन्नू ने चौथे और छठे मिनट में पेनल्टी कॉर्नर के जरिये दो शुरुआती गोल किए। दूसरे क्वार्टर में दीपी मोनिका टोप्पो ने 21वें और मुमताज खान 26वें मिनट में एक-एक फील्ड गोल किया। इस बीच कनाडा को पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन वे इसका फायदा नहीं उठा सके। अच्छी बढ़त के बावजूद भारतीय टीम ने तीसरे क्वार्टर में भी आक्रामक खेल का मुजाहिरा किया और दीपिका सोरेंग (34) ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर दबदबा बनाए रखा, जिसके बाद अन्नू (39) ने अपनी हैट्रिक पूरी की। जबकि मुमताज खान (41) ने मैच का अपना दूसरा गोल किया। इसके अलावा, नीलम (45) ने पेनल्टी कॉर्नर पर अपना शॉट मारकर अंतिम क्वार्टर के अंत तक भारत का स्कोर 8- कर दिया। भारतीय टीम की गोल करने की भूख चौथे क्वार्टर में भी जारी रही, जिसके परिणामस्वरूप दीपिका सोरेंग (5, 54) और मुमताज खान (54, 6) ने गोल किए, जिससे न केवल दोनों खिलाड़ियों ने अपनी हैट्रिक पूरी की, बल्कि भारत की जीत 12- से सुनिश्चित हुई। भारत अपने दूसरे मैच में एक दिसंबर को जर्मनी से भिड़ेगा।

# [अर्थ जगत]

| सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर | |
|---|---|
| अल्ट्रासिमको | 3.14 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 2.19 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 1.91 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 1.80 प्रतिशत |
| विप्रो | 1.75 प्रतिशत |

| सर्वाधिक घटने वाले शेयर | |
|---|---|
| इंडसइंड बैंक | 1.19 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 1.02 प्रतिशत |
| रिलायंस | 1.00 प्रतिशत |
| एशियन पेंट | 0.95 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 0.83 प्रतिशत |

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

## मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

## अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

## मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

## चावल

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

## दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत



**नई दिल्ली,** 30 नवंबर (एजेंसियां)। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।

## दूसरी तिमाही में आर्थिक विकास दर 7.6 प्रतिशत

**नई दिल्ली,** 30 नवंबर (एजेंसियां)। चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में विनिर्माण, खान एवं खनन, निर्माण जैसे क्षेत्रों में रही तेजी के बल पर देश का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर अनुमान से अधिक 7.6 प्रतिशत रही है जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 6.2 प्रतिशत रही थी। केन्द्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा आज जारी जीडीपी के आंकड़ों के अनुसार वास्तविक जीडीपी या जीडीपी 2023-24 की दूसरी तिमाही में 41.74 लाख करोड़ रुपये के स्तर तक पहुंच गया जबकि 2022-23 की दूसरी तिमाही में यह 38.78 लाख करोड़ रुपये था जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 7.6 प्रतिशत अधिक है।चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में वर्तमान कीमतों पर जीडीपी या सकल घरेलू उत्पाद 71.66 लाख करोड़ होने का अनुमान है, जबकि 2022-23 की दूसरी तिमाही में यह 65.67 लाख करोड़ रुपये था, जो कि 2022-23 की दूसरी तिमाही की 17.2 प्रतिशत अधिक है। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-सितंबर की पहली छमाही में जीडीपी 82.11 लाख करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के 76.22 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 7.7 प्रतिशत अधिक है।

चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में विनिर्माण गतिविधियों में 13.9 प्रतिशत की तेजी रही है जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह शून्य से 3.8 प्रतिशत नीचे रहा था। इसी तरह से खान एवं खनन गतिविधियों में भी 10 प्रतिशत की



दूसरी तिमाही में तेजी रही जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह भी 0.1 प्रतिशत रिणात्मक रहा था। निर्माण गतिविधियों में भी इस वर्ष दूसरी तिमाही में 13.3 प्रतिशत की बढोतरी दर्ज की गयी है जबकि पिछले वित्त वर्ष की समीक्षाधीन अवधि में यह 7.9 प्रतिशत की दर से बढ़ा था। बिजली, गैस, जलापूर्ति और अन्य यूटिलिटि सेवाओं में भी जुलाई सितंबर तिमाही में 10.1 प्रतिशत की तेजी रही है जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 6 प्रतिशत की दर से बढ़ा था।

चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में कृषि क्षेत्र प्रदर्शन निराशाजनक रहा है क्योंकि इस तिमाही में इस क्षेत्र की वृद्धि दर 1.2 प्रतिशत रही है जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह दर 2.5 प्रतिशत रही थी। इसी तरह से ट्रेड, होटल, परिवहन, संचार और प्रसारण सेवा क्षेत्र की गतिविधियों में दूसरी तिमाही में 4.3 प्रतिशत की बढोतरी हुयी जबकि पिछले पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में यह 9.2 प्रतिशत रही थी। वित्त, रियल एस्टेट और पेशेवर सेवाओं की वृद्धि दर भी सुस्त पड़ी है क्योंकि दूसरी तिमाही में ये क्षेत्र 6.0 प्रतिशत की गति से बढ़ा से है जबकि पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में यह 12.2 प्रतिशत रहा था। लोक प्रशासन, रक्षा और अन्य सेवाओं की गतिविधियां लगभग स्थिर रही है क्योंकि दूसरी तिमाही में ये 7.6 प्रतिशत की दर से बढे है जबकि पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तमाही में यह 7.9 प्रतिशत रहा था।

## देश में 5जी मोबाइल सब्सक्रिप्शन इस साल 13 करोड़ तक पहुंचने की उम्मीद

**नई दिल्ली,** 30 नवंबर (एजेंसियां)। भारत में 5जी सब्सक्रिप्शन इस साल के अंत तक 13 करोड़ तक पहुंचने की उम्मीद है, जो 2029 तक बढ़कर 86 करोड़ होने का अनुमान है। एक नई रिपोर्ट में गुरुवार को यह बात कही गई है। एरिक्सन की रिपोर्ट के अनुसार, 2029 के अंत तक भारत में मोबाइल सब्सक्रिप्शन में 5जी सब्सक्रिप्शन का हिस्सा 68 प्रतिशत होने का अनुमान है।

एरिक्सन इंडिया के प्रमुख नितिन बंसल ने कहा, हमारे वैश्विक परिनियोजन अनुभव और प्रौद्योगिकी नेतृत्व ने हमें भारत को उसकी 5जी यात्रा में समर्थन देने में सक्षम बनाया है। मोबाइल नेटवर्क भारत में सामाजिक और आर्थिक समावेशन को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, जिससे देश को डिजिटल रूप से सशक्त समाज में बदलने के सरकार के दृष्टिकोण का समर्थन मिलता है। रिपोर्ट के अनुसार 4जी देश में कनेक्टिविटी बढ़ाने और डेटा वृद्धि को बढ़ावा देने वाला प्रमुख सब्सक्रिप्शन प्रकार बना हुआ है। हालाँकि, जैसे-जैसे सब्सक्राइबर 5जी की ओर स्थानांतरित होते हैं, 4जी सब्सक्रिप्शन 2023 में 87 करोड़ से घटकर 2029 तक 39 करोड़ होने का अनुमान है।

इस क्षेत्र में कुल मोबाइल सब्सक्रिप्शन 2029 में बढ़कर 1.27 अरब होने का अनुमान है। भारत में प्रति स्मार्टफोन औसत डेटा ट्रैफ़िक विश्व स्तर पर सबसे अधिक है। इसके 2023 में 31 जीबी प्रति माह से बढ़कर 2029 में लगभग 75 जीबी प्रति माह होने का अनुमान है जो 16 प्रतिशत की औसत



वार्षिक वृद्धि (सीएजीआर) दर्शाती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कुल मोबाइल डेटा ट्रैफिक 2023 में 26 ईबी (एक्साबाइट) प्रति माह से बढ़कर 2029 में 73 ईबी प्रति माह हो जाने का अनुमान है, जो 19 प्रतिशत की सीएजीआर है। कुल मोबाइल सब्सक्रिप्शन के प्रतिशत के रूप में भारत में स्मार्टफोन सब्सक्रिप्शन 2023 में 82 प्रतिशत से बढ़कर 2029 में 93 प्रतिशत होने की उम्मीद है। वैश्विक स्तर पर, कैलेंडर वर्ष 2023 के लिए 61 करोड़ नए 5जी सब्सक्रिप्शन होंगे - पिछले साल के मुकाबले 63 प्रतिशत अधिक।

रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023 के अंत और 2029 के बीच छह वर्षों में, वैश्विक 5जी सदस्यता 330 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 1.6 अरब से 5.3 अरब तक पहुँचने का अनुमान है। 2023 के अंत तक 5जी कवरेज वैश्विक आबादी के 45 प्रतिशत से अधिक और 2029 के अंत तक 85 प्रतिशत तक उपलब्ध होने का अनुमान है।

## अक्टूबर तक कुल व्यय 23.94 लाख करोड़ और राजस्व प्राप्ति 15.90 लाख करोड़

**नई दिल्ली,** 30 नवंबर (एजेंसियां)। सरकार को अक्टूबर 2023 तक कुल राजस्व प्राप्तियां 15,90,712 करोड़ रुपये रही है जो चालू वित्त वर्ष के बजट अनुमान का 58.6 प्रतिशत है और इस दौरान कुल व्यय 23,94,412 करोड़ रुपये रहा है जो बजट अनुमान का 53 प्रतिशत है।

वित्त मंत्रालय ने आज यहां बताया कि इसमें 13,01,957 करोड़ रुपये कर राजस्व (केंद्र को शुद्ध) और 2,65,765 करोड़ रुपये का गैर-कर राजस्व शामिल है। 22,990 करोड़ रुपये गैर-ऋण पूंजी प्राप्तियां है। गैर-ऋण पूंजीगत प्राप्तियों में ऋण की वसूली 14,990 करोड़ रुपये और विविध पूंजी प्राप्तियां 8,000 करोड़ रुपये शामिल हैं।

सरकार ने इस अवधि तक करों के हिस्से के हस्तांतरण के रूप में राज्य सरकारों को 5,28,405 करोड़ रुपये हस्तांतरित किए हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में 93,966 करोड़ रुपये अधिक है।

सरकार द्वारा किया गया कुल व्यय 23,94,412 करोड़ रुपये रहा है जो चालू वित्त वर्ष के बजट अनुमान का 53 प्रतिशत है। इसमें से 18,47,488 करोड़ रुपये राजस्व खाते से और 5,46,924 करोड़ रुपये पूंजी खाते से व्यय हुआ है। कुल राजस्व व्यय में से, 5,45,086 करोड़ ब्याज भुगतान में गया है और 2,31,694 करोड़ रुपये सब्सिडी पर व्यय हुआ है।

## आई सिस्टम्स और टूल्स से नौकरी में ज्यादा 'मानवीय' पहलू पर ध्यान केंद्रित कर पाएंगे

**नई दिल्ली,** 30 नवंबर (एजेंसियां)। नौकरी तलाशने वाले अधिकांश लोगों (78 प्रतिशत) का मानना है कि एआई सिस्टम्स और टूल्स के विकास से भर्ती और प्रत्याशी के अनुभव में सुधार आएगा। हालाँकि, आधे (50 प्रतिशत) से ज्यादा नौकरी तलाशने वालों को चिंता है कि एआई भर्ती प्रक्रिया में मानवीय निर्णय और विवेक का स्थान ले लेगा।

इनडीड द्वारा किये गये एक सर्वेक्षण में बात सामने आयी है। यह सर्वे सेंससवाईड द्वारा पूरे विश्व के सात देशों में इनडीड की ओर से 7275 नियोक्ताओं और कर्मचारियों के बीच किया गया। भारत में 1142 नियोक्ताओं और नौकरी तलाशने वालों का सर्वे किया गया।

नौकरी तलाशने की एक निष्पक्ष और पूर्वाग्रहरहित प्रक्रिया के लिए नौकरी तलाशने वाले नियोक्ताओं से अपेक्षा करते



हैं कि वो मानवीय दृष्टिकोण/निगरानी (48 प्रतिशत) बनाए रखेंगे, और एआई सिस्टम्स एवं टूल्स के लिए इस्तेमाल हो रहा डेटा अल्पसंख्यक समूहों (41 प्रतिशत) का प्रतिनिधित्व करे।भारत में 98 प्रतिशत एचआर पेशेवर और 91 प्रतिशत नौकरी तलाशने वालों ने बताया कि वे काम के लिए एआई का उपयोग कर रहे हैं। इसके मुकाबले, जापान में एक तिहाई से ज्यादा एचआर पेशेवर (35 प्रतिशत) और आधे से ज्यादा नौकरी तलाशने वालों (53 प्रतिशत) ने कहा कि वे व्यावसायिक रूप से एआई टूल्स का उपयोग नहीं कर रहे हैं। फ्रांस में स्थिति इसके विपरीत है, जहाँ 30 प्रतिशत नौकरी तलाशने वालों और 25 प्रतिशत एचआर पेशेवर ने बताया कि उन्हें इस टेक्नोलॉजी को लेकर डर है।

एआई को अपनाने वाले अन्य देश अमेरिका और कनाडा हैं, जहाँ 92 प्रतिशत एचआर पेशेवर और ब्रिटेन में 88 प्रतिशत इसका उपयोग कर रहे हैं। हालाँकि इन देशों में नौकरी तलाशने वाले इसका विरोध कर रहे हैं और ब्रिटेन में 41 प्रतिशत, अमेरिका में 30 प्रतिशत, और कनाडा में 42 प्रतिशत नौकरी तलाशने वालों ने बताया कि वे वर्तमान में एआई का उपयोग नहीं करते हैं।

## सार संक्षेप

### गोदरेज यमीज ने कैटेगरी में फ्रोजन फूड्स का सैशेबंद फॉर्मेट पेश करने की पहल की

**मुंबई।** गोदरेज टायसन फूड्स लिमिटेड (जीटीएफएल) के फ्रोज़न रेडी-टू-कुक प्रोडक्ट्स के प्रमुख ब्रांड गोदरेज यमीज़ ने प्रोटीनयुक्त चिकन सॉसेज के दो पैक लॉन्च किया है। यमीज़ ने इस कैटेगरी में पहली बार फ्रोज़न फूड्स को सैशेबंद फॉर्मेट में पेश की है। उसने कहा कि इस सैशेबंद फॉर्मेट में ये दो सॉसेज मिलकर 7 ग्राम प्रोटीन की मात्रा को पूरा करते हैं। सॉसेज जैसे सैशेबंद फ्रोज़न फूड्स सबके लिए उपलब्ध होंगे, जिससे हर कोई किफायती कीमत में इसे खरीद पाएगा। ऐसी उम्मीद है कि ना केवल बड़े शहरों में, बल्कि टियर 2 शहरों तथा कस्बों में भी बड़ी मात्रा में फ्रोज़न फूड्स की खपत बढ़ेगी। भारत में फिलहाल फ्रोज़न फूड्स की कैटेगरी की पहुंच 5 प्रतिशत से भी कम है, जिससे इसके लिए ज्यादा से ज्यादा विस्तार करने के संकेत मिल रहे हैं। सामान्यतौर पर, शाकाहारी और मांसाहारी दोनों ही तरह के फ्रोज़न फूड्स की कीमत 17 रुपए से लेकर 3 रुपए तक के बीच में होती है। विभिन्न शहरों और क्षेत्रों में इस कैटेगरी को बढ़ावा देने और बड़ी संख्या में लोगों तक इन प्रोडक्ट्स की पहुंच बढ़ाने के लिए इन्हें ज्यादा किफायती कीमतों पर पेश करना जरूरी है।

### भारत की खुदरा मुद्रास्फीति अक्टूबर में चार महीने के निचले स्तर पर

**नई दिल्ली।** आम आदमी के लिए राहत भरी खबर है। भारत की खुदरा मुद्रास्फीति अक्टूबर में घटकर चार महीने के निचले स्तर 4.87 फीसदी पर आ गई। सितंबर में मुद्रास्फीति दर 5.2 फीसदी थी। मुद्रास्फीति का गिरता स्तर आरबीआई के 4 प्रतिशत लक्ष्य के अब काफी करीब पहुंच रहा है, जिससे विकास को गति देने के लिए ब्याज दरों में कटौती संभव हो सकेगी। खाद्य मुद्रास्फीति, जो कुल कंज्यूमर प्राइस बास्केट का लगभग आधा हिस्सा है, अक्टूबर में 6.61 प्रतिशत थी। इससे पहले सितंबर में संशोधित 6.62 प्रतिशत थी। महीने के दौरान खाद्य तेल की कीमतों में भारी गिरावट जारी रही। हालांकि, दालों और मसालों की कीमतें क्रमशः 18.79 और 22.76 प्रतिशत बढ़ीं।

### गैस से चलने वाली कारों की तुलना में ईवी में रखरखाव संबंधी समस्याएँ 79 प्रतिशत अधिक : रिपोर्ट


सैन फ्रांसिस्को। इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) में गैस या डीजल से चलने वाले वाहनों की तुलना में 79 प्रतिशत अधिक रखरखाव संबंधी समस्याएं होती हैं, जबकि प्लग-इन हाइब्रिड ईवी में 146 प्रतिशत अधिक समस्याएं होती हैं। गैर-लाभकारी सदस्य संगठन कंज्यूमर रिपोर्ट्स के अनुसार, आंतरिक दहन इंजन (आईसीई) यानी गैस और डीजल से चलने वाले वाहनों की तुलना में हाइब्रिड में 26 प्रतिशत कम समस्याएं होती हैं। शोधकर्ताओं ने 2 से 223 मॉडल वर्षों तक 33 से अधिक वाहनों पर डेटा एकत्र किया, जिनमें से कुछ शुरुआती 224 मॉडल वर्षों में पेश किए गए थे। उन्होंने चरमराने वाले ब्रेक और टूटे हुए इंटीरियर ट्रिम से लेकर संभावित रूप से महंगे आउट-ऑफ-वारंटी इंजन, ट्रांसमिशन, ईवी बैटरी और ईवी चार्जिंग समस्याओं जैसे प्रमुख समस्याओं तक 2 परेशानी वाले क्षेत्रों का अध्ययन किया।

## शेयर बाजार में तेजी बरकरार

**मुंबई** 30 नवंबर (एजेंसियां)। दुनिया भर में ब्याज दरों को लेकर बन रहे सकारात्मक रुझान और अर्थव्यवस्था में रिकवरी के संकेत से विश्व बाजार की तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हेल्थकेयर, इंडस्ट्रियल्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और रियल्टी समेत 18 समूहों में लिवाली से शेयर बाजार में आज लगातार तीसरे दिन तेजी बरकरार रही।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 86.53 अंक की बढ़त के साथ 66988.44 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 36.55 अंक बढ़कर 20133.15 अंक पर पहुंच गया। दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों में भी जमकर लिवाली हुई। इससे बीएसई का मिडकैप 0.83 प्रतिशत की छलांग लगाकर 34,256.42 अंक और स्मॉलकैप 0.96 प्रतिशत उड़ान भरकर पहली बार 40 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 40,371.61 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 3857 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1898 में लिवाली जबकि 1810 में बिकवाली हुई वहीं 149 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 32 कंपनियां हरे जबकि 17 लाल निशान पर रही वहीं एक के भाव स्थिर रहे। बीएसई में 18 समूहों के शेयर लाभ में रहे। इस दौरान कमोडिटीज 0.52, सीडी 0.77, ऊर्जा 0.51, एफएमसीजी 0.46, वित्तीय सेवाएं 0.27, हेल्थकेयर 1.66, इंडस्ट्रियल्स 1.48, आईटी 0.01, दूरसंचार 0.43, ऑटो 0.49, कैपिटल गुड्स 1.39, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स




1.61, धातु 0.37, तेल एवं गैस 1.12, पावर 0.17, रियल्टी 1.52, टेक 0.17 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.20 प्रतिशत मजबूत रहा।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तेजी का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.35, जर्मनी का डैक्स 0.19, जापान का निक्केई 0.50, हांगकांग का हैंगसेंग 0.29 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.26 प्रतिशत चढ़ गया।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 61 अंक की तेजी के साथ 66,963.20 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली के दबाव में थोड़ी देर बाद ही 66,610.35 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवाली होने से यह कारोबार के अंतिम चरण में 67,069.89 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 66,901.91 अंक के मुकाबले 0.13 प्रतिशत बढ़कर 66,988.44 अंक पर रहा।

इसी तरह निफ्टी भी 12 अंक उठकर 20,108.50 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 20,015.85 अंक के निचले जबकि 20,158.70 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 20,096.60 अंक की तुलना में 0.18 प्रतिशत की बढ़त के साथ 20,133.15 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली कंपनियों में अल्ट्रासिमको 3.14, सन फार्मा 2.19, भारती एयरटेल 1.91, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.80, विप्रो 1.75, टाइटन 1.60, एक्सिस बैंक 1.34, बजाज फिनसर्व 1.26, एनटीपीसी 1.12, एलटी 1.03, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.70, जेएसडब्ल्यू स्टील 0.63, नेस्ले इंडिया 0.55, मारुति 0.52, एचसीएल टेक 0.50, टाटा स्टील 0.20 और कोटक बैंक 0.16 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, इंडसइंड बैंक 1.19, पावरग्रिड 1.02, रिलायंस 1.00, एशियन पेंट 0.95, टाटा मोटर्स 0.83, एसबीआई 0.67, टीसीएस 0.56, आईसीआईसीआई बैंक 0.41, आईटीसी 0.38, इंफोसिस 0.26, टेक महिंद्रा 0.22, बजाज फाइनेंस 0.07 और एचडीएफसी बैंक के शेयर 0.02 प्रतिशत के नुकसान में रहे।

## गेम स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म लोको ने अपने 36 प्रतिशत कर्मचारियों की छँटनी की

**नई दिल्ली,** 30 नवंबर (एजेंसियां)। गेम स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म लोको ने अपने कर्मचारियों की कुल संख्या 110 में से लगभग 36 फीसदी यानी 40 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। मनीकंट्रोल की रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी ने कहा कि उसने कम लागत संरचना पर ध्यान केंद्रित करने के लिए यह निर्णय लिया है। लोको के संस्थापक अनिरुद्ध पंडिता के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है, हमने हाल ही में लोको वीआईपी कार्यक्रम लॉन्च किया है, जो एक लेनदेन-आधारित कार्यक्रम है जिसने अच्छा प्रदर्शन किया है। और जब हम अपनी रणनीति की समीक्षा कर रहे थे, तो हमने लेनदेन पर ध्यान केंद्रित करने का फैसला किया और सोचा कि यह एक ऐसी संरचना है जो टिकाऊ है। हम मुद्रीकरण जैसे मुख्य उद्देश्य पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं । इससे लोगों की नौकरियां चली गईं। यह प्रदर्शन-आधारित नहीं है। उन्होंने कहा, हम हमें छोड़ने वाले लोगों की गहराई से परवाह करते हैं और उन्हें वित्तीय सहायता, चल रहे स्वास्थ्य बीमा और विस्थापन सेवाएं प्रदान करेंगे। पुनर्गठन से हमारी टीम के लगभग 40 लोग प्रभावित होंगे और लोको की यात्रा में उनके योगदान के लिए हम उनके आभारी रहेंगे। विपणन और प्रौद्योगिकी जैसे अन्य विभागों के लोग, जो सहभागिता-आधारित पहलों का समर्थन कर रहे थे, सबसे अधिक प्रभावित हुए। रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि छंटनी ने वित्त और अन्य टीमों जैसे अन्य विभागों को भी प्रभावित किया है। संस्थापक ने कहा कि कंपनी ने नौकरी से निकाले गए सभी कर्मचारियों को 60 दिन के लिए विच्छेद वेतन प्रदान किया है। उन्होंने आगे कहा कि संगठन द्वारा आगे किसी छंटनी की योजना नहीं बनाई गई है। गेम स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म ने पिछले साल हैशेड के नेतृत्व में मेकर्स फंड, कैटामारन वेंचर्स और कोरिया इन्वेस्टमेंट पार्टनर्स की भागीदारी के साथ 330 करोड़ रुपये (4.2 करोड़ डॉलर) का निवेश हासिल किया था।

## जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 30 नवंबर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में तेजी आने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में दिसंबर का पाम ऑयल वायदा 15 रिंगिट बढ़कर 3749 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह दिसंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.06 सेंट की बढ़त के साथ 52.70 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पड़े रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर



रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**दाल-दलहन :** चना 6150-6250, दाल चना 7150-7250, मसूर काली 7600-7700, मूंग दाल 9450-9550, उड़द दाल 10400-10500, अरहर दाल 10500-10600 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

**अनाज :** (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2800-2900 रुपये और चावल 2800-2900 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

## हजीरा से दिल्ली-एनसीआर को जोड़ने वाली पहली डेडिकेटेड रेल फ्रेट सर्विस 'सरल' शुरू

**नई दिल्ली,** 30 नवंबर (एजेंसियां)। स्मार्ट एंड-टू-एंड सप्लाई चेन सॉल्यूशंस प्रदान करने वाली कंपनी डीपी वर्ल्ड ने अपनी तरह की पहली डेडिकेटेड रेल फ्रेट सर्विस सरल की शुरुआत की। इसका संचालन सूरत में हजीरा से दिल्ली एनसीआर के बीच किया जाएगा।

कंपनी ने आज यहां बताया कि सरल का अर्थ है सस्टेनेबल(टिकाऊ), एश्योर्ड(सुनिश्चित), रिलायबल(भरोसेमंद) एंड एजाइल लॉजिस्टिक्स (तेज-तर्रार लॉजिस्टिक्स)। अपने नाम की तरह ही यह सेवा दक्षिण गुजरात में स्थित कंपनियों को डोर-टू-डोर सस्टेनेबल कार्गो सॉल्यूशन प्रदान करेगी और उन्हें एनसीआर क्षेत्र के बाजारों से जोड़ेगी। इसी तरह यह सेवा एनसीआर क्षेत्र की कंपनियों को दक्षिण गुजरात के बाजारों से जोड़ेगी। सरल रेल फ्रेट सर्विस दक्षिण गुजरात के प्रमुख बाजारों जैसे सूरत, वापी वलसाड, वडोदरा, भरूच और अंकलेश्वर को एनसीआर एवं आसपास के प्रमुख बाजारों जैसे पश्चिमी उत्तर प्रदेश, पूर्वी राजस्थान, हरियाणा और दक्षिणी पंजाब से जोड़ने में अहम भूमिका निभाएगी।

इसकी लॉन्चिंग के मौके पर डीपी वर्ल्ड सबकॉन्टिनेंट के उपाध्यक्ष - रेल एंव इनलैंड टर्मिनल्स- अर्धेंद्रू जैन ने कहा, आर्थिक विकास को



गति देने और घरेलू व्यापार को सुगमता से आगे बढ़ने में सक्षम बनाने में मजबूत इन्फ्रास्ट्रक्चर और बेहतरीन लॉजिस्टिक्स की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है। वर्तमान समय में दक्षिण गुजरात की कंपनियां कार्गो की आवाजाही के लिए प्राथमिक तौर पर सड़क मार्ग का प्रयोग करती हैं। हमारी नई रेल फ्रेट सर्विस सरल के माध्यम से उन्हें गुजरात एवं एनसीआर के बीच बेहतरीन कनेक्टिविटी के साथ अपने कार्गो को सही तरीके से लाने-ले जाने का माध्यम मिलेगा। इसके साथ-साथ हमारी ट्रैक एंड ट्रेस टेक्नोलॉजी की मदद से उनके लिए अपने ग्राहकों तक कार्गो की पहुंच को ट्रैक करना भी संभव होगा। हम अपने ग्राहकों को लगातार ऐसे इनोवेटिव सॉल्यूशन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो टिकाऊ हो और साथ ही सप्लाई चेन के अनुकूल भी हो। कंटेनर ट्रेलर ट्रक के माध्यम से लास्ट एंड फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी प्रदान करने वाले डीपी वर्ल्ड के मल्टीमोडल नेटवर्क के साथ मिलकर सरल सर्विस सुनिश्चित करेगी कि किसी कारखाने से कार्गो लोड किए जाने के बाद 72 घंटे के भीतर उसे तय ड्रॉप लोकेशन तक पहुंचा दिया जाए। ट्रक और रेल के इस मल्टीमोडल नेटवर्क की मदद से कार्बन डाई ऑक्साइड का उत्सर्जन कम करने में मदद मिलेगी। डीपी वर्ल्ड इस प्रक्रिया में कार्गो के मालिकों को एक सस्टेनेबिलिटी सर्टिफिकेट भी प्रदान करेगी, जिससे यह पता चलेगा कि सरल सर्विस का प्रयोग करने से प्रत्येक यूजर द्वारा कार्बन डाई ऑक्साइड के उत्सर्जन में कितनी कमी आई है।सरल रेल सर्विस के शुरू होने से रिटेल ट्रेडर्स के साथ-साथ दक्षिण गुजरात और एनसीआर क्षेत्र में संचालन करने वाले स्टील, केमिकल, मेटल, पेपर, इंडस्ट्रियल प्रोडक्ट्स, मार्बल/स्टोन और टेक्सटाइल से जुड़े उद्यमों को बहुत लाभ मिलने की उम्मीद है।

कस्टमर सपोर्ट और डिजिटल इनवॉइस जैसी सुविधाओं के साथ-साथ कार्गो के मालिकों को अपने कार्गो की मूवमेंट के लिए किफायती और पर्यावरण के अधिक अनुकूल समाधान मिल सकेगा।

# कलेक्टर ने ली राजनीतिक दलों व प्रत्याशियों की बैठक



## मतगणना प्रक्रिया एवं आयोग की दिशा-निर्देशों से अवगत कराया

**बिलासपुर**, 30 नवम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के पदाधिकारियों एवं प्रत्याशियों की मंथन सभाकक्ष में बैठक लेकर विधानसभा चुनाव की मतगणना प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से अवगत कराया। स्ट्रांग रूम खोलने से लेकर चुनाव परिणाम की घोषणा तक चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों की उन्हें जानकारी दी। उन्होंने पारदर्शिता एवं निष्पक्षता को ध्यान में रखते हुए मतगणना के दिन 3 तारीख को सवेरे पोस्टल बैलट का कोषालय से मतगणना स्थल तक परिवहन, स्ट्रांग रूम खोलने एवं मतगणना शुरू होने के दौरान प्रत्याशियों/अभिकर्ताओं को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने का आग्रह किया। पुलिस अधीक्षक श्री संतोष सिंह एवं निगम आयुक्त कुणाल दुदावत भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री शरण ने बताया कि मतगणना कोनी स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज में 3 दिसम्बर को सवेरे 8 बजे से शुरू होगी। पोस्टल बैलट की गणना पहले शुरू होगी। इसके बाद साढ़े 8 बजे से इव्हीएम मशीनों की गणना की जायेगी। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए अलग-अलग कक्षों में मतगणना के लिए 14-14 टेबल लगाये गये हैं। बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र की गणना सबसे कम 17 चरणों में पूरी होगी जबकि सबसे ज्यादा 24 चरणों में मस्तुरी विधानसभा क्षेत्र की गणना होगी। कोटा की गणना 20 चरणों में, तखतपुर की 21 चरण, बिल्हा की 23 चरण और बेलतरा की 18 चरणों में पूरी होगी। मशीनों से गणना पूर्ण होने के बाद टेबल नम्बर 7 में व्हीव्हीपेट पर्ची की गणना की जायेगी। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र लॉटरी पद्धति से चयनित 5 व्हीव्हीपेट की पर्चियों की गिनती की जायेगी। सीसीटीव्ही कैमरा से पल-पल के घटनाक्रम की रिकार्डिंग की जायेगी।कलेक्टर ने बैठक में अभ्यर्थियों एवं अभिकर्ताओं के लिए की गयी व्यवस्था एवं नियम-कायदों की भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विधानसभा वार अलग-अलग रंगों के पहचान पत्र जारी किये गये है। उन्हें हर समय पास को धारण करना होगा। अन्यथा प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

कॉलेज भवन के पीछे बने गेट से उन्हें मतगणना कक्ष में दाखिल करना होगा। उन्हें अपने लिए निर्धारित टेबल पर बैठकर मशीन का अवलोकन करना होगा। मतगणना कर्मी एवं एजेन्टस के बीच लोहे की पारदर्शी मजबूत दीवार रहेगी। मतगणना कक्ष में किसी भी प्रकार का मोबाईल फोन, सेल फोन, कैमरा, केल्कुलेटर, इलेक्ट्रानिक उपकरण, डिजिटल स्मार्ट घड़िया, खाद्य पदार्थ, तम्बाकू, सिगरेट, पान गुटखा आदि पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। अभिकर्ता अपने साथ मतपत्र लेखा की डुप्लिकेट कॉपी, पेन, पेन्सिल, सादा कागज अथवा नोटपेड ले जा सकते हैं। मतगणना कक्ष के भीतर किसी के लिए भी भोजन, नाश्ता, पानी प्रतिबंधित रहेगा। बाहर में इसके लिए अलग से व्यवस्था की गई है। मतगणना कक्ष में मान्यताप्राप्त राजनीतिक दलों के अभ्यर्थियों के अभिकर्ताओं को प्रथम पंक्ति में बैठेंगे। मतगणना स्थल पर तीन लेयर की सुरक्षा व्यवस्था की गई है। प्रत्येक लेबल पर सघन चेकिंग के बाद आगे जाने की अनुमति होगी। स्थल के 100 मीटर दायरे में कोई वाहन नहीं होंगे। इस क्षेत्र को केवल पैदल चलने वालों के लिए आरक्षित कर दिया गया है। पार्किंग की समुचित व्यवस्था भी की गई है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शिवकुमार बनर्जी ने प्रस्तुतिकरण के जरिए संपूर्ण व्यवस्था को चरणबद्ध तरीसे से समझाया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अजय अग्रवाल, एडिशनल एसपी अर्चना झा, रिटर्निंग अफसर सहित मान्यताप्राप्त राजनीतिक दलों के पदाधिकारी एवं प्रत्याशी उपस्थित थे।

# नशा को खत्म करने के लिए कभी हार नहीं मानना चाहिए-एसपी

## बर्जेस इंगलिश सीनियर सेकेंडरी स्कूल में निजात अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम




**बिलासपुर**,30 नवंबर (देशबन्धु)।आज पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के मुख्य आतिथ्य में बर्जेस मेमोरियल स्कूल ग्राउंड में निजात अभियान के अंतर्गत महत्पूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया।बच्चों को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक महोदय आईपीएस संतोष कुमार सिंह के द्वारा नशे से होने वाले दुष्परिणाम एवं निजात अभियान के उद्देश्य से अवगत कराया।

साथ ही बच्चों को उन्हीं की भाषा में कहानी के माध्यम से बताया गया कि संसार में बहुत सारे जानवर शक्ति शाली है किन्तु शेर ही जंगल का राजा होता है क्योंकि उसके पास आत्मबल होता है जो निरंतर हार नहीं मानने को प्रोत्साहित करता है नशा को खत्म करने के लिए, कभी हार नहीं मानना चाहिए आत्मबल होना चाहिए। पुलिस अधीक्षक ने बच्चों को बताया गया कि उन्हें अपना लक्ष्य निर्धारण विद्यार्थी जीवन में ही कर लेना चाहिए।अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्रीमती अर्चना झा के द्वारा साइबर सुरक्षा की जानकारी दी गई।

सीएसपी सिविल लाईनस आईपीएस संदीप कुमार पटेल के द्वारा बच्चो के कैरियर पर गाइड लाइन दिया गया।कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर राजेंद्र जायसवाल, थाना प्रभारी सिविल लाइन प्रदीप आर्य, थाना प्रभारी तारबहार विजय चौधरी, थाना प्रभारी तोरवा श्रीमती कमला पोसाम भी उपस्थित रहे।प्रतिभावान छात्रों को पुलिस अधीक्षक द्वारा मेडल एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया द्य निजात कार्यक्रम के तहत शहर के विभिन्न स्कूलों में चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया था इसके विजेताओं को भी इस मंच के माध्यम से पुरस्कृत किया गया। भूतपूर्व अथवा सेवानिवृत्त शिक्षकों को भी मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

बर्जेस हिंदी मीडियम के बच्चो द्वारा नशा मुक्ति पर नुक्कड़ प्रस्तुत किया गया। पूरे कार्यक्रम में लगभग 2000 छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक गण उपस्थित रहे।

# सार-संक्षेप

## मंडल रेल परिवार के 17 सदस्य हुये सेवानिवृत्त




**बिलासपुर** , 30 नवम्बर (देशबन्धु)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के विभिन्न विभागों में कार्यरत् 17 रेल परिवार के सदस्य माह नवम्बर 2023 में अपनी गौरवशाली रेल सेवा पूर्ण करने के पश्चात् सेवानिवृत्त हुए। मंडल कार्मिक सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में समस्त सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई । इस अवसर पर सहायक कार्मिक अधिकारी आर शंकरन द्वारा सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को बंदोबस्त भुगतान से संबंधित समस्त दस्तावेज़, सेवा प्रशस्ति प्रमाण-पत्र एवं सेवा मैडल आदि प्रदान किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त कर्मियों के परिजन, कल्याण निरीक्षक तथा कार्मिक निपटारा शाखा के कर्मचारीगण उपस्थित थे। मंडल के सेवानिवृत्त होने वाले 17 रेल परिवार के सदस्यों में परिचालन विभाग से 02, इंजीनियरिंग विभाग से 04, यांत्रिक विभाग से 02, संकेत एवं दूरसंचार विभाग से 01, विद्युत विभाग से 04, मेडिकल विभाग से 02 तथा सुरक्षा विभाग से 02 कर्मचारी शामिल है ।

## श्रीसूर्या पुष्पा फाउंडेशन ने रेलवे स्टेशन में बांटे कपड़े



**बिलासपुर**,30 नवम्बर (देशबन्धु)। श्रीसूर्या पुष्पा फाउंडेशन आज बिलासपुर रेलवे स्टेशन के साई मंदिर के सामने याचकों को कपड़ा वितरण किया। जिसमें संस्था के सभी सदस्यों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया फाउंडेशन के डायरेक्टर गौरव शुक्ला ने बताया की विगत 2 सालों से लगातार समाज सेवा के क्षेत्र में काम कर रहे हैं और पूरी टीम के साथ लगातार काम आगे बढ़ रहा है और उन्होंने अपने 2 साल के कार्यों के बारे में विस्तार से बताया की संस्था के द्वारा रक्तदान शिविर हेल्थ शिविर निशुल्क शिक्षा वृद्ध आश्रम में सेवा दिव्यांग बच्चों को शिक्षा वस्त्र दान जनसंख्या नियंत्रण के लिए जागरूक करना निजात अभियान बिलासपुर पुलिस के साथ मिलकर नशे के खिलाफ अभियान चलाना महिला सशक्तिकरण में पूरे छत्तीसगढ़ में महिला कमांडो की स्थापना करने जा रहे है। ताकि सभी एकजूट होकर समाज की बुराई को मिटा पाए और एक अनोखी पहल बच्चों को मोबाइल से दूर करने का अभियान लगातार स्कूल में चला रहे हैं और इसके साथ उन्होंने 2000 पेड़ों का लक्ष्य भी पूरा कर लिया है। 26 नवंबर को गौरव शुक्ला का जन्मदिन रहता है इसलिए वह वस्त्र दान को उसी दिन चुना उनका मानना ही सभी को अपने जन्मदिन पर यैसा कुछ करना चाहिए इससे अच्छा आपका जन्मदिन नही हो सकता आप अच्छा करे आपके साथ अच्छा हो होता रहेगा जो दिया वही वापस आएगा इसके साथ ही बिलासपुर के साथ ही रायगढ़ में जांजगीर चांपा में अभी काम चल रहा है और आगे पूरी टीम के साथ छत्तीसगढ़ में विस्तार करने जा रहे हैं जब आए थे तो अकेले थे अपने अच्छे स्वभाव और सरल स्वभाव की वजह से लोग उनसे जुड़ने जा रहे हैं बड़ी तेजी से निस्वार्थ भाव से लोग काम कर रहे हैं संस्था का उद्देश्य वृद्ध आश्रम का निर्माण करना है इसके लिए भी प्रयास जारी है और आगे भविष्य में फाउंडेशन का अपना वृद्धआश्रम होगा और 31 दिसंबर को 2 साल की अवधि पूर्ण होने जा रही है। आज के कार्यक्रम को सफल बनाने में गौरव शुक्ला आमना राजगीर जयासाहू टिकेश्वर शाव राधव साहू प्रियंका बघेल आरती तिवारी मौजूद थे।

## सेजेस स्कूलों की समीक्षा

# गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करने के दिए निर्देश




**बिलासपुर**, 30 नवम्बर (देशबन्धु)।जिले में संचालित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम के 34 विद्यालयों के प्राचार्यों की एक दिवसीय समीक्षा बैठक आज जिला शिक्षा कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में संभागीय संयुक्त संचालक शिक्षा आर.पी. आदित्य, जिला शिक्षा अधिकारी टी.आर. साहू, सेजेस नोडल डॉ. अनिल तिवारी ने स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय के सफल संचालन एवं गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान करने हेतु उपस्थित प्राचार्यों को विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए शासन के मंशानुरूप अपेक्षित शैक्षिक उपलब्धि अर्जित करने हेतु विशेष रूप से प्रेरित किया। विद्यालय प्रबंधन हेतु प्राचार्यों को अनेक सुझाव देते हुए उनके समुचित कार्य दायित्व निर्वहन करने के निर्देश दिए गए। विद्यालयीन शैक्षणिक कलैण्डर के अनरूप कक्षा अध्यापन कराने तथा विषय शिक्षकों के अभाव में वैकल्पिक शिक्षक की व्यवस्था विद्यालय स्तर पर करते हुये पाठयक्रम पूर्ण करने कहा गया।

बैठक में शिक्षकों की दैनंदनी का नियमित रूप से प्राचार्यों को निरीक्षण करने एवं उसमें रिमार्क अंकित करने हेतु कहा गया। जिस शिक्षक की दैनंदनी उत्कृष्ट हो उसे प्राचार्य के द्वारा विद्यालय में सप्ताहांत में विद्यालयीन डिस्प्ले बोर्ड में प्रदर्शित करने निर्देश दिए गए। जिससे कि अन्य शिक्षकों को अच्छे कार्य करने के लिये प्रोत्साहन मिल सके। सभी शिक्षकों को कक्षा के अनुसार कार्य दायित्व देते हुए परिसर की स्वच्छता एवं विद्यार्थियों से संवाद स्थापित करते हुए विद्यालय में उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण का निर्माण करने हेतु विशेष प्रयास करने पर जोर दिया गया। हायर सेकेण्डरी विद्यालयों में अध्ययनरत विज्ञान विषय को प्रायोगिक कार्य शैक्षणिक कलेंडर के अनुरूप सुनिश्चित किये जाने हेतु विशेष रूप से प्राचार्यों को आगाह किया गया। शासन द्वारा प्रदत्त एल्मेनेक (शैक्षणिक डायरी) के अनुरूप संचालित किये जाने वाले उत्कृष्ट सेजेस विद्यालय का रैंकिंग किये जाने हेतु सेजेस नोडल अधिकारी डॉ. अनिल तिवारी को विशेष रूप से निर्देशित किया गया। विद्यालय में कक्षा अध्यापन के अतिरिक्त अन्य पाठय सहगामी गतिविधियों का संचालन सतत रूप से करने के लिये प्राचार्यों का ध्यान आकृष्ट जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा किया गया। इन गतिविधियों से संबंधित जानकारी पालकों तक पहुंचाने हेतु विशेष रूप से जोर दिया गया। पुस्ताकालय के रख-रखाव एवं इसके समुचित उपयोग सुनिश्चित करने हेतु विद्यालय के समस्त शिक्षकों को दायित्व दिये जाने की बात की गई। शैक्षणिक कलेंडर के अनुरूप सतत् रूप से कक्षा अध्यापन एवं मूल्यांकन की यथोचित व्यवस्था करने तथा निरंतर शैक्षणिक सुधार हेतु विद्यालय के समस्त शिक्षकों को सम्मिलित रूप से प्रयास करने हेतु विशेष रूप से प्रोत्साहित किया गया। जिले में स्वीकृत 03 नवीन सेजेस विद्यालय क्रमशः तिफरा, जयरामनगर एवं बेलतरा में प्रवेश प्रक्रिया अविलंब पूर्ण करते हुए विद्यालय में नियमित कक्षा अध्यापन हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में जिले के समस्त स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य एवं लिपिक के साथ समग्र शिक्षा कार्यालय के ए.पी.सी. रामेश्वर जायसवाल एवं डॉ. मुकेश पाण्डेय विशेष रूप से उपस्थित रहें।

# कोटा पुलिस ने 3 साल से लापता गुम युवती को किया बरामद



बिलासपुर , 30 नवम्बर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के द्वारा बिलासपुर जिले में गुमशुदा व्यक्तियों को त्वरित पतासाजी कर उसके परिजनों को सुपुर्द करने निर्देशित किया गया है। जिसके परिप्रेक्ष्य में अतिरिक्त अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्रीमती अर्चना झा एवं अनुविभागीय पुलिस अधिकारी सिद्धार्थ बघेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोटा टी.एस. नवरंग के नेतृत्व में लगातार गुम बच्चों,महिला/पुरुषों की पतासाजी की जा रही है। कि प्रार्थी थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसकी लड़की उम्र 22 साल साकिन लखोदना दिनांक 20.02.2020 के 12.00 बजे दिन में घर से बिना बताए कहीं चली गई थी कि आस-पास, रिश्तेदारों से पतासाजी करने पर कोई पता नहीं चलने पर प्रार्थी के रिपोर्ट पर दिनांक 23.02.2020 को गुम इंसान क्रमांक 11/20 कायम कर पतासाजी में लिया गया। पता तलाश दौरान तीन साल बाद आज पता चला कि उक्त गुमशुदा महिला अपने पति मानसिंह के साथ ग्राम तेंदुआ में है। सूचना पर तत्काल तस्दीक कर थाना लाकर गुमशुदा महिला से पूछताछ करने पर बतायी कि उक्त दिनांक घटना को मैं अपने प्रेमी मानसिंह के साथ भागकर रायपुर आर्य समाज में शादी कर ली थी। उसके बाद से अपने पति मानसिंह के साथ ही दुर्ग एवं अन्य जगहों में रहती थी। कुछ दिन पहले ही अपने पति मानसिंह के साथ गांव तेंदुआ में रहना बतायी। जिसे समक्ष गवाहन के बरामद कर पति मानसिंह को सुपुर्द किया गया।

# बिलासपुर के स्ट्रांग रूम की सुरक्षा थ्री लेयर में

## अफसर,कर्मचारियों के आने-जाने की रजिस्टर में एंट्री

### उम्मीदवारों ने भी लगाई कार्यकर्ताओं की ड्यूटी

### बीएसएफ की निगरानी में स्ट्रॉन्ग रूम में रखी गई हैं सीलबंद ईवीएम



**बिलासपुर**, 30 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के मतदान के बाद नतीजों का इंतजार है। बिलासपुर में 3 दिसंबर को होने वाली मतगणना के लिए सील बंद ईवीएम पेटियों को कड़ी सुरक्षा के बीच स्ट्रॉन्ग रूम में रखा गया है। यहां निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं।

स्ट्रॉन्ग रूम में आने-जाने वाले कर्मचारी से लेकर अधिकारियों की भी निगरानी बीएसएफ के जवान कर रहे हैं, रजिस्टर में बाकायदा एंट्री की जा रही है। उम्मीदवारों ने भी स्ट्रॉन्ग रूम में अपने कार्यकर्ताओं की ड्यूटी लगाई है।

परिसर में एंट्री करने से पहले ही वहां मौजूद जवानों द्वारा रोक दिया जाता है। गेट में एंट्री बंद है। यहां किसी को आने की इजाजत नहीं है।

थ्री लेयर में स्ट्रॉन्ग रूम की सुरक्षा है। मतगणना स्थल पर तीन स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लगाई गई है। इनर लेयर (भीतरी) में जहां ईवीएम सील बंद है और मध्य लेयर, मतगणना बिल्डिंग में बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स बीएसएफ की एक कंपनी लगी है, जिसके इंचार्ज असिस्टेंट कमांडेंट प्रद्युत मल्लिक हैं। सभी 6 स्ट्रॉन्ग रूम को डबल लॉक कर सील किया गया है। उसे सीसीटीवी और सुरक्षा मोर्चा से कवर किया गया है।

बाहरी लेयर में छत्तीसगढ़ आर्ल्ड फोर्स बीएसएफ के जवान तैनात हैं। साथ ही पूरे आउटर क्षेत्र की पेट्रोलिंग की जिम्मेदारी थाना प्रभारी कोनी पौरुष पुरें और स्टाफ को दिया गया है। पुलिस की तरफ से डीएसपी लाइन मंजुलता केरकेट्टा प्रभारी और आरआई भूपेंद्र गुप्ता की सुरक्षा की जिम्मेदारी है।

### कर्मचारी से लेकर अफसरों तक को एंट्री नहीं

स्ट्रॉन्ग रूम में देर रात टेंट का काम करने वाले कर्मचारी अंदर जुटे हुए है। वहीं, बाहर गेट पर सशस्त्र जवान पहरेदारी कर रहे है। एक रजिस्टर रखा है, जिसमें स्ट्रॉन्ग रूम में घुसने वाले कर्मचारियों का नाम दर्ज किया जा रहा है। अधिकारियों को भी अंदर जाने पर रजिस्टर में एंट्री करना जरूरी है। उन्हें ये भी बताना पड़ रहा है, कि वो किस काम से अंदर जा रहे हैं। स्ट्रॉन्ग रूम में अधिकारी-कर्मचारियों को मोबाइल लेकर जाने की मनाही है।

### उम्मीदवारों ने भी लगाई है कार्यकर्ताओं की ड्यूटी

चुनाव आयोग की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बाद भी उम्मीदवारों को भरोसा नहीं है। यही वजह है कि उन्होंने अपने कार्यकर्ताओं की ड्यूटी लगाई है। जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण ने उनके लिए अलग से कमरे का इंतजाम किया है, जहां सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिसके जरिए कार्यकर्ता स्ट्रॉन्ग रूम की निगरानी कर रहे हैं।

कांग्रेस के साथ ही भाजपा, बसपा सहित दूसरे राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता स्ट्रॉन्ग रूम की लगातार निगरानी कर रहे हैं और रतजगा कर अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं।

### ईवीएम से वोटों के बाद वीवीपैट पर्ची की भी गिनती

चुनाव आयोग की नई व्यवस्था और निर्देश के अनुसार ईवीएम से वोटों की गिनती करने के बाद जिले के सभी छह विधानसभा क्षेत्रों में 5-5 वीवीपैट मशीनों का चयन किया जाएगा। वीवीपैट मशीनों में जमा पर्ची की भी गिनती की जाएगी। इसका मकसद मतगणना में पारदर्शिता और ईवीएम में डाले गए वोटों का मिलान करना होगा।

इसके बाद ही मतगणना सुपरवाइजर की ओर से उम्मीदवारों को मिले वोटों का आंकड़ा जिला निर्वाचन अधिकारी और विधानसभावार नियुक्त प्रेक्षकों को जाएगा। ईवीएम में दर्ज वोटों की गिनती और वीवीपैट में जमा पर्ची की गिनती के बाद संबंधित ईवीएम के वोटों का मिलान किया जाएगा। दोनों में समानता होने की स्थिति में आगे की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

ईवीएम के बाद विधानसभावार रैंडमली उम्मीदवारों के मतगणना एजेंटों की मौजूदगी में किसी भी ईवीएम से 5 वीवीपैट मशीनों का चयन किया जाएगा। एक-एक वीवीपैट की पर्ची की गिनती की जाएगी। ये सब मतगणना एजेंटों के सामने ही होगा।

### पोस्टल बैलेट और ईटीबीपीएस की गिनती पहले होगी

पोस्टल बैलेट और ईटीबीपीएस की गिनती पहले की जाएगी। डाक मत पत्रों की गणना 17 टेबलों में की जाएगी। कर्मचारियों को मतगणना के हर फेज की जानकारी चुनाव आयोग की ओर से तय अलग-अलग फॉर्म में देनी होगी। विधानसभावार 14 टेबलों में मतगणना होगी। हर टेबल पर चार कर्मचारी मतगणना सुपरवाइजर, गणना सहायक, माइक्रो ऑब्जर्वर समेत एक भृत्य की ड्यूटी लगाई गई है।

**NECC**

| 01.12.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 535 | 83 | 145 |
| चिल्हर | 6.50 | 98 | 175 |

डिलीवरी 550 सैकड़ा
दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रू.
CSPFA

प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 डाक पंजीयन 112-002/2002 सी जी फोन- 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188